जबलपुर
शनिवार 11 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष -09
वर्ष : 20, अंक : 340
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 34
न्यून. 21

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 11 अप्रैल 2026

### रक्षा मंत्री राजनाथ और सीएम डॉ. यादव करेंगे उद्घाटन

## रायसेन में आज से तीन दिन तक होगा उन्नत कृषि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के समीप के जिले रायसेन में तीन दिनी राष्ट्रीय स्तर का उन्नत कृषि महोत्सव, सम्मेलन, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 से 13 अप्रैल तक पहली बार आयोजित होने जा रहा है। इस मेले का उद्घाटन केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे। यह मेला दशहरा मैदान में आयोजित होगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से महोत्सव में आने वाले लोगों के लिए सभी तरह के इंतजाम कराने को कहा है। कृषि महोत्सव में एक ही जगह पर खेती की नई तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार का समाधान होगा। इसमें बीज से लेकर बाजार तक, प्रयोगशाला से खेत तक की दी जानकारी दी जाएगी। किसान मेले में ड्रोन, आधुनिक मशीनें, एफपीओ आदि की जानकारी भी एक ही मंच पर किसानों को मिलेगी। केंद्रीय मंत्री चौहान ने बताया कि हमारे पास हज़ारों कृषि वैज्ञानिक हैं, जिन्होंने रिसर्च के दम पर उत्पादन बढ़ाया है।



- ▶▶ रिसर्च को लैब से लैंड तक ले जाने की कोशिश
- ▶▶ समापन सत्र में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

### उज्जैन के बड़नगर के बोरवेल में राजस्थान से भेड़ चराने आया परिवार अपना बेटा खो बैठा

# 22 घंटे पहले 75 फीट गहरे बोरवेल में गिरे 3 साल का भागीरथ जब तक हाथों में आया....तब तक उसकी 'सांस रुक' चुकी थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन


भागीरथ

जिले के बड़नगर में बोरवेल में गिरे 3 साल के भागीरथ को तमाम कोशिशों के बाद नहीं बचाया जा सका। करीब 22 घंटे के रेस्क्यू के बाद भागीरथ देवासी को निकाल तो लिया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। भागीरथ की सांसें थम चुकी थीं, गांव में मातम छा गया। बड़नगर के गांव झालरिया में गुरुवार 9 अप्रैल की देर शाम करीब साढ़े सात बजे भागीरथ 75 फीट गहरे बोलवेल में गिर गया था।

- ▶▶ बताया जाता है कि भागीरथ के परिवार में शादी थी, वह नए कपड़े पहने हुए था
- ▶▶ एसपी ने कहा-जिस-जिसकी लापरवाही सामने आएगी, जांच के बाद सख्त कार्रवाई की जाएगी


विलाप करते परिजन

### कई जिलों की टीमें रेस्क्यू में लगी थीं

भागीरथ को बोरवेल से निकालने के लिए भोपाल से पहुंची एनडीआरएफ की टीम, हरदा, इंदौर और उज्जैन की एसडीआरएफ के साथ ज्वॉइंट रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी थीं। बोरवेल में कैमरा डालकर बच्चे की स्थिति पर नजर रखी गई। उसे ऑक्सीजन सपोर्ट भी दिया गया। मौके पर 2 एंबुलेंस भी तैनात थीं। रेस्क्यू के दौरान शुक्रवार दोपहर में बच्चे का एक वीडियो भी सामने आया था। इसमें बच्चा धुंधला सा दिख रहा था।

### रोप रिंग से निकालने का प्रयास भी नाकाम रहा था

रेस्क्यू टीमों ने पहले बच्चे तक पाइप से ऑक्सीजन पहुंचाने का प्रयास किया। उसके बाद प्रशासन ने पोकलेन मशीनों से समानांतर गड्ढा खोदने का प्रयास किया था। लेकिन 20 से 25 फीट की गहराई में चट्टाने आ जाने से यह काम रोकना पड़ा। दूसरे प्रयास में बच्चे के हाथ में रोप रिंग पहनाकर बाहर निकालने के प्रयास किए गए, लेकिन यह प्रयास भी असफल साबित हुए।







### सेरेना होटल में बैठक होगी या टलेगी? इस्लामाबाद में कर्फ्यू जैसा माहौल

### अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस पहुंचे, ईरान की तरफ से कोई संकेत नहीं, ऐनवक्त पर कोई डेवलपमेंट संभव

# 'शांति' पर 'संशय'

## इस्लामाबाद बैठक में केवल एक पक्ष के रहने से नतीजे की उम्मीद धुंधली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रही जंग पूरी तरह थम जाए इसके लिए पूरी दुनिया प्रयास कर रही है। लेकिन तीनों ही देशों की अपनी अकड़ और गुरूर के चलते फिलहाल शांत की संभावना पर संशय के बादल घिरते नजर आ रहे हैं। शनिवार को इस्लामाबाद के होटल सेरेना में होने वाली बैठक, होगी नहीं होगी? ये सवाल नहीं है। बड़ा सवाल है कि शांति होगी या नहीं? इस पर पूरी दुनिया चिंतित है।

ईरान लेबनान में जारी इजराइली हमलों से नाराज है और इसी वजह से उसने बातचीत को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अभी तक उसकी ओर से बैठक में शामिल होने को लेकर साफ संकेत नहीं मिले हैं। इससे पहले खबर आई थी कि ईरानी प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच चुका है, लेकिन ईरानी मीडिया ने इन दावों को खारिज कर दिया।

*वेंस ने कहा कि ईरान ने खेल करने की कोशिश की तो नरमी नहीं दिखाएंगे। अगर ईमानदारी से बातचीत करता है तो अमेरिका भी खुले मन से आगे बढ़ने को तैयार*

**लेबनान पर हमले नहीं थमने के कारण ईरान नाराज**


एआई इमेज

- **कतर, तुर्की, फ्रांस और जर्मनी दिखा रहे बैठक में रुचि**
- **ईरान को राजी करने में बैक डोर से लगा हुआ है चीन**

### इस्लामाबाद में 10 हजार सैनिक तैनात

उधर, पाकिस्तान सरकार ने वार्ता की गंभीरता को देखते हुए इस्लामाबाद को एक अभेद्य किले में तब्दील कर दिया है। शहर के रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया है और सेना व पुलिस की भारी तैनाती की गई है। सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए राजधानी में 11 अप्रैल तक स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जमीन और आसमान से सुरक्षा का पहरा देने वाले करीब 10 हजार सुरक्षा कर्मी रात दिन पहरेदारी कर रहे हैं।


जेडी वेंस

### लेबनान पर हमले रुकवाना चाहता है ईरान

- ▶▶ हिजबुल्लाह लेबनान में ईरान समर्थित और हथियारों से लैस सबसे शक्तिशाली मिलिशिया है
- ▶▶ अगर लेबनान में इजराइल के हमले जारी रहे और हिजबुल्लाह कमजोर होता है, तो ईरान का क्षेत्रीय नेटवर्क टूट सकता है
- ▶▶ ईरान ने सीजफायर के लिए 10 शर्तें रखी थीं, जिनमें क्षेत्रीय युद्ध खत्म करना शामिल है, यानी ईरान, लेबनान, यमन पर हमले रोकना

### ये हैं बातचीत के प्रमुख मुद्दे?

**1 ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम**

अमेरिका का कहना है कि ईरान में यूरेनियम संवर्धन नहीं होगा। ईरान को अपना सारा हाई-लीवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर करना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी।

**2 स्टेट ऑफ होर्मुज**

दुनिया का बहुत सारा तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। ईरान अभी भी इसका नियंत्रण रखना चाहता है और टोल (फीस) लेने की बात कर रहा है।


तलाश करती रेस्क्यू टीम

### मथुरा में बड़ा हादसा: पैंटून पुल से टकराकर यमुना नदी में पलटी नाव

## लुधियाना से आए 30 लोग डूबे 10 शव बरामद, 5 लोग लापता

- **एसडीएम ऋतु सिरोही ने हादसे की वजह ओवरलोड बताया**
- **हादसे पर पीएम नरेंद्र मोदी व सीएम आदित्यनाथ योगी ने दुख जताया**

एजेंसी ▶▶ मथुरा

यहां शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया। लुधियाना से वृंदावन घूमने आए 30 श्रद्धालुओं से भरी नाव यमुना नदी में पलट गई। जिससे सभी श्रद्धालु नदी में डूब गए। श्रद्धालुओं की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े। पुलिस और गोताखोर भी मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में राहत बचाव कार्य शुरू कराया गया। अभी तक 10 लोगों के शवों को बरामद किया गया। जबकि 15 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। पांच लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश के लिए रात बचाव कार्य जारी रहा।

**मृतकों की सूची**

मरने वालों में छह महिला और चार पुरुष शामिल हैं। इनमें आशा रानी पत्नी अर्जुन मिड्ढा मिवासी भिवाड़ी हरियाणा, पिंकी पत्नी चरणजीत, कविता पत्नी विजय कुमार, मीनू, अंजू पत्नी राकेश गुलाटी, चरणजीत, रिकेश गुलाटी, मधुर बहल, इसान कटारिया, सपना निवासी जगराव पंजाब शामिल हैं।

### इधर, ओंकारेश्वर में परिक्रमा के दौरान पलटी नाव

## लाइफ जैकेट ने बचाई जान... सभी 10 यात्री सुरक्षित, 2 की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

- **पत्थर से टकराकर असंतुलित हुई नाव**
- **नाविकों की तत्परता से बची 10 जिंदगियां**

तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में शुक्रवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब बैकवाटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं से भरी एक नाव पलट गई। नाव में सवार सभी 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, हालांकि दो श्रद्धालुओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें सनावद अस्पताल भेजा गया है। 225 नंबर की लकड़ी की नाव नवीन घाट से आगे ओंकार मठ और नागर घाट के बीच हादसे का शिकार हो गई। नाव में सवार सभी श्रद्धालु झारखंड के रांची निवासी बताए जा रहे हैं, जो ओंकारेश्वर में परिक्रमा के लिए निकले थे।


घाट पर नाविक

## खबर संक्षेप

### महिला उपयंत्री 15 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार



**इंदौर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त अभियान के तहत लोकायुक्त इंदौर की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जनपद पंचायत डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में पदस्थ उपयंत्री सावित्री मुवेल को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

### ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड जवान को ट्रक ने कुचला



**ग्वालियर।** यहां आरटीओ चेकिंग के दौरान उड़नदस्ता टीम में शामिल एक होमगार्ड जवान को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में जवान की मौके पर ही मौत हो गई। देवेंद्र मिश्रा आरटीओ की उड़नदस्ता टीम के साथ चेकिंग ड्यूटी में तैनात थे।

### आंबेडकर प्रतिमा से छेड़छाड़ के बाद भड़का जनाक्रोश



**सतना।** उचेहरा कस्बे के पास भराहटा गांव के नजदीक डॉ. आंबेडकर की मूर्ति से अज्ञात लोगों ने छेड़छाड़ कर दी। मूर्ति के चेहरे पर काला पेंट पोतने के साथ इसको क्षतिग्रस्त भी किया गया। इसके बाद से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया और धरने पर बैठ गए।

### नोट मिलने के बाद से थे विवादों में

## हाईकोर्ट जस्टिस यशवंत वर्मा ने दिया इस्तीफा


■ राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंपा

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। इससे पहले उनका दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट तबादला (ट्रांसफर) कर दिया गया था। ये तबादला उनके आवास पर कथित तौर पर जले हुए नोट मिलने के विवाद के बाद हुआ था। जस्टिस वर्मा ने 5 अप्रैल, 2025 को ही इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के तौर पर शपथ ली थी। उन्होंने अपने इस्तीफे की वजह का खुलासा नहीं किया।

### डॉ. मनोज वर्मा से हुई लूट

## आंखों में मिर्ची झोंक ले गए 11 तोला सोना


■ साइकिल से गिरे तो कूल्हे में आया फ्रैक्चर

**भोपाल।** किलोल पार्क के पास श्यामला हिल्स में शुक्रवार सुबह बदमाश ने टीबी ट्रेनिंग सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर मनोज वर्मा की साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बदमाश के दो साथियों ने आंखों में मिर्च झोंककर 11 तोला गोल्ड का कड़ा, पर्स और घड़ी छीन ली। इस घटना में डॉक्टर साइकिल से गिरकर घायल हो गए। सड़क पर चलती साइकिल से गिरने के कारण उनके कूल्हे की हड्डी टूटी है।

### सीडीआर रैकेट का बड़ा खुलासा

## इंदौर क्राइम ब्रांच के दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार


■ रकम लेकर कॉल डिटेल बेचते थे

**इंदौर।** शहर में कथित सीडीआर रैकेट का बड़ा खुलासा हुआ है। आतंकवाद विरोधी दस्ता (एटीएस) ने इस मामले में क्राइम ब्रांच के दो पुलिसकर्मियों को पकड़ा है, जिनसे पूछताछ शुरू की है। दोनों पर आम लोगों की कॉल डिटेल (सीडीआर) मोटी रकम लेकर बेचने का गंभीर आरोप है। सूत्रों के मुताबिक, सिपाही रवींद्र और एएसआई राम को एटीएस मुख्यालय में पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है।

### शादी के जश्न में दर्दनाक हादसा

## बारातियों को पिकअप ने रौंदा, एक की मौत


■ दूल्हे समेत 25 घायल, 4 की हालत गंभीर

**खरगोन।** जिले के महेश्वर थाना क्षेत्र में एक बारात के दौरान नाच रहे बारातियों को पिकअप वाहन ने रौंद दिया। घटना गुर्जर मोहना गांव की है। हादसे में दूल्हे सहित करीब 25 लोग घायल हुए हैं। हादसे में एक बाराती की मौत हो गई। जबकि दूल्हे की बहन सहित 4 लोगों की हालत गंभीर है और उन्हें खरगोन जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूल्हे सहित अन्य घायल बारातियों को महेश्वर और मंडलेश्वर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### भाजपा का मास्टर स्ट्रोक...संकल्प पत्र जारी

## 45 दिन में 7वां वेतन आयोग 6 महीने में यूसीसी लागू होगा

**सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33% कोटा, बहनों और बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3 हजार**

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से ठीक 13 दिन पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी वादों का पिटारा खोल दिया है। शुक्रवार को कोलकाता में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी किया, जिसे 'भरोसा पत्र' (संकल्प पत्र) नाम दिया गया है। इस घोषणापत्र के जरिए भाजपा ने महिलाओं, युवाओं और कर्मचारियों को साधने के लिए बड़े वित्तीय वादों की झड़ी लगा दी है।


अमित शाह

### रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी का 31वां जन्मदिन: जामनगर में भव्य जश्न

*जामनगर में स्थापित होने वाली यह यूनिवर्सिटी आधुनिक 'गुरुकुल' की अवधारणा पर आधारित होगी*

## एक लाख गायों व हाथियों को छप्पन भोग खिलाए रखी अनोखी वाइल्डलाइफ यूनिवर्सिटी की 'नींव'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अनंत अंबानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जामनगर में सितारों और उद्योग जगत की हस्तियों का जमावड़ा लगा हुआ है. अनंत ने जामनगर के 'वनतारा' प्रोजेक्ट के पास गो-सेवा कर अपना दिन शुरू किया, जहां एक लाख से ज्यादा गायों को पारंपरिक 'छप्पन भोग' खिलाया गया।

भारत में वन्यजीव संरक्षण और पशु चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए वनतारा ने जामनगर (गुजरात) में वनतारा यूनिवर्सिटी की स्थापना की घोषणा की है। यह दुनिया का पहला ऐसा वैश्विक विश्वविद्यालय होगा, जो पूरी तरह से वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन और वेटरनरी साइंसेज को समर्पित होगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की परिकल्पना अनंत अंबानी ने की है। इस विश्वविद्यालय का शैक्षणिक मॉडल आधुनिक विज्ञान और भारत की पारंपरिक ज्ञान परंपराओं का संगम होगा। इसे एक 'मॉडर्न डे गुरुकुल' के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि संवेदनशीलता और जिम्मेदारी विकसित करना भी होगा। इसके लिए स्कॉलरशिप्स और फेलोशिप प्रोग्राम्स की भी घोषणा की गई है।

**इस मौके पर एक बड़ी किताब के आकार का केक काटा गया, जो वन्यजीव संरक्षण और ज्ञान को समर्पित था**


पिता मुकेश अंबानी के साथ अनंत


हाथियों को छप्पन भोग

### गुरुवायुर मंदिर गए, दिए करोड़ों रुपए दान

अनंत अंबानी ने पवित्र गुरुवायुर मंदिर का दौरा कर भगवान गुरुवायुरप्पन के दर्शन किए और भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर को 6 करोड़ का दान दिया। राजराजेश्वरम मंदिर के ऐतिहासिक पूर्व गोपुरम के पुनर्स्थापन के लिए भी अलग से 12 करोड़ देने का संकल्प लिया।

भाजपा ने पश्चिम बंगाल के लिए संकल्प पत्र जारी किया गृहमंत्री शाह ने हर वर्ग की सुविधाओं का ऐलान किया

# महिलाओं को हर माह 3 हजार रुपए और फ्री बस टिकट के साथ नौकरियों में 33 फीसदी आरक्षण देंगे और बेरोजगार युवकों को भी दिया जाएगा भत्ता

शाह ने कहा कि अगर भाजपा सरकार बनती है तो वे राज्य के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत तीन हजार रकी अतिरिक्त सहायता करेगी। इससे पहले शाह ने कहा कि यह घोषणापत्र बंगाल के हर वर्ग को निराशा से बाहर निकालने का एक मार्ग है



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। घोषणापत्र में यहां की महिलाओं और बेरोजगारों को हर महीने 3,000 की आर्थिक मदद का वादा किया है। इसके अलावा महिलाओं को नौकरियों में 33 फीसदी आरक्षण और सरकारी बसों में फ्री बस टिकट देने की बात कही। शाह ने कहा कि अगर राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनती है तो वे 6 महीने के अंदर राज्य में यूसीसी लागू करेंगे। उन्होंने राज्य में 45 दिन में सातवां वेतन आयोग लागू करने की बात कही। अगर भाजपा सरकार बनती है तो वे राज्य के किसानों को पीएम किसान योजना के तहत 3,000 की अतिरिक्त सहायता करेगी। यह घोषणापत्र हर वर्ग को निराशा से बाहर निकालने का मार्ग है। यह बंगाल की जनता के सामने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का खाका भी प्रस्तुत करेगा।

### भाजपा के घोषणापत्र की बड़ी बातें

- सरकार बनने के 6 महीने के अंदर बंगाल में यूसीसी लागू करने का वादा।
- राज्य की महिलाओं और बेरोजगार युवाओं को हर महीने 3000 रु. देने का एलान।
- मवेशी तस्करी पर सख्त रोक लगाने का वादा।
- बंगाल की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए 'वंदे मातरम म्यूजियम' बनाने की घोषणा।
- राज्य सरकार की सभी नौकरियों में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का वादा।

## प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का खाका बताया



घोषणा पत्र जारी करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

**यह 'भरोसे का पत्र', 'सोनार बांग्ला' का रोडमैप**

शाह ने पार्टी का घोषणापत्र जारी करते हुए इसे 'भरोसे का पत्र' बताया। पार्टी ने इसे 'सोनार बांग्ला' का रोडमैप बताते हुए विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा पर फोकस किया है। साथ ही, उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भाजपा बंगाल के ही बेटा को मुख्यमंत्री बनाएगी।

### हर वर्ग के विकास का लक्ष्य

शाह ने कहा कि यह संकल्प पत्र राज्य के हर वर्ग की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। मौजूदा निराशा के माहौल से बाहर निकलने का रास्ता है। इसमें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए विशेष योजनाएं शामिल हैं। किसानों को इससे नई दिशा मिलेगी।

### युवाओ को 3,000

राज्य के विकास को गति देने के लिए व्यापक योजनाओं का खाका पेश किया गया है। कोलकाता मेट्रो का पूरी तरह विद्युतीकरण करने का लक्ष्य रखा गया है। एक साल के भीतर 61 प्रोजेक्ट्स के लिए भूमि उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। सरकारी जमीनों से अवैध कब्जों को 200 दिनों के भीतर हटाने का लक्ष्य है।

### कर्मियों के लिए डीए सुनिश्चित 'लक्ष्मी भंडार' लागू होगी

शाह ने कहा कि सभी सरकारी कर्मचारियों और वेतनभोगियों के लिए डीए सुनिश्चित किया जाएगा और 45 दिन के भीतर ही सातवें वेतन आयोग और आयुष्मान भारत समेत भारत सरकार की सभी योजनाओं को लागू करेंगे। हमारी सरकार 'लक्ष्मी भंडार' योजना के लाभार्थियों को हर महीने 1 से 5 तारीख तक खाते में 3 हजार रुपए ट्रांसफर करेगी।

### 'लखपति दीदी' योजना पर जोर

महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए राज्य में पुलिस बल सहित सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का वादा किया है। 75 लाख महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य है। हर मंडल में महिला थाने और महिला डेस्क स्थापित करने की योजना है। गर्भवती महिलाओं को 21 हजार की आर्थिक सहायता और 6 पोषण किट देंगे। पीएम किसान सम्मान निधि में हम राज्य की तरफ से अतिरिक्त 3,000 रुपए जोड़ेंगे।

### बाबरी बनाने वालों के साथ भाजपा कभी नहीं करेगी गठबंधन

हुमायूं कबीर से जुड़े सवाल पर शाह ने कहा कि बीजेपी पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाने वाले किसी व्यक्ति के साथ गठबंधन करने के बजाय 20 साल विपक्ष में बैठना पसंद करेगी। शाह ने कहा कि ममता जी 2,000 वीडियो बना सकती हैं। कबीर और भाजपा साउथ पोल और नॉर्थ पोल की तरह हैं। हम कभी एक नहीं हो सकते। उनके साथ भाजपा कभी गठबंधन नहीं कर सकती।

गंभीर आरोपों पर हुमायूं की सफाई

## 19 दिसंबर का वीडियो है, पार्टी बनाने से पहले यह रिकॉर्ड किया गया था

इस्लामपुर। बंगाल चुनाव के बीच जनता उन्नयन पार्टी के फाउंडर हुमायूं



कबीर का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह पैसे मिलने की बात कह रहे हैं। टीएमसी की तरफ से शेयर किए गए इस वीडियो ने उनकी छवि को भारी नुकसान पहुंचाया है। इस बीच उन्होंने अपनी सफाई में कहा है कि वीडियो उनके पार्टी बनाने से पहले का है। इसके साथ ही उन्होंने ममता बनर्जी और टीएमसी नेता फिरहाद हकीम पर पलटवार किया है। इस्लामपुर में हुमायूं कबीर ने कहा, "19 दिसंबर का एक वीडियो 8 अप्रैल को वायरल किया जा रहा है। सीएम ममता इतने दिनों से क्या कर रही थीं? मैं उन्हें हाई कोर्ट में जवाब दूंगा।

चुनावी रैली में बरसीं सीएम

### सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं

**उत्तर 24 परगना।** सीएम ममता बेनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला किया। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में रैली में कहा कि भाजपा ने उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को असम लाया गया। देश की



कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है। भाजपा पर कड़ा प्रहार करते हुए उन्होंने कहा, 'एक सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं।'

विजय के रोड शो में हादसा

### सेल्फी के चक्कर में फिसला बाइक सवार

**शिवगंगा।** तमिलनाडु में टीवीके के प्रमुख और अभिनेता विजय के रोड शो में एक घटना हो गई। शिवगंगा में विजय के रोड शो के दौरान बाइक पर सवार एक युवक दुर्घटना का शिकार हो गया। मोटरसाइकिलों पर सवार युवकों का एक समूह विजय के चुनावी वाहन के ठीक पीछे चल रहा था। इस बीच सेल्फी लेने की कोशिश में, एक बाइक सवार ने नियंत्रण खो दिया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## खबर संक्षेप

### कबीर की पार्टी से ओवैसी ने तोड़ लिया गठबंधन

**हैदराबाद।** बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुमायूं कबीर



को बड़ा झटका लगा है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने हुमायूं की पार्टी से गठबंधन तोड़ लिया है। टीएमसी ने वीडियो में कथित तौर पर हुमायूं कबीर 1000 करोड़ की डील की बात कर रहे हैं। हुमायूं कबीर की पार्टी का नाम 'आम जनता उन्नयन पार्टी' है।

### होम्योपैथी..'दीर्घकालिक स्वास्थ्य' पर जोर

**नई दिल्ली।** आयुष मंत्रालय ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में



"दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी" विषय पर राष्ट्रीय समारोह के साथ विश्व होम्योपैथी दिवस 2026 मनाया। यह आयोजन डॉ. सैमुअल हैनिमैन की जयंती के अवसर पर किया गया, जिसमें देशभर से नीति निर्माता, शोधकर्ता, चिकित्सक और छात्र शामिल हुए।

### पति की हत्या कर खुद दी जान, मासूम की भी मौत

**अयोध्या।** जिले के थाना रौनाही क्षेत्र के करेरू गांव में पति-पत्नी के



विवाद ने एक खौफनाक रूप ले लिया जिसके परिणामस्वरूप तीन जानें चली गईं। पत्नी ने पहले पति की हथौड़े से हत्या की, फिर खुद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। कमरे में बंद 22 दिन के दुधमुंहे बच्चे की भी भूख-प्यास से मौत हो गई। शव और शिशु को बंद कर दिया था।

### बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना।** पटना से एक बेहद चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है।



शुक्रवार को बिहार विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। यह धमकी एक अज्ञात ईमेलके जरिए विधानसभा के आधिकारिक मेल आईडी पर भेजी गई थी। सूचना जल्द ही अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों को दी गई।

बिहार में नए मुख्यमंत्री को लेकर गहमा- गहमी नहीं हो सकी खत्म

# भाजपा कोर ग्रुप की बैठक टली, सरकार के गठन पर चर्चा की, नाम पर नहीं लगी मुहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार भाजपा कोर ग्रुप की प्रस्तावित बैठक, जो शुक्रवार शाम 6 बजे होनी थी, अब आयोजित नहीं हो सकी। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ वापस पटना चले हैं, जबकि दूसरे डिप्टी सीएम विजय सिन्हा भी पटना लौट गए। वहीं, भाजपा के बिहार प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने दोनों डिप्टी सीएम से अलग-अलग मुलाकात की। बताया जा रहा है कि इन बैठकों में बिहार में भाजपा की अगली सरकार के गठन को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में एनडीए के शीर्ष नेता बिहार के अगले मुख्यमंत्री के नाम और मंत्रिस्तरीय विभागों के वितरण को अंतिम रूप देने वाले थे। इन फैसलों को संभवतः प्रधानमंत्री मोदी, अमित शाह और नीतीश कुमार की उपस्थिति में लिया जाएगा, जो बैठक के महत्व को रेखांकित करता है जहां बिहार में नेतृत्व और सत्ता-साझाकरण व्यवस्थाओं पर चर्चा होगी।

**प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े से मिले, बिहार के नेतागण दिल्ली से पटना लौटे**



नई दिल्ली में बैठक के पहले शाह, सम्राट और तावड़े

### नीतीश जल्द देंगे इस्तीफा

बिहार में चल रहे राजनीतिक परिवर्तन के बीच ये उच्च स्तरीय विचार-विमर्श हो रहे हैं, जहां नीतीश कुमार ने राज्यसभा में प्रवेश करने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का संकेत दे दिया है। इन घटनाक्रमों से संकेत मिलता है कि एनडीए राज्य में सुचारू नेतृत्व और नई सरकार के गठन को सुनिश्चित करने के लिए तेजी से कदम उठा रहा है।

### पर्यवेक्षक भेजने की भी चर्चा

भाजपा की इस बैठक में नए सीएम के नाम सहमति बनाने की कोशिश होनी थी, जिसके बाद संसदीय बोर्ड बैठक में मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगाई जाती। भाजपा के सीएम के नाम की घोषणा दिल्ली में नहीं हुई तो फिर पटना में भाजपा विधायक दल के नेता के चुनाव के बाद पर्यवेक्षक ऐलान करेंगे।

पीएम मोदी ने नीतीश को दी बधाई

### फिर संसद में देखना बहुत सुखद होगा साथ ही, हरिवंश की भी सराहना की

प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम नीतीश कुमार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि नीतीश ने



बिहार के विकास में अमिट योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि संसद में एक बार फिर नीतीश को देखना अत्यंत सुखद अनुभव होगा। मुझे पूरा विश्वास है कि नीतीश के लंबे राजनीतिक अनुभव से संसद की गरिमा और बढ़ेगी। एक्स पर लिखा, नीतीश जी देश के सबसे अनुभवी नेताओं में से एक हैं। सुशासन को लेकर उनकी प्रतिबद्धता की हर तरफ सराहना हुई है। उन्हें ढेरों शुभकामनाएं। वहीं, हरिवंश नारायण सिंह को भी राज्यसभा का सदस्य बनने पर बधाई दी। पीएम ने एक्स पर लिखा, हरिवंशने पत्रकारिता,सार्वजनिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया है। वे एक सम्मानित बुद्धिजीवी और विचारक हैं। सदन की कार्यवाही को समृद्ध किया है।

## नीतीश ने ली राज्यसभा सांसद पद की शपथ

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्यसभा सांसद पद की शपथ ले ली है। राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के अलावा बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी भी इस दौरान संसद भवन में मौजूद रहे।



**नीतीश बोले- पहले तो हम यहीं न थे**

जब नीतीश निकले, तो चिर-परिचित अंदाज में मुस्कुराते हुए सिर्फ एक वाक्य कहा कि पहले तो हम यहीं न थे। कोई नई बात नही है।

पूर्व उपसभापति तीसरी बार जाएंगे राज्यसभा

## हरिवंश को राष्ट्रपति ने किया नामित



राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को फिर से राज्यसभा के लिए नामित किया गया है। हरिवंश अभी तक जेडीयू कोटे से राज्यसभा सांसद थे। जेडीयू ने लगातार उन्हें 2 बार राज्यसभा भेजा था। इसलिए इस बार उन्हें राष्ट्रपति ने मनोनीत किया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हरिवंश को राज्यसभा के लिए नामित किया है। वे इससे पहले दो बार राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं।

मतदाता सूची फ्रीज करने का मामला

## 9 को सूची जारी की, सीजेआई की पीठ 13 को करेगी सुनवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची को फ्रीज करने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। आयोग के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट 13 अप्रैल को सुनवाई करेगा। कोर्ट ने इस मामले पर नई याचिका के साथ लंबित याचिकाओं पर भी विचार करने पर सहमति जताई। आयोग ने पहले चरण के सीटों के लिए 9 अप्रैल को मतदाता सूची को अंतिम रूप देते हुए फ्रीज कर दिया था। मतदाता सूची फ्रीज करने का मतलब है कि इस विधानसभा चुनावों के लिए सूची में किसी भी नए व्यक्ति को जोड़ा नहीं जा सकेगा, जिसका नाम हटा दिया गया है। यहां एक चरण में 29 अप्रैल को चुनाव होना है।

**जाति जनगणना रोकने की मांग वाली अर्जी**

### ऐसी अभद्र भाषा कहां से लाते हैं? फटकार लगाई

सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी।सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा कि आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं?

**पत्नी का भरण-पोषण करना पति की जिम्मेदारी**

### रोजाना 325 रुपए कमाई, पति को दिया 10 हजार गुजारा भत्ता देने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई करते उस शख्स को अपनी पत्नी को प्रति माह 10 हजार रुपए गुजारा भत्ता देने का निर्देश दिया, जिसने क्लेम किया था कि उसकी रोजाना की कमाई महज 325 रुपएही है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने इस मामले में हाईकोर्ट के पहले दिए गए ऑर्डर में दखल देने से इनकार किया और पत्नी की तरफ से भत्ता बढ़ाने की अर्जी का निपटारा कर दिया।

खेड़ा को 7 दिन की मिली राहत

## हाईकोर्ट ने दी अग्रिम जमानत संबंधित कोर्ट में जाने को कहा

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना हाईकोर्ट ने कांग्रेस के प्रवक्ता पवन खेड़ा को असम में दर्ज एक मामले में



एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। यह राहत शुक्रवार को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान दी। कोर्ट की जज न्यायमूर्ति सुजाना कलासिकम ने कहा कि पवन खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया जाता है ताकि वह संबंधित कोर्ट में जाकर नियमित जमानत के लिए आवेदन कर सकें। इस दौरान उन्हें कुछ शर्तों के साथ गिरफ्तारी से राहत मिलेगी।

### असम पुलिस ने दर्ज किया मामला

यह मामला असम पुलिस द्वारा दर्ज किया गया है। खेड़ा पर आरोप है उन्होंने सीएम हिमंत सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा को लेकर गंभीर आरोप लगाए थे। पवन खेड़ा ने 5 अप्रैल को दावा किया था कि मुख्यमंत्री की पत्नी के पास कई पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसकी सही जानकारी चुनावी हलफनामे में नहीं दी गई।

उपराष्ट्रपति ने किया संविधान का सिंधी संस्करण लॉन्च

# भाषाई विविधता पर दिया जोर, एकता का सूत्र बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति भवन में देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में सिंधी भाषा में संविधान का नवीनतम संस्करण जारी किया। यह सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर किया गया। उपराष्ट्रपति ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सिंधी दुनिया की प्राचीन भाषाओं में से एक है। इसकी साहित्यिक परंपरा वेदांतिक दर्शन और सूफी विचारों के अनूठे संगम को दर्शाती है, जो प्रेम, एकता और भाईचारे के मूल्यों को बढ़ावा देती है। कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, सांसद शंकर लालवानी और विधायी विभाग के सचिव डॉ. राजीवमणि भी थे।

## सिंधी भाषा दिवस पर समुदाय को शुभकामनाएं दी



**भाषाई समावेशिता की दिशा में बड़ा कदम**

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद पहली बार विशेष रूप से देवनागरी लिपि में सिंधी भाषा में संविधान का प्रकाशन भाषाई समावेशिता को मजबूत करने की दिशा में अहम है। उन्होंने संविधान को राष्ट्र की जीवंत आत्मा बताया। उन्होंने विधि एवं न्याय मंत्रालय और क्षेत्रीय भाषा अधिकारियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास जताया।

**केंद्र सरकार के प्रयासों को सराहा**

उन्होंने केंद्र द्वारा संविधान को विभिन्न भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की। इससे नागरिकों और शासन के बीच की दूरी कम होती है। मातृभाषा में संविधान उपलब्ध होने से नागरिकों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है।

### सिंधी भाषा का ऐतिहासिक महत्व

सिंधी समुदाय की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विभाजन के कठिन दौर में यह भाषा एकता और दृढ़ता का प्रतीक बनी रही। उन्होंने बताया कि 1967 में 21वें संवैधानिक संशोधन के जरिए सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया था।उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत की ताकत उसकी विविधता में निहित है और भाषाएं संस्कृति, परंपरा और पहचान की महत्वपूर्ण वाहक हैं।

पूर्व अमेरिकी एनएसए का बड़ा दावा

# यूएस के युद्धपोत पर चीनी मिसाइलों से किया था हमला, पाक के रास्ते पहुंची थीं ईरान, इजराइली राजदूत बोले- भरोसे के लायक नहीं पाकिस्तान

माइक फ्लिन ने कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि चीन ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को मिसाइलें पहुंचाई हैं, तो यह अमेरिका के खिलाफ एक सोची-समझी सैन्य साजिश है। अमेरिका को चीन और पाकिस्तान को तुरंत नोटिस पर रखना चाहिए

*'मोसाद कमेंट्री' की एक रिपोर्ट का दिया हवाला*

*ये सीधे तौर पर यूएस के खिलाफ 'युद्ध की कार्रवाई'*

*ये यूएस के खिलाफ सोची-समझी साजिश*


यूएसएस अब्राहम लिंकन युद्धपोत फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/ यरूशलम

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच पूर्व अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जनरल माइक फ्लिन ने सनसनीखेज दावा किया है। माइक फ्लिन ने कहा है कि ईरान ने अमेरिकी विमानवाहक पोत पर हमला करने के लिए जिन मिसाइलों का इस्तेमाल किया, वे चीन की थीं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इसे पाकिस्तान के रास्ते ईरान भेजा गया था। फ्लिन ने इसे सीधे तौर पर 'युद्ध की कार्रवाई' यानी, एक्ट ऑफ वार करार दिया है।

### यह खुला युद्ध है

माइक फ्लिन ने सोशल मीडिया पर 'मोसाद कमेंट्री' की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन और पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अगर यह साबित हो जाता है कि चीन ने पाकिस्तान के जरिए ईरान को मिसाइलें पहुंचाई हैं, तो यह अमेरिका के खिलाफ एक सोची-समझी सैन्य साजिश है। फ्लिन ने कहा कि अमेरिका को चीन और पाकिस्तान को तुरंत नोटिस पर रखना चाहिए। उन्होंने यहां तक सुझाव दे डाला कि जवाबी कार्रवाई के रूप में अमेरिका में पढ़ रहे लगभग 5 लाख चीनी छात्रों को तुरंत वापस उनके देश भेज देना चाहिए।

## अमेरिका अपने कारणों से पाक की मदद कर रहा: इजराइली राजदूत



भारत में इजराइली राजदूत रूवेन अजार ने युद्धविराम में पाकिस्तान की भूमिका को लेकर कहा कि इजराइल पाकिस्तान विश्वसनीय खिलाड़ी नहीं मानता। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने कारणों से पाकिस्तान की मदद ले रहा है। अजार ने कहा कि हमने अतीत में देखा है कि कैसे अमेरिका ने कतर और तुर्की जैसे समस्याग्रस्त देशों को साथ लेकर, हमास के साथ समझौता करने के अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए उनका इस्तेमाल किया है।

### ईरान के परमाणु कार्यक्रम को बड़ा नुकसान

भारत के उस रुख की सराहना की, जिसमें होर्मुज जलसंधि को बिना किसी रुकावट के खुला रखने की बात कही गई है। अजार ने कहा कि इजराइल को अपने उत्तरी सीमा की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। लेबनान के दक्षिणी हिस्से, खासकर लिटानी नदी के पास, हिजबुल्ला की मौजूदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और उसे पूरी तरह निशस्त्र करना होगा। अजार ने कहा कि इजराइल ने ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को बड़ा नुकसान पहुंचाया है। ईरान की मिसाइल क्षमता को काफी कम कर दिया।

पाक के रक्षा मंत्री पर भड़के नेतन्याहू

## इजराइल के विनाश की बात करना अस्वीकार्य



इजराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ द्वारा इजराइल के विनाश की बात करना बेहद आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि यह ऐसा बयान है जिसे किसी भी सरकार की ओर से बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, खासकर तब जब वह खुद को शांति का पक्षधर बताती है।

## आतंकियों के खिलाफ खुद की रक्षा करता रहेगा इजराइल: गिदोन सार

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने ख्वाजा आसिफ के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए साफ कहा कि इजराइल अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। इजराइल को कैंसर बताना न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि यह देश के अस्तित्व को मिटाने की खुली बात है। उन्होंने इसे यहूदी विरोधी मानसिकता का उदाहरण बताते हुए कहा कि इजराइल उन आतंकियों के खिलाफ खुद की रक्षा करेगा जो उसके विनाश की बात करते हैं।

### पाक रक्षा मंत्री ने डिलीट किए इजराइल के खिलाफ पोस्ट



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने इजराइल पर तीखी टिप्पणी को अपने सोशल मीडिया पोस्ट हटा लिया है। आसिफ ने पहले इजराइल की आलोचना करते हुए उसे मानवता के लिए अभिशाप बताया था और कथित तौर पर 'नरक में जलना' जैसी कड़ी भाषा का इस्तेमाल किया था। आसिफ ने लेबनान में हो रही हिंसा को नरसंहार करार दिया और कहा कि निर्दोष लोगों की जान जा रही है। मामले के तूल पकड़ने के बाद उन्होंने एक्स से अपना पोस्ट डिलीट कर दिया।

## इजराइल ने लेबनान के कई शहरों में फिर बरसाए

इजराइल ने एक बार फिर दक्षिणी लेबनान में हवाई हमले किए हैं, जिससे इलाके में तनाव और बढ़ गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो अलग-अलग जगहों को निशाना बनाया गया। पहला हवाई हमला बजौरियेह नाम के कस्बे पर किया गया, जबकि दूसरा हमला हन्नाउइयाह के आसपास के इलाकों में हुआ। इन हमलों के बाद क्षेत्र में डर और अनिश्चितता का माहौल बन गया है। फिलहाल नुकसान और हताहतों की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है।

### सराफंद शहर में किया हवाई हमला

इजराइल ने सराफंद शहर को सुबह से अब तक दो बार हवाई हमलों से निशाना बनाया है। इसके अलावा, अल-बयासिरिया के बाहरी इलाके स्थित खिरबत अल-दुवैर क्षेत्र में भी इजरायली सेना द्वारा हमला किया गया है। लगातार हो रहे इन हमलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और हालात और अधिक तनावपूर्ण हो गए हैं। दक्षिण लेबनान के हनीन शहर में इजराइली सेना ने कई घरों को विस्फोट कर उड़ा दिया है। स्थानीय स्तर पर भारी नुकसान की खबरें सामने आ रही हैं। इसी बीच, दक्षिण लेबनान से इजराइल के उत्तरी क्षेत्र गैलिली की ओर रॉकेट हमले भी किए जाने की जानकारी मिली है, जिससे सीमा पर संघर्ष और तेज हो गया है।

## यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक ने प्रभावित देशों की मदद के लिए 5.9 अरब डॉलर की राहत का किया ऐलान

यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से प्रभावित देशों की मदद के लिए बड़ा आर्थिक पैकेज देने की घोषणा की है। बैंक ने कुल 5 अरब यूरो (लगभग 5.9 अरब डॉलर) की सहायता देने का फैसला किया है। यह सहायता उन देशों के लिए होगी जिनकी अर्थव्यवस्था संघर्ष के कारण प्रभावित हुई है। इसमें इराक, जॉर्डन, लेबनान, फलस्तीन के कब्जे वाला वेस्ट बैंक और गाजा शामिल हैं। इसके अलावा मिस्र, तुर्किए, आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे पड़ोसी देश भी इस मदद का हिस्सा होंगे।

कतर पहुंचे हरदीप सिंह पुरी

## ऊर्जा आपूर्ति और सहयोग पर अहम चर्चा



पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को दोहा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कतर के ऊर्जा मामलों के राज्य मंत्री और कतरएनर्जी के प्रमुख साद शरीदा अल-काबी से मुलाकात की। बैठक में भारत-कतर के बीच ऊर्जा सहयोग और मौजूदा क्षेत्रीय हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। पुरी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी को पीएम नरेंद्र मोदी का संदेश और शुभकामनाएं दीं। दोनों पक्षों ने हालिया तनाव के बीच शांति और स्थिरता की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही व्यापार, निवेश और ऊर्जा साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति बनी। कतर ने भारत को भरोसेमंद ऊर्जा आपूर्तिकर्ता बने रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हाल ही में क्षेत्रीय संघर्ष के कारण एलएनजी उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार पर असर पड़ा है। ऐसे में यह दौरा भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## इजराइली हमलों पर भारत ने जताई चिंता



लेबनान पर इजराइल के ताबड़तोड़ हमलों में बड़ी संख्या में लोगों के मारे जाने पर भारत ने गहरी चिंता जताई है और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के पालन तथा देशों की संप्रभुता के सम्मान पर जोर दिया है। भारत ने लेबनान के हालात पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इन हमलों में आम नागरिकों के बड़ी संख्या में मारे जाने की घटना बहुत परेशान करने वाली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि भारत ने हमेशा आम नागरिकों की सुरक्षा को सबसे पहली प्राथमिकता बताया है। अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना, और देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना जरूरी है।₹ सरकार ने यह भी भरोसा दिलाया कि इस इलाके में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा पक्की करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। लेबनान में हमारा दूतावास, भारतीय समुदाय की सुरक्षा और हिफाजत के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में है। लेबनान में यूएन की ओर से भारतीय सैनिक शांति और सुरक्षा में लगे हुए हैं।

## ईरान के पूर्व विदेश मंत्री खराजी की मौत



ईरान के पूर्व विदेश मंत्री कमाल खराजी का गुरुवार देर रात निधन हो गया। वह पिछले सप्ताह हुए अमेरिकी हवाई हमले में घायल हो गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेहरान में उनके घर पर हमला हुआ था। इस हमले के बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी मौत को एक 'हत्या की कोशिश' बताया गया है। खराजी ईरान की 'स्ट्रेटेजिक फॉरेन रिलेशंस काउंसिल' के अध्यक्ष हैं। यह संस्था सीधे देश के सर्वोच्च नेता को सलाह देती है।

## जापान आपातकालीन भंडार से तेल जारी करेगा



जापान की पीएम सनाए ताकाइची ने घोषणा की है कि मई की शुरुआत से देश अपने आपातकालीन भंडार से 20 दिनों के तेल की आपूर्ति जारी करेगा। जापान अपनी लगभग 95 प्रतिशत तेल आवश्यकताओं के लिए मध्य पूर्व पर निर्भर है। देश ने मार्च के मध्य से ही अपने भंडार से तेल निकालना शुरू कर दिया था। कुल मिलाकर, जापान लगभग 50 दिनों की खपत के बराबर तेल बाजार में उपलब्ध करा रहा है। 6 अप्रैल तक, जापान के पास अपने भंडार में लगभग 230 दिनों के उपयोग के लिए पर्याप्त तेल मौजूद था।

विशेष आर्थिक पैकेज और उच्च शिक्षा क्षेत्र में किए गए एमओयू

# विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से की मुलाकात

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने कहा है कि पिछले एक वर्ष में भारत और मॉरीशस के बीच साझेदारी में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। पोर्ट लुई में मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से भेंट के बाद विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा कि चर्चा में समुद्री सहयोग, विकास साझेदारी, स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता विकास और जन-संबंधों सहित कई क्षेत्र शामिल थे। उन्होंने मॉरीशस की विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप भारत का निरंतर समर्थन दोहराया। डॉ. जयशंकर गुरुवार को नौवें हिंद महासागर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मॉरीशस पहुंचे थे। अपने दौरे के दूसरे चरण में, विदेश मंत्री इस महीने की 11 से 12 तारीख को संयुक्त अरब अमीरात का दौरा करेंगे।

मॉरीशस के सिविल सेवकों को समर्पित पहला आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल लॉन्च



मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम से मुलाकात करते विदेश मंत्री जयशंकर

### विदेश नीति में मॉरीशस का विशेष स्थान

जयशंकर ने कहा कि भारत की तीन प्रमुख विदेश नीति प्राथमिकताओं – पड़ोसी प्रथम नीति, महासागर परिकल्पना और ग्लोबल साउथ के लिए प्रतिबद्धता – में मॉरीशस का एक विशेष स्थान है। भारत ने मॉरीशस में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार में सहयोग दिया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल समाधानों के क्षेत्र में भारत और मॉरीशस के बीच एक व्यापक और गतिशील साझेदारी है।

### 11 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

भारत और मॉरिशस के बीच विशेष आर्थिक पैकेज अनुबंध पर हस्ताक्षर हुआ जो मॉरीशस के बुनियादी ढांचे के विकास, स्वास्थ्य और सुरक्षा में मदद करेगा। साथ ही, मॉरीशस के उच्च शिक्षा आयोग और यूजीसी इंडिया के बीच सहयोग हेतु समझौता ज्ञापन के आदान-प्रदान किया गया है। मॉरीशस में सतत विकास, ऊर्जा, खेल और बुनियादी ढांचे के क्षेत्रों में भारत समर्थित 11 उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ। मॉरीशस के सिविल सेवकों को समर्पित पहला आईजीओटी कर्मयोगी पोर्टल लॉन्च किया गया है।

### जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री मोटेगी से की बात


फाइल फोटो

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने जापानी समकक्ष तोशिमित्सु मोटेगी से शुक्रवार को फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में तनाव और होर्मुज स्ट्रेट के खोलने को लेकर ताजा स्थिति पर चर्चा की। जापानी विदेश मंत्री ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान मारे गए भारतीयों के प्रति शोक जताया। वहीं जापानी विदेश मंत्री मोटेगी ने लिखा कि हमने मिडिल ईस्ट के मौजूदा हालात, होर्मुज स्ट्रेट में नेविगेशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने समेत हालात को स्थिर करने और ऊर्जा और संसाधनों की सप्लाई क्षमता की मजबूती बढ़ाने जैसे दूसरे मुद्दों पर बात की।

रूस में फंसे 26 भारतीयों का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

# केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस, एक हफ्ते के भीतर मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रूस में फंसे 26 भारतीय नागरिकों को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। आरोप है कि इन्हें नौकरी का झांसा देकर रूस ले जाया गया और वहां जबरन यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल कर दिया गया। अब कोर्ट ने केंद्र सरकार से इस मामले पर जवाब मांगा है। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट की पीठ, जिसकी अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत कर रहे थे, ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने सरकार से एक हफ्ते के भीतर जवाब देने को कहा है। परिवारों की ओर से पेश वकीलों ने कोर्ट को बताया कि फंसे हुए लोगों ने संदेश भेजकर कहा है कि वे रूस में हैं और अपनी मर्जी के खिलाफ युद्ध लड़ने को मजबूर हैं।

नौकरी का झांसा देकर जबरन भर्ती का आरोप

हर जगह मांगी मदद, ठोस जानकारी नहीं मिली



### पासपोर्ट छीने, आवाजाही पर लगाई रोक

याचिका में कहा गया है कि ये 26 भारतीय वैध वीजा पर रूस गए थे। कुछ पर्यटक के रूप में और कुछ छात्र बनकर वहां पहुंचे थे। लेकिन वहां पहुंचने के बाद उनके पासपोर्ट छीन लिए गए, उनकी आवाजाही पर रोक लगा दी गई और उन्हें रूसी सेना से जुड़े सैन्य इकाइयों में शामिल होने के लिए मजबूर किया गया। परिवारों का कहना है कि उनके साथ धोखा हुआ और उन्हें झूठे वादों के जरिए फंसाया गया।

### *अक्टूबर 2025 में मिले थे आखिरी संदेश*

*परिवारों के मुताबिक, सितंबर से अक्टूबर 2025 के बीच मिले आखिरी संदेशों से पता चला कि ये लोग युद्ध वाले इलाकों जैसे कुपियांस्क, सेलिदोवे, माकीवका और चेल्याबिंस्क के आसपास थे। इन संदेशों में उन्होंने डर जताया था और कहा था कि वे वहां से निकल नहीं पा रहे हैं। कई मामलों में इसके बाद से उनका संपर्क पूरी तरह टूट गया है। परिवारों को अब यह भी नहीं पता कि उनके अपने किस हालत में हैं और कहां हैं।*

### *नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे*

*याचिका में कहा गया है कि परिवारों ने विदेश मंत्रालय, मॉस्को स्थित भारतीय दूतावास, गृह मंत्रालय और राज्य सरकारों से कई बार मदद मांगी, लेकिन उन्हें स्पष्ट जानकारी या ठोस सहायता नहीं मिली। संविधान के अनुच्छेद 32 का हवाला देते हुए कहा गया है कि सरकार की जिम्मेदारी है कि वह विदेश में फंसे अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे, खासकर जब वे खुद अपनी रक्षा नहीं कर सकते। साथ ही याचिका में ऐसे फर्जी भर्ती नेटवर्क पर भी चिंता जताई गई है, जो लोगों को नौकरी का लालच देकर विदेश भेजते हैं और उन्हें खतरे में डाल देते हैं।*

### कांगड़ा में सड़का हादसा 3 की मौत, 27 घायल



**कांगड़ा**। हिमाचल प्रदेश के एनएच-503 पर ढलियारा स्थित 'खूनी मोड़' के पास राधा स्वामी सत्संग घर के नजदीक एक सड़क हादसे में 3 की मौत और 27 श्रद्धालु घायल हो गए। एक ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर करीब 90 फीट गहरी खाई में जा गिरी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पंजाब के कपूरथला से श्रद्धालुओं का एक समूह ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर देवी दर्शन के लिए हिमाचल आया हुआ था। श्रद्धालुओं ने पहले चिंतपूर्णी मंदिर में माथा टेका और इसके बाद ज्वालामुखी मंदिर के लिए रवाना हुए थे।




## खबर संक्षेप

### आरक्षक भर्ती परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित

**भोपाल।** मप्र पुलिस में आरक्षक पदों पर भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह भर्ती प्रक्रिया मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने संपन्न कराई है। इसके अंतर्गत 7500 पदों के लिए अगस्त 2025 में विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त भर्ती के लिए प्रदेशभर से 9 लाख से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए थे। लिखित परीक्षा के उपरांत शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए 57,990 अभ्यर्थियों को आमंत्रित किया गया। जिसमें 44,483 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। सभी चरणों के सफलतापूर्वक पूर्ण होने के पश्चात आज अंतिम परिणाम घोषित कर दिया गया है। घोषित परिणाम के अनुसार कुल 6,525 अभ्यर्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है।

### मप्र युवा कांग्रेस के 38 पदाधिकारियों के पद होल्ड

**भोपाल।** मप्र युवा कांग्रेस में काम में कोताही बरतने वाले नेताओं पर राष्ट्रीय नेतृत्व ने सख्त एक्शन लिया है। चुनाव संपन्न हुए अभी मात्र चार महीने ही बीते हैं, लेकिन एप के जरिए हुए परफॉर्मेंस रिव्यू में फेल पाए गए 38 पदाधिकारियों के पदों को तत्काल प्रभाव से 'होल्ड' कर दिया गया है। इनमें 8 प्रदेश महासचिव, 27 प्रदेश सचिव और 3 जिला अध्यक्ष शामिल हैं। आदेश मध्य प्रदेश के प्रभारी महासचिव शिवी सिंह चौहान और सह-प्रभारियों के हस्ताक्षर से जारी किया है।

### मध्य प्रदेश में 383 शराब ठेकों के लिए खुले टेंडर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में शेष 383 शराब ठेकों के लिए गुरुवार को दोपहर तीन बजे के बाद 16वें राउंड के टेंडर खोल दिया गया है। अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने के कारण आबकारी विभाग ने इस बार रिजर्व प्राइस में 35 प्रतिशत तक कटौती कर ठेकेदारों को आकर्षित करने की रणनीति बनाई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 19,952 करोड़ रुपए का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 3,170 दुकानों से करीब 16,800 करोड़ रुपए प्राप्त होना तय है। वहीं, बची हुई 383 दुकानों की आरपी करीब 2000 करोड़ है।

## 399 करोड़ खर्च कर होगा रीवा एयरपोर्ट का विस्तार

# एयरबस-320 उतरने लायक बनेगा रीवा एयरपोर्ट रनवे होगा 2600 मीटर, रात में भी उतर सकेंगे प्लेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार रीवा एयरपोर्ट का विस्तार करने जा रही है। अभी रीवा एयरपोर्ट का रनवे महज 1800 मीटर है। यह एयरपोर्ट अभी भी बड़े विमान और रात्रि लैंडिंग के लायक नहीं है। अब एयरपोर्ट पर 320 सीटर तक का विमान रनवे पर उतारने के लिए 399 करोड़ रुपए की राशि खर्च कर इसका विस्तार किया जाएगा। इसके बाद रनवे की लंबाई 2600 मीटर हो जाएगी। रात के समय भी विमान उतर सकेगा। आसपास के 200 किमी की परिधि वाले जिलों तथा उप्र के प्रयागराज व मिर्जापुर जिले के साथ ही अन्य जिलों के लोगों को सहूलियत मिलेगी। इस आशय का प्रस्ताव मप्र के विमानन विभाग ने तैयार किया है।

**अभी रीवा एयरपोर्ट का रनवे महज 1800 मीटर**

### वर्तमान में रीवा से दिल्ली, इंदौर, रायपुर के लिए उड़ानें



दरअसल, मौजूदा समय में रीवा एयरपोर्ट का विस्तार के बाद भी यहां 72 एटीआर विमान रनवे पर उतरने लायक ही है, लेकिन बड़े विमान और रात्रि लैंडिंग की व्यवस्था नहीं है। इस समय रीवा एयरपोर्ट से मप्र सरकार की विमान नीति के तहत रीवा से दिल्ली सप्ताह में तीन दिन एलाइंस कंपनी (एयर इंडिया) की फ्लाइट मिलती है, जबकि इंडिगो की रीवा से इंदौर के लिए सप्ताह में 7 दिन और रीवा से रायपुर के लिए हफ्ते में तीन दिन हवाई सेवा चल रही है। अब एयरपोर्ट का रनवे बढ़ाकर 2600 मीटर करने के बाद उस पर बड़े विमान भी उतरने लगेंगे।

### रनवे के विस्तार के लिए 140 एकड़ भूमि का किया जाएगा अधिग्रहण

रीवा एयरपोर्ट में 72 एटीआर विमान उतारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मई 2025 में एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी विस्तार के बाद एयरपोर्ट के रनवे की लंबाई 1800 मीटर है, लेकिन बड़े 320 सीटर विमान उतारने के लिए 2600 मीटर रनवे बनाया जाएगा। साथ ही रात्रि में विमान लैंडिंग करने व्यवस्था की जाएगी। रनवे का विस्तार करने और रात्रि लैंडिंग की सुविधा मुहैया कराने पर करीब 399 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। इसके लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। रनवे के विस्तार के लिए 140 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा।

### मप्र, छग और उप्र को मिलेगा लाभ

सूत्रों ने बताया कि यदि रीवा एयरपोर्ट पर 320 सीटर एटीआर विमान उतरने लगेंगे, तो इसका फायदा विंध्य क्षेत्र ही नहीं, बल्कि रीवा से प्रयागराज आने-जाने वाले पर्यटकों को भी फायदा मिलेगा। चूंकि अभी प्रयागराज में एयरफोर्स का एयरपोर्ट है। वहां सीमित संख्या में भी विमान उतरते हैं। वाराणसी में जरूर बड़े विमान उतरते हैं, पर वहां भी कुछ असुविधा है। साथ ही रीवा से इलाहाबाद, वाराणसी, मिर्जापुर और सिंगरौली सहित छत्तीगढ़ के रायपुर आने-जाने की सुविधा लोगों को मिल सकेगी। जबकि रीवा से प्रयागराज, इलाहाबाद, मिर्जापुर और वाराणसी की दूरी 120 से लेकर 150 किमी है और विमान से सफर करने से समय की बचत होगी।

## कंपनी ने नर्मदापुरम में 14.24 करोड़ के 5 कार्य लिए, बगैर कार्य किए ले लिया भुगतान

# अधीक्षण यंत्री ने ब्लैक लिस्ट करने मुख्य अभियंता को भेजा पत्र, नहीं हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के नर्मदापुरम संभाग में एक ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अधीक्षण यंत्री की रिपोर्ट के बाद भी मुख्य अभियंता ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। अधीक्षण यंत्री ने जिस कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की अनुशंसा की है, उसी कंपनी से मुख्य अभियंता के सीधे जुड़े होने का आरोप लग चुका है। हालांकि उस वक्त भी इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले को पूरी तरह दबा दिया गया। बालाघाट की कंपनी यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को नर्मदापुरम में करीब 14.24 करोड़ से ज्यादा के 5 काम मिले थे।

किंतु इस कंपनी ने एक भी कार्य ठीक से नहीं किया। इसके बदले में कंपनी ने करीब 10 करोड़ रुपए का भुगतान बगैर काम के ले लिया। सूत्रों ने बताया कि पहले तो इस मामले में जमकर लीपापोती हुई, बगैर काम के बिल लगा दिया गया। तत्कालीन इंजीनियरों को कथित रूप से दबाव देकर कंपनी को 80% से ज्यादा का भुगतान करा दिया। बताते हैं कि मौजूदा अधीक्षण यंत्री योगेंद्र कुमार ने शिकायत के आधार पर जब सभी पांचों सड़कों की जांच कराई, तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ। उन्होंने तत्काल इसकी रिपोर्ट मुख्य अभियंता संजय मस्के को भेजी।

*अधीक्षण यंत्री ने शिकायत की, मुख्य अभियंता पर ही कंपनी को कार्य दिलाने का लग चुका है आरोप, अब फंसा पेंच*

### यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को तत्काल काली सूची में डाला जाए



अधीक्षण यंत्री ने अपने पत्र में कार्यपालन यंत्री नर्मदापुरम संभाग के एक पत्र का हवाला देते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि मेसर्स यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट बालाघाट को तत्काल काली सूची में डाला जाना चाहिए। (इसकी छाया प्रति हरिभूमि के पास उपलब्ध), क्योंकि इस कंपनी ने 5 सड़कों का निर्माण अनुबंध के आधार पर नहीं किया। इस कंपनी ने पूर्व के इंजीनियरों से मिलीभगत कर 80% से ज्यादा पेमेंट भी प्राप्त कर लिया। उन्होंने पांचो सड़कों का सिलसिले ब्यौरा भी दिया है। सबसे मजेदार तथ्य है कि अधीक्षण यंत्री के पत्र के बाद मुख्य अभियंता भोपाल संभाग मस्के ने इस पर कार्रवाई करने के बजाय ठंडे बस्ते में डाल दिया। अब जैसे ही इसका खुलासा हुआ, उच्च स्तर पर शिकायतें हुई, इसके बाद हंगामा मच गया।

### कंपनी को 9 ठेकों में करोड़ों रुपए का हुआ भुगतान

मेसर्स यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट को नर्मदापुरम में मालखेड़ी से रायपुर रोड के लिए 3 करोड़ 71 लाख का ठेका दिया गया। 2024 को कार्यपूर्ण दिखाकर दो करोड़ एक लाख रुपए का भुगतान किया गया। दूसरा इटारसी नर्मदापुरम रैसल रोड के लिए एक करोड़ 61 लख रुपए का ठेका 2024 में हुआ। इसमें से 51 लख रुपए का भुगतान कर दिया गया। गुराडिया से भिलरिया रोड के लिए दो करोड़ 28 लख रुपए का ठेका कंपनी को दिया गया। इसमें से एक करोड़ 54 लाख रुपए का भुगतान किया गया। इसी तरह अन्हाई से जमुनिया रोड के लिए चार करोड़ 16 आख रुपए का ठेका कंपनी को मिला इसमें से तीन करोड़ 51 लाख रुपए का भुगतान कर दिया गया। किंतु मौके पर यह कार्य पूर्ण नहीं पाया गया। इसकी रिपोर्ट कार्यपालन मंत्री ने अधीक्षक यंत्री को दी थी। अधीक्षण यंत्री में मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने और पूरी राशि वसूल करने या कार्य दोबारा से कराने की अनुशंसा की थी। अभी तक इस मामले में मुख्य अभियंता भोपाल ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

### कार्रवाई न करने के पीछे यह है पेंच

दरअसल, पिछले वर्ष जनवरी 2025 में छिंदवाड़ा के विकास गुप्ता ने शपथ पत्र देकर मुख्य अभियंता मस्के पर सनसनीखेज आरोप लगाए थे। (शपथपत्र की प्रति हरिभूमि के पास उपलब्ध) इसकी शिकायत उन्होंने मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारियों से की थी। उन्होंने यूएस इंफ्रा को मिले 9 ठेको का डिटेल देते हुए मस्के के मिलीभगत का आरोप भी लगाया था। गुप्ता ने भोपाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि यूएस इंफ्रा प्रोजेक्ट के उर्वशी टेमरे और मुख्य अभियंता संजय मस्के से मुझे जान का खतरा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कंपनी को 16 करोड़ रुपए से अधिक का ठेका 2024 और 2025 में मिलीभगत से मिला। उन्होंने इसकी लोकायुक्त और ईओडब्ल्यू से जांच कर सख्त कार्रवाई करने और सुरक्षा करने की मांग की।

**एसीएस की तर्ज पर डीजी, एडीजी बने संभाग प्रभारी**

## कपूर भोपाल, जैन उज्जैन, पंकज जबलपुर संभाग प्रभारी बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिवों की तर्ज पर स्पेशल डीजी और एडीजी स्तर के अधिकारियों को संभागीय स्तर पर कानून व्यवस्था की समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है। यह अधिकारी रेंज स्तर पर पदस्थ आईजी के अलावा संभागों की कानून व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

डीजी वरुण कपूर को भोपाल, उपेंद्र जैन को उज्जैन तथा स्पेशल डीजी पंकज श्रीवास्तव को जबलपुर संभाग का प्रभारी बनाया गया है। यह व्यवस्था प्रदेश में यूसीसी लागू करने के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के फैसले के बाद प्रभावी की गई है। गृह विभाग द्वारा यूसीसी (समान नागरिक संहिता) लागू करने की तैयारियों के बीच प्रदेश के सभी संभागों में डीजी, स्पेशल डीजी और एडीजी स्तर के अधिकारियों को संभागीय प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### सुपरविजन और मॉनिटरिंग के लिए यह दायित्व सौंपे गए

8 अप्रेल को जारी आदेश में कहा गया है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में संभाग स्तर पर कानून व्यवस्था और पुलिस के कामों की समीक्षा के सुपरविजन और मॉनिटरिंग के लिए यह दायित्व सौंपे गए हैं। इसमें पहले से इंदौर, ग्वालियर, रीवा संभाग के लिए आईपीएस अफसरों को संभागीय प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। इन संभाग में पहले से मौजूद अधिकारी भी अपना काम करते रहेंगे। इसके अलावा सात संभागों के लिए नए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की

दरअसल मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में यूसीसी लागू करने को लेकर सीएम ने गृह विभाग को निर्देश दिए। यूसीसी का वर्ग विशेष की ओर से विरोध होना तय है और आने वाले दिनों में कानून व्यवस्था पर इसका असर पड़ेगा। इसलिए गृह विभाग ने रेंज में पदस्थ आईजी के ऊपर संभागीय स्तर पर एडीजी, स्पेशल डीजी और डीजी स्तर के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है।

**महिला से दुष्कर्म के बाद निर्मम तरीके से की थी आरोपी ने हत्या**

## बहुचर्चित रेप कांड के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर

बहुचर्चित महिला रेप-हत्या कांड के फरार इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पांडा



उर्फ मिथुन को घटना के आठवें दिन शुक्रवार को ए म सी बी जिले के चिरमिरी से पकड़ा गया है। उसकी गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही अंबिकापुर पुलिस टीम चिरमिरी के लिए रवाना हो गई है। जानकारी के अनुसार, यह घटना 2-3 अप्रैल की दरमियानी रात रिंग रोड से लगे एक मटन शॉप में हुई थी। महिला के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई थी।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला के निजी अंग में प्लास्टिक की बोतल मिली थी। उसकी पसलियों की 12 हड्डियां टूटी थीं और फेफड़े व दिल फटे थे। सिर पर भी गहरे चोट के निशान पाए गए थे। पुलिस जांच में आरोपी की पहचान पांडा उर्फ मिथुन के रूप में हुई। वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। आरोपी पहले से महिला के संपर्क में था और दोनों साथ में कबाड़ बीनने का काम करते थे।

### आरोपी को पुलिस ने चिरमिरी से किया गिरफ्तार

आरोपी मूल रूप से सूरजपुर जिला के प्रतापपुर का निवासी है। वह पिछले करीब सात वर्षों से अंबिकापुर में रह रहा था। घटना के बाद आरोपी को अंतिम बार रेलवे स्टेशन के पास देखा गया था। उसकी सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिली थी। पुलिस ने उसकी तलाश में सिलफिली क्षेत्र में ड्रोन कैमरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया था। पूरे संभाग के थानों में आरोपी का फोटो और स्केच भेजा गया था। सरगुजा पुलिस महानिरीक्षक ने 30 हजार रुपये और पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए चार विशेष टीमों का गठन किया गया था। शुक्रवार को एमसीबी पुलिस ने आरोपी को चिरमिरी से गिरफ्तार कर सरगुजा पुलिस को सूचना दी।

**पुलिस ने जारी किया विशेष हेल्पलाइन नंबर**

## अब लोगों को मिल सकेगी जाम से राहत, नई ट्रेफिक व्यवस्था लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बढ़ती ट्रैफिक समस्या को देखते हुए यातायात पुलिस ने एक नई व्यवस्था लागू की है, जिससे शहरवासियों को जाम से राहत मिल सकेगी। अब किसी भी सड़क पर जाम लगने की स्थिति में लोग सीधे पुलिस से संपर्क कर तुरंत मदद प्राप्त कर सकेंगे।

इस पहल के तहत एक विशेष हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है, जिस पर कॉल या मैसेज के जरिए ट्रैफिक जाम की जानकारी दी जा सकती है। सूचना पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा जाएगा, ताकि जल्द से जल्द यातायात सामान्य किया जा सके। पुलिस प्रशासन ने शहर के ट्रैफिक को बेहतर तरीके से नियंत्रित करने तकनीक का सहारा भी लिया है। कंट्रोल रूम से पूरे शहर की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी, जहां आईटीएमएस सिस्टम के जरिए ट्रैफिक की रियल-टाइम मॉनिटरिंग होगी।

ऑनलाइन मैपिंग सिस्टम का उपयोग इसके साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग भी बढ़ाया गया है। इससे पुलिस को उन स्थानों की पहचान करने में आसानी होगी, जहां यातायात का दबाव ज्यादा है। नागरिकों के लिए भी यह व्यवस्था फायदेमंद साबित होगी। लोग अपने मोबाइल पर ट्रैफिक की स्थिति देखकर पहले से ही वैकल्पिक रास्तों का चयन कर सकेंगे, जिससे समय की बचत होगी और अनावश्यक भीड़ से बचा जा सकेगा।

**कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम नथिया के पास की घटना, घायलों का इलाज जारी**

## दो कारों के बीच जबरदस्त टक्कर, मासूम समेत 7 की दर्दनाक मौत, 3 गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

जिले से एक दर्दनाक और वीभत्स्य घटना सामने आई है। यहां पर दो कारों की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना कोतवाली थाने क्षेत्र के ग्राम नथिया के पास की है। बताया जाता है कि बीती रात दो कारों में जबर्दस्त भिड़ंत हो गई। इस घटना में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि लखनपुरी निवासी आरक्षक का परिवार शादी कार्यक्रम के लिए कांकेर आया था। देर रात कार्यक्रम



से वापस लौटने के दौरान ये हादसा हुआ और हादसे में आरक्षक का पूरा परिवार ही खत्म हो गया। परिवार के सात सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई। नथिया गांव के पास सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई। हादसे में एक सात साल के बच्चे समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि सामने वाली कार के चालक सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना के बाद घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जबकि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।



### सिपाही का पूरा परिवार खत्म

इस हृदय विदारक घटना में कुंती नेताम पत्नी, शगुनदास नेताम दामाद, मकतुला नेताम बहन, वंश नेताम भांजा, दीना यादव रिश्तेदार, जहुरा जुर्री रिश्तेदार जबकि मुरहा उसेंडी, उदित जुर्री, ड्राइवर विश्वजीत नेताम ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट को परिवार सहित जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को धमकी दी गई है। गुंडरदेही में पदस्थ प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रशांत कुमार देवांगन को एक बंद लिफाफा प्राप्त हुआ, जिसमें उन्हें और उनके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई है मजिस्ट्रेट ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद अपराध पंजीबद्ध करने के साथ पत्र की जांच करते हुए मजिस्ट्रेट और उसके परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पत्र लिखने वाले ने खुद को नक्सली बताया है। हालांकि, पुलिस इस दावे की प्रमाणिकता की जांच कर रही है कि यह वास्तव में नक्सलियों का काम है या किसी शरारती तत्व की साजिश। धमकी के साथ-साथ 3 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की गई है। मजिस्ट्रेट ने इस गंभीर विषय को लेकर गुण्डरदेही थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। साइबर सेल और स्थानीय पुलिस की टीमें पत्र के स्रोत का पता लगाने में जुट गई हैं।

**प्रदेशभर में किया विरोध प्रदर्शन, सरकार और कलेक्टरों पर साधा निशाना**

# गेहूं खरीदी समेत किसानों के मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में गुरुवार से चार संभागों में गेहूं खरीदी शुरू हो गई है। इस बार गेहूं खरीदी देरी से शुरू होने के पीछे सरकार इजराइल-ईरान युद्ध का हवाला दे रही है। ऐसे में गेहूं खरीदी में देरी पर कांग्रेस ने प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। खंडवा में कांग्रेस के प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जमकर नारेबाजी की।

करीब 5 हजार से ज्यादा कांग्रेसी प्रदर्शन में शामिल हुए। रतलाम में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी में धरना दिया गया। भोपाल-श्योपुर में भी कांग्रेस ने नारेबाजी की। कांग्रेस पटवारी ने आरोप लगाया कि सरकार ने रणनीतिक तरीके से घोटाला किया है। बारदाने की कमी का बहाना बनाकर गेहूं खरीदी नहीं की गई। यह किसानों को धोखा देने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि किसान कल्याण वर्ष होने के बावजूद मध्य प्रदेश में किसानों का शोषण हो रहा है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी जिला कलेक्टर कार्यालयों का घेराव कर रही है। दो दिन बाद प्रदेशभर में किसानों के साथ उपवास किया जाएगा। साथ ही उज्जैन में किसानों को लेकर डॉ. मुख्यमंत्री मोहन यादव के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा।

### खरीदी बंद होने पर पटवारी ने कलेक्टर को किया फोन, जताई नाराजगी



कृषि उपज मंडी में हम्मालों की हड़ताल के चलते गुरुवार को खरीदी बंद होने पर किसानों ने मंडी के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। इसी दौरान छतरपुर जा रहे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की कार को किसानों ने रोक लिया और अपनी समस्याएं बताईं। किसानों की शिकायत पर पीसीसी चीफ ने सागर कलेक्टर संदीप जीआर को फोन लगाकर मंडी की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताई। खरीदी शुरू कराने को कहा। पटवारी ने शाम 7 बजे तक समाधान न होने पर वापस आने की चेतावनी दी।

### सिंघार ने श्वान के गले में डाला ज्ञापन, बोले-जनता की नहीं सुनी तो ऐसे ही होगा अपमान

सीहोर जिले में किसानों के प्रदर्शन के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रशासन के खिलाफ अनोखे और विवादित तरीके से विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कुत्ते के गले में ज्ञापन की कॉपी डालकर कलेक्टर पर निशाना साधा और कहा कि यदि प्रशासन आम जनता की आवाज नहीं सुनेगा, तो इस तरह का अपमान किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान सिंघार ने कहा कि जिले के नए कलेक्टर जनता की समस्याओं को नहीं सुन



रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि यही रवैया जारी रहा, तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ विरोध और तेज होगा।

### कलेक्टोरेट पर कांग्रेस का प्रदर्शन



सरकार ने किसानों को कर्ज जमा करने के लिए 31 मार्च की तारीख तय की थी, जिसकी वजह से अधिकतर किसान डिफाल्टर हो गए हैं। इधर जिले में 9 अप्रैल से सिर्फ साइलो केंद्र में ही खरीदी शुरु की गई है। गुरुवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल के साथ पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट के गेट के बाहर प्रदर्शन किया।

### सात दिन में सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी तो करेंगे सफाई सत्याग्रह



कोलार ब्लॉक कांग्रेस ने नगर निगम अधिकारियों को कोलार के सभी वार्डों में साफ सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करने करने के लिए चेतावनी ज्ञापन सौंपा है। कोलार कांग्रेस अध्यक्ष राहुल सिंह राठौड़ ने कहा कि अगर सात दिन में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हुई तो कोलार के सभी वार्डों में कांग्रेस कार्यकर्ता गली-गली में झाड़ू लगाकर सफाई सत्याग्रह करेंगे।

# हमारे शास्त्र भारतीय आध्यात्म मनीषा के प्राणाधार

## रामभद्राचार्य जी ने की 'राम जनम जग मंगल हेतू' की अद्भुत व्याख्या

### अयोध्या कांड के मंगलाचरण में यूं ही नहीं है द्वादस

हरिभूमि जबलपुर।

आयुर्वेद कॉलेज मैदान में निर्मित अवधपुरी में चल रही श्रीरामकथा के छंटवे दिन मानस मर्मज्ञ, पद्म विभूषण, तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरू,रामानंदाचार्य श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीराम की वनलीला की चर्चा करते हुए भारत माता की भी उच्चतम व्याख्या की। उन्होंने कहा कि हमारे पास पांच प्राण हैं, लेकिन भारत माता के पास छह प्राण हैं। ये हैं सांख्य, योग, वैशैषिक, न्याय, पूर्व मीमांसा और उत्तर मीमांसा। उन्होंने सगर्व कहा कि हमारे शास्त्र भारतीय आध्यात्म मनीषा के प्राणाधार है। समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित रामकथा में उन्होंने कहा कि भक्ति भारत की आत्मा है और श्रीराम-कृष्ण भारत के परमात्मा। इनके अलावा जिनकी भी महिमा है, वे सब साधक हैं। महाराजश्री ने बताया कि मानसकार ने छहों दर्शनों को शास्त्र कहा, जिसका विवरण मानसजी की आरती में 'छहउ शास्त्र सब ग्रंथन को रस' के रूप में आता है। कथा की विषय वस्तु 'राम जनम जग मंगल हेतू' के माध्यम से महाराजश्री ने द्वाद्स ज्योर्तिलिंग, 12 अमंगल, 12 मंगल, 12 दुष्टों को दंड, 12वर्ष के वनवास का अनोखा चिंतन प्रस्तुत किया।

### भक्ति और भगवान में अंतर नहीं

मन की आंखों से रामजी का दर्शन कर रामचरित मानस का अमृतांजन आंजने वाले महाराज श्री ने कहा कि जहां भारतीय दर्शन नहीं, वहां कुछ भी नहीं है। अतः सारी समस्याओं का समाधान वेदांत में देखना चाहिए। उन्होंने समझाया कि वेदांत का मतलब वेद के अंत से नहीं है। जब वेद अनंत हैं, तो उनका अंत कैसे हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस दर्शन में वेदों का सिद्धांत कहा गया है, वो है वेदांत। उन्होंने कहा कि वेद कहते हैं कि ब्रम्ह दो रूपों में विभाजित है। कारण ब्रम्ह और कार्य ब्रम्ह। कारण ब्रम्ह हमारे रामजी हैं जबकि कार्य ब्रम्ह श्री सीताजी। दोनों विशिष्ट हैं। इसलिए भगवान राम को मैंने सच्चिदानंद कहा और भगवती सीता को संबिदानंद हैं। उन्होंने कहा कि सीताजी को प्रकृति कभी नहीं मानना चाहिए। रामजी और सीताजी के रूप में एक ही ब्रम्ह ने दो स्वरूप धारण कर लिए। दर्शन के आधार पर जो लोग जानकी जी को प्रकृति मानते हैं, वो गलत हैं। लीला के लिए वे भक्ति का रूप धारण कर लेती हैं। भक्ति और भगवान में अंतर ही नहीं है। अयोध्याकांड के मंगलाचरण में द्वादस ज्योर्तिलिंग का दर्शन क्यों किया? इस पर उन्होंने कहा कि वनलीला में कैकई जी के द्वारा 12 अनर्थ किए गए। इसीलिए गोस्वामीजी ने वनलीला के मंगलाचरण में बारह अमंगलों को नष्ट करने के लिए द्वादस ज्योतिर्लिंग का वर्णन किया। इसके साथ ही वनलीला में भगवान ने 12 लोगों को मंगल किया।





### व्यासपीठ से महाराजश्री उवाच

- वनलीला में 12 अमंगल कटे, 12 का मंगल हुआ, द्वादस ज्योतिर्लिंग पर अद्भुत चिंतन
- आस्तिक दर्शन भारत के प्राण, भक्ति आत्मा और राम-कृष्ण परमात्मा।
- ईश्वर की तुलना किसी से नहीं हो सकती, इसी को नेति-नेति कहते हैं।
- दर्शन के आधार पर जानकी जी को प्रकृति मानना गलत है।
- अयोध्या कांड में रामचरित मानस का अद्भुत आनंद है।
- सब कुछ त्याग हमें भगवान श्रीराम के चरणों का चिंतन करना चाहिए।
- श्रीजी श्री सीता जी ने ने भरतजी को ही राम प्रेम की दीक्षा दी है।
- मानस के सात सोपान हैं, कांड शब्द लोगों ने बाद में जोड़ा।
- मंत्र और ब्राम्हण दोनों को वेद कहते हैं, ब्राम्हणों में ही आरण्यक आते हैं।

### नर्मदा जी सुन रहीं हैं रामकथा

महाराजजी ने 'प्रथित पावन शास्त्र परंपरराम' श्लोक के माध्यम से कहा कि वे प्रभु श्रीरामजी की कथा माता नर्मदा जी को सुना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह श्लोक मैंने नर्मदाजी से संवाद करते हुए रचित किया है। कथा में भारत के शास्त्रों की प्रथित पावन शास्त्र परंपरा है तो भैया लक्ष्मण और माता सीता का वैभव भी है।

### समरस रामायण चित्रावली देख भाव विभोर

आर्युवेद कॉलेज मैदान स्थित कथा परिसर में समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित श्रीरामकथा पंडाल के समीप बड़े भूभाग में लगी समरस रामायण चित्रावली भी जनाकर्षण का केंद्र बनी हुई है। समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन और उनके सहयोगियों ने श्रीरामजी के जन्म से लेकर जीवन पर्यन्त उनकी लीलाओं से जुड़े प्रसंगों का यहां बड़ी बारीकी से विस्लेषण किया है। सुंदर शब्दावली, सुंदर चित्रावली रामभक्तों का चित चुरा रही है। परिसर के दर्शन मात्र से श्रद्धालु स्वयं को धन्य-धन्य अनुभव कर रहे हैं। चित्रावली में सुर-असुर का वृहद चित्रण किया गया है। विद्वान कह रहे हैं कि जिसने मानस नहीं पढ़ी,वो भी यह चित्रावली को देख कर रामजी के जीवन चरित्र को बेहतर ढंग से समझ सकता है। पूजन का मंगल विधान तुलसी पीठ के आचार्य युवराज रामचंद्रदासजी ने सुखाचार्य द्वाराचार्य राघवदेवाचार्य जी की उपस्थिति में संपन्न कराया। पादुकापूजन करने के उपरांत सभी ने व्यास पीठ का पूजन कर महाराजश्री का स्वागत वंदन-अर्चन किया। मंच पर विराजमान संत गण स्वामी गिरीशानंद जी महाराज, पगनालंद जी महाराज, कालिकानंद जी महाराज, मैत्रयी दीदी का आयोजन समिति के अध्यक्ष डा जितेन्द्र जामदार ने स्वागत किया।

### इन्होंने किया पादुकापूजन

कथा पूर्व रामानंद परंपरा की पादुका का पूजन पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी , सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मिक की उपस्थिति में विधायक अजय विश्नोई, समरसता सेवा संगठन के अध्यक्ष संदीप जैन, आचार्य पं. वासुदेव शास्त्री, श्री रिंकू विज, श्री दीपांकर बैनर्जी ,श्रीमती मिताली बैनर्जी, श्री शंकर लाल खत्री, श्री सावल दास खत्री, श्री समन आसवानी शंभू भैया, कैलाश अग्रवाल बब्बा जी, पवन समदड़िया, मृगेन्द्र सिंह जी, विपिन बिहारी व्यौहार, दिनेश मीरा, पं. आशुतोष दीक्षित, लखन ताम्रकार, राकेश पाठक, सुशांक यादव ने समर्चन कर किया। आचार्य वासुदेव शास्त्री, श्री मृगेन्द्र सिंह, श्री विपिन बिहारी व्यौहार, श्री आशुतोष दुबे, पंडित आशुतोष दीक्षित, लखन ताम्रकार, श्याम सुहाने, राकेश पाठक ने भी महाराजश्री का माल्यार्पण कर वंदन किया। आज की कथा के विश्राम पर विधायक श्री सुशील तिवारी इंदु ,जस्टिस एच पी सिंह ,श्री अजीत समदडिया, प्रो. आशुतोष दुबे,, पंडित देवेन्द्र त्रिपाठी जी ,श्री रिकुंज विज रिंकू , सुधीर भागचंदानी, श्री विनय केसरवानी बबलू ,श्री विक्रम सिंह, श्री दीपक नौगरैया,श्री जय खत्री, श्री अनुरोध पटेरिया, डॉ महेश प्रसाद नेमा, भोलाराम जी, अनिल तिवारी, महेश केसरवानी ने आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने रचा स्वर्णिम ऊर्जा वर्ष 2025-26

81.45% पीएएफ के साथ 26,582.75 मिलियन यूनिट उत्पादन

# ऐतिहासिक उत्पादन दक्षता व राष्ट्रीय सम्मान अर्जित



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का समापन अभूतपूर्व उपलब्धियों और उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ करते हुए विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी के चारों ताप विद्युत गृहों अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी, संजय गांधी ताप विद्युत गृह बिरसिंगपुर व श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया ने सामूहिक रूप से वित्तीय वर्ष 2025-26 में 26,582.7 मिलियन यूनिट ताप विद्युत उत्पादन कर प्रदेश को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की। इस दौरान चारों ताप विद्युत गृह ने 81.45 % प्लांट उपलब्धता फैक्टर (PAF) बनाए रखते हुए परिचालन दक्षता के उच्चतम मानक स्थापित किए। विद्युत गृहों की सभी इकाइयों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप हीट रेट, वशिष्टि तेल खपत (Specific Oil Consumption) व ऑक्जलरी पावर कंजम्पशन हासिल करते हुए उत्कृष्ट तकनीकी प्रदर्शन प्रदर्शित किया।

एमपीईआरसी के मानकों से बेहतर रहा प्रदर्शन- परिचालन मानकों के संदर्भ में इस वर्ष अमरकंटक ताप विद्युत गृह फेज-III, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह फेज-IV, श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह फेज-II व फेज-I ने मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग (MPERC) द्वारा निर्धारित PAF मानकों से अधिक प्रदर्शन किया। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह यूनिट-10 ने 98.29%, श्री सिंगाजी सुपर ताप विद्युत परियोजना यूनिट-1 ने 94.55%, यूनिट-3 ने 88.77% व संजय गांधी ताप विद्युत गृह यूनिट-3 ने 85.92% PAF हासिल करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विशिष्ट तेल खपत में भी कंपनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए MPERC मानकों से कम खपत दर्ज की। वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह फेज-III एवं सतपुड़ा ताप विद्युत गृह फेज-IV का हीट रेट निर्धारित मानकों से बेहतर रहा, जबकि श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह फेज-III का हीट रेट MPERC मानकों के लगभग समतुल्य रहा।

कंपनी कार्मिकों की कर्मठता को दिया श्रेय- प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में पावर जनरेटिंग कंपनी द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन का श्रेय अभियंताओं, तकनीकी कार्मिकों व ठेका श्रमिकों को देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य न केवल प्रदेश की विद्युत आवश्यकताओं की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करना है, बल्कि तकनीकी दक्षता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी व परिचालन उत्कृष्टता के क्षेत्र में राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत पहचान भी स्थापित करना है। पावर जनरेटिंग कंपनी अपनी विभिन्न परियोजनाओं और नीतियों के विस्तार के साथ भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने के लिए सतत प्रयासरत रहेगी।

### सरकार ने 5 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई

**जबलपुर।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता में काफ़ी बढ़ोतरी की है, ताकि देश भर में प्रवासी मजदूरों और संवेदनशील समुदायों को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन आसानी से और किफ़ायती दरों पर मिल सके। मंत्रालय ने पूर्व आपूर्ति सीमा को हटा दिया है और 7 अप्रैल से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 5 किलोग्राम सिलेंडरों का रोजाना का आवंटन दोगुना कर दिया है। खासतौर पर शहरी एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए यह कदम उठाया गया है। मंत्रालय ने सिलेंडर प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी सरल बना दिया है।

### एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकण्डरी स्कूल में फन फेयर आज

**जबलपुर।** एपीएन सीबीएसई सीनियर सेकण्डरी स्कूल में एक दिवसीय "फन फेयर" का आयोजन आज 11 अप्रेल को विद्यालय के प्रांगण में आयोजित है। फन फेयर का विधिवत उद्घाटन शाम 5 बजे किया जाएगा।

हादसा : जिला न्यायालय गेट नंबर 6 के पास मचीं अफरा तफरी

## सड़क पर चलती मोटर सायकिल में आग भड़की



**जबलपुर।** जिला न्यायालय के गेट नंबर 6 के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब सड़क पर चल रही एक मोटरसाइकिल में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते वाहन से ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग लगते ही चालक ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए बाइक छोड़ दी और सुरक्षित स्थान की ओर भागकर अपनी जान बचाई। घटना के समय न्यायालय परिसर के आसपास बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। अचानक आग की लपटें उठती देख लोगों में हड़कंप मच गया और कुछ देर के लिए वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों और एसएएफ के जवानों ने तुरंत स्थिति संभाली। उन्होंने सबसे पहले लोगों को सुरक्षित दूरी पर किया, ताकि कोई हताहत न हो। इसके बाद उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। समय रहते आग बुझा दिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। यदि आग फैलती तो आसपास खड़े अन्य वाहनों और लोगों को नुकसान हो सकता था। फिलहाल बाइक में आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समझा जा रहा है कि तेज धूप की वजह से खड़ी गाड़ी में पेट्रोल लीक होने से यह हादसा हुआ।

हादसा सीसीटीवी में कैद

## मौत के गड्ढे में गिरी हवा से बातें कर रही बाइक



**जबलपुर।** गोकलपुर इलाके में तेज रफ्तार का खामियाजा दो युवकों को भारी पड़ गया। अमृत 2.0 मिशन के तहत सड़क के बीच पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई की गई थी। इसी दौरान तेज गति से आ रही एक बाइक अनियंत्रित होकर सीधे गड्ढे में जा गिरी। पूरा हादसा पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। बताया जा रहा है कि दो युवक बाइक पर सवार होकर तेज रफ्तार में आ रहे थे। उन्हें सामने की घेराबंदी और खुदाई दिखाई नहीं दी। बाइक पहले डिवाइडर से टकराई और फिर उछल गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक गहरे गड्ढे में जा गिरा, जबकि दूसरा सड़क किनारे जा फेंका गया। हादसे की सूचना मिलते ही रांझी पुलिस की मोबाइल टीम मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा गया। राहत की बात यह रही कि इतनी भीषण दुर्घटना के बावजूद दोनों युवकों की जान बच गई और उन्हें मामूली चोटें आईं। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोलानी ने लोगों से अपील की है कि रात के समय सड़कों पर चल रहे निर्माण कार्यों को देखते हुए वाहन की रफ्तार नियंत्रित रखें। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

### कांग्रेस के नव नियुक्त सोशल मीडिया प्रभारी का इस्तीफा

**जबलपुर।** कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन हुये अभी हफ्ता नहीं बीता विरोध के स्वर उठने लगे हैं. नव नियुक्त सोशल मीडिया प्रभारी विष्णु विनोदिया ने यह कहते हुये इस्तीफा दे दिया की उनकी क्षमता के अनुरूप उन्हें पद नहीं दिया गया. विनोदिया ने कहा वर्षों के संघर्ष और समर्पण के बाद सोशल मीडिया प्रभारी पद पर नियुक्ति होना मेरी क्षमता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी का संकल्प जिसकी जनसंख्या, उतनी भागीदारी इन नियुक्तियों की सूची से लज्जित हो रही है. बहुसंख्यक, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जाति जनजाति के लोगों को ठेंगा दिखा रही है। यह स्पष्ट करता है कि ये नियुक्तियाँ आपसी चाहत और भाई-भतीजावाद एवं मित्र मंडली की भेंट चढ़ गई हैं।

## हिमांशु खरे बने फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश की शीर्ष उद्योग एवं व्यापारिक संस्था, फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष पद पर हिमांशु खरे के निर्वाचित होने पर प्रदेश के उद्योग एवं व्यापार जगत में हर्ष और नई आशाओं का वातावरण है। उनके नेतृत्व से उद्योग एवं व्यापार क्षेत्र को नई दिशा मिलने की अपेक्षा जताई जा रही है। हिमांशु खरे के अनुभव, दूरदर्शिता एवं सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए व्यापारी एवं उद्योगपति आशान्वित हैं कि वे प्रदेश के आर्थिक विकास को गति प्रदान करेंगे।

## पेंटीनाका फ्लाई ओवर अब बनेगा एम्पायर तिराहा से गोराबाजार के पास तक : राकेश सिंह

**जबलपुर।** जबलपुर - मंडला मार्ग के अंतर्गत पेंटीनाका चौक से वायएमसीआर तक बनने वाला फ्लाई ओवर अब एम्पायर तिराहा से गोराबाजार के पास तक बनेगा, सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने लम्बाई बढ़ने के साथ दी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने सांसद रहते हुए पेंटीनाका चौक से वायएमसीआर तक फ्लाई ओवर को स्वीकृति दिलाई थी। पूर्व में यह फ्लाई ओवर पेंटीनाका चौक प्रस्तावित था, इसकी स्वीकृति के बाद रक्षा विभाग की अडचनो के कारण इसके निर्माण में विलम्ब हो रहा था, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्देश पर पुनः इसका सर्वे किया गया और इन अडचनों को दूर करते हुए इसकी प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है, अब इसके निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने इसकी लम्बाई बढ़ाने का प्रस्ताव दिया था जिस पर सडक परिवहन मंत्रालय भारत सरकार ने इसे स्वीकृत कर दिया है, यह फ्लाई ओवर सेतुः बंधन योजना (सीआईआरएफ) के तहत बनाया जायेगा। अब इस फ्लाई ओवर की लम्बाई 1415 मीटर और पहुंच मार्ग की लम्बाई 283 मीटर होंगी, सर्विस मार्ग की चौड़ाई 7.50 मीटर दोनों ओर होंगी, साथ ही इसकी लागत में भी वृद्धि की गई है अब इसकी लागत लगभग 70 करोड़ होंगी।लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा जबलपुर के यातायात को सुव्यवस्थित एवं सुचारु बनाने हेतु फ्लाई ओवर के निर्माण आवश्यक है इसी दृष्टि से सांसद रहते हुए पेंटीनाका चौक से बनने वाले फ्लाई ओवर की स्वीकृति कराई गई थी, चुंकि यातायात का दबाब इस मार्ग में अधिक होता है और मंडला से आने वाले वाहनों को भी सुचारु रूप से शहर में प्रवेश मिल सके इस हेतु इसकी लम्बाई बढ़ाने का आग्रह केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय में किया था जिसे स्वीकृति मिला गई है।

## देहदान की प्रेरणा को मिला सम्मान



**जबलपुर।** जिले के शिवनगर क्षेत्र में मानवता और निःस्वार्थ सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया, जहाँ निवासी कलाबाई, पत्नी कोदू दास, के निधन के पश्चात उनके पार्थिव शरीर का देहदान किया गया। यह पुनीत कार्य संत रामपाल महाराज की शिक्षाओं और प्रेरणा से संपन्न हुआ, जिनका संदेश मानव सेवा, समानता और विश्वबंधुत्व पर आधारित है। इस सराहनीय कार्य को मान्यता देते हुए नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर द्वारा परिजनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। परिजनों ने बताया कि कलाबाई संत रामपाल महाराज की शिष्या थीं और उनके सत्संगों से उन्होंने यह शिक्षा ग्रहण की थी कि समस्त मानव समाज एक परिवार है। इसी सोच को जीवनभर अपनाते हुए उन्होंने अपनी अंतिम यात्रा में भी मानवता की सेवा को प्राथमिकता दी। परिवार में उनके पुत्र प्रकाश कुशवाहा और जय कुमार कुशवाहा, तथा पुत्री उमा कुशवाहा सहित सभी परिजनों ने मिलकर उनके इस संकल्प को साकार किया। इस अवसर पर कलाबाई को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानपूर्वक अंतिम विदाई दी गई।

पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष पर आरोप

*थाने में अपमान व आरोपी को संरक्षण का दावा, पुलिस कप्तान से निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की गुहार*

# दुष्कर्म प्रकरण में सियासी साया! पीड़िता ने लगाए दबाव और धमकी के संगीन आरोप

हरिभूमि, जबलपुर।

घमापुर थाना क्षेत्र में दर्ज शारीरिक शोषण का मामला अब सियासी रंग लेता नजर आ रहा है। पीड़िता ने पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय को लिखित शिकायत सौंपकर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं कि एफआईआर दर्ज होने के बाद से उस पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है कि वह शिकायत वापस ले ले। पीड़िता ने आरोपी ललित कुंदनानी के साथ पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष एवं अधिवक्ता जीएस ठाकुर सहित अन्य लोगों को भी इस दबाव और धमकी के लिए जिम्मेदार ठहराया है। पीड़िता ने बताया कि उसने 20 मार्च 2026 को घमापुर थाने में शारीरिक शोषण की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर 7 अप्रैल को भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 और 351(2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई। लेकिन मामला दर्ज होते ही कथित तौर पर उस पर समझौते का दबाव और धमकियों का दौर शुरू हो गया।

### घर पहुंचकर दी धमकी, जान का खतरा

पीड़िता के अनुसार 21 मार्च की सुबह पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर उसके घर पहुंचे और शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया। मना करने पर गंभीर परिणाम भुगतने और जान से मारने तक की धमकी दी गई। पीड़िता का कहना है कि इसके बाद से वह और उसका परिवार लगातार भय के माहौल में जी रहे हैं।



### आरोपी को 'विशेष' व्यवहार?

शिकायत में यह भी गंभीर आरोप लगाया गया है कि 7 अप्रैल को थाना परिसर में पीड़िता के साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। जहां आरोपी को थाना प्रभारी कक्ष में बैठाकर विशेष व्यवहार दिया गया, वहीं पीड़िता पर समझौते के लिए दबाव बनाया गया। पीड़िता ने दावा किया है कि यह पूरा घटनाक्रम थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड है, जिसे जांच में अहम साक्ष्य के रूप में देखा जा सकता है।

### राजनीतिक प्रभाव के दुरुपयोग का आरोप

पीड़िता ने जीएस ठाकुर पर अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर मामले को प्रभावित करने का आरोप लगाया है। साथ ही यह भी कहा कि उनके पूर्व के आचरण और कथित दबंग छवि के चलते पीड़िता पक्ष भयभीत है।

### शादी की बात कर रहे थे

वहीं पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर ने हरि भूमि से चर्चा में बताया कि ललित और लड़की दोनों मेरे ऑफिस पहुचें थे और शादी की बात कर रहे थे। चूकीं ललित और उसके परिवार से मेरे पारिवारिक संबंध हैं। इसलिए मैंने लड़की के बिना तलाक के शादी नहीं करने की समझाइश दी गई थी। दोनों के बीच इस बात को लेकर रजामंदी हुई और लेनदेन भी हुआ। उसके बाद मैं तिरुपति बालाजी दर्शन के लिए गया था। लड़की के आरोपों में कितनी सच्चाई हैं इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### कप्तान से निष्पक्ष जांच की मांग

पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराने, संबंधित आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने, थाना परिसर के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और स्वयं व परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

एक दिन में 31 कुत्तों का रेस्क्यू

## नागरिकों को राहत प्रदान करने आवारा कुत्तों का बधियाकरण अभियान तेज

**जबलपुर।** शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके काटने की बढ़ती शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर निगम ने अभियान को तेज कर दिया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार कुत्तों के बधियाकरण और एंटी-रेबीज टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।



उपायुक्त संभव अयाची स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 अप्रैल 2026 को शहर के उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया गया जहाँ से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। नगर निगम की टीम और माँ बगुलामुखी सेवा समिति के डॉग कैचर्स ने आनंद नगर, आधारताल, हसन चौक, वी.एफ.जे. रोड रांझी, कुदवारी, शिवनगर, बड़ा फुहारा, हर्षित नगर, सिविल लाईन, गढ़ा इंदिरा गाँधी वार्ड, गुलौआ और यादव कॉलोनी कुत्तों को पकड़ने की कार्यवाही की गयी। उन्होंने ने बताया कि अभियान के दौरान कुल 31 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया। इन सभी कुत्तों को सुरक्षित रूप से जबलपुर के कठौंदा स्थित श्वान बधियाकरण केंद्र ले जाया गया है। यहाँ विशेषज्ञों की निगरानी में इनका बधियाकरण किया जाएगा और रेबीज से बचाव हेतु टीके लगाए जाएंगे।

# बिजली कंपनी में कड़ा संदेश: सुधर जाओ नहीं तो होगी कार्रवाई: अतुल गुप्ता

## अधिकारियों की बैठक में जमकर बरसे एमडी

हरिभूमि जबलपुर।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर अब प्रबंधन पूरी तरह एक्शन मोड में है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अतुल गुप्ता ने हाल ही में अधिकारियों की बैठक लेकर सख्त चेतावनी दी खुद से सुधर जाओ, नहीं तो मुझे कार्रवाई करनी होगी। इस चेतावनी ने अधिकारियों में हड़कंप मचा दिया है।



सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान एमडी ने विभागीय कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए साफ किया कि लापरवाही, ढिलाई और गड़बड़ी अब बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं से जुड़े मामलों में देरी और फील्ड स्तर की अनियमितताएं कंपनी की छवि को नुकसान पहुंचा रही हैं।

सबसे अहम बात यह रही कि बैठक में उन अधिकारियों को भी फटकार लगाई गई जो काम निकालने के लिए मंत्रियों से फोन लगवाने की कोशिश करते हैं। अतुल गुप्ता ने दो टूक कहा कि ऐसे किसी भी दबाव या सिफारिश को स्वीकार नहीं किया जाएगा और केवल काम के आधार पर ही निर्णय होंगे। एमडी ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि कंपनी में अब भ्रष्टाचार को लेकर जीरो टॉलरेंस नीति लागू रहेगी। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी पाए जाने पर सीधे कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी।सूत्रों के मुताबिक, राजस्व वसूली, लाइन लॉस, मेंटेनेंस और उपभोक्ता शिकायतों के समाधान में लापरवाही जैसे मुद्दों पर विशेष नाराजगी जताई गई है। नए एमडी के सख्त रुख से साफ है कि आने वाले समय में विभाग में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।



# राष्ट्रीय अध्यक्ष पर टिप्पणी से भड़के कांग्रेसी

### असम के मुख्यमंत्री का फूंका पुतला, सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा।** असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर की गई कथित अपमानजनक अमर्यादित टिप्पणी से कांग्रेस पार्टी नेता कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा भड़के नेताओं ने पुराना बस स्टैंड में जहां असम के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका वही पुलिस थाने पहुंचकर जमकर नारेबाजी कर थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत विश्व सरमा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने की मांग की गई है। यह आयोजन राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तंखा विधायक लखन घनघोरिया,महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बरसिया के मार्गदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व प्रदेश सचिव मंजू मिश्रा की अगुवाई राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि बाबा कुरैशी प्रदेश सचिव राजेश चौबे महासचिव अमोल चौरसिया नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन सोनी के संयोजन में हुए विरोध प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल, सुबोध पांडे,सुरेंद्र मिश्रा, प्रकाश कुररिया,कल्पना आलोक पांडे,ममता गोटिया,रमेश पटेल,माधुरी गणेश दहिया,घनश्याम बढ़गैया ,डॉक्टर आर के यादव,शेख साबिर,फैज आलम शाह,डब्बू पाठक,एम मंसूर,राम लोचन कोल,सुदीप पांडे, शंकर वंशकार,राजभान चौधरी,शशि कला चौधरी,छाया बंसल,संगीता पांडे रीना चौधरी,मनीष शुक्ला मनीष खंपरिया, घनश्याम बढ़गैया शमशेर खान वीरेंद्र पटेल युसूफ खान अमजद खान रमेश बिरहा शामिल थे।

# नेमा समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक एवं समाज गौरव अलंकरण समारोह 12 अप्रैल को




**जबलपुर।** अखिल भारतीय श्री दशा नेमा वणिक समाज की 15वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सह-सामान्य सभा बैठक एवं समाज गौरव अलंकरण समारोह 12 अप्रैल 2026 (रविवार) को सुबह 9.30 बजे से स्थानीय शहीद स्मारक भवन सभागार में नेमा युवक संघ एवं नेमा समाज महाकोशल द्वारा आयोजित है। ये जानकारी पत्रकार वार्ता में नेमा युवक संघ जबलपुर के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव राकेश नेमा ने देते हुए बताया कि बैठक में राजस्थान, महाराष्ट्र, मुम्बई, गुजरात, मालवा, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, दिल्ली से पदाधिकारी नगर में पहुँच रहे हैं। बैठक में समाज के सर्वांगीण विकास, संगठन को नई दिशा देने के प्रयासों पर चर्चा होगी। तत्पश्चात 11.30 बजे से समाज गौरव सम्मान अलंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश में निवासरत कृषि, चिकित्सा, समाज संगठन, समाज सेवा, अध्यात्म, शिक्षा, राजनीति एवं प्रशासनिक क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान देने वाली 100 से अधिक विभूतियों को समाज गौरव सम्मान से अलंकृत कर सम्मानित किया जायेगा। मध्य प्रदेश शासन के परिहवन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' व डॉ. अखिलेश गुमाश्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता नेमा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम नेमा करेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम नेमा, प्रदेश अध्यक्ष सुनील नेमा, प्रदेश सचिव आनंद नेमा, शिशिर नेमा, अजय कमल नेमा, सत्यनारायण नेमा, आशीष नेमा, डॉ. संदीप नेमा, सीमा नेमा, मंजुला नेमा, निधि नेमा सहित अनेक समाजजन एवं मातृशक्ति उपस्थित थे।

## अवैध निर्माण पर रोक लगाने पुलिस अधीक्षक को सौंपी शिकायत

**जबलपुर।** आवेदक राकेश सिंह गोंड ग्राम सरसवां तह. पनागर जिला जबलपुर निवासी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर बताया कि अनावेदक को आवेदिका के हक हिस्से की जगह पर बेजा कब्जा करने से रोका जाए। आवेदक ने बताया कि मौजा सरसवां पनागर, जिला जबलपुर स्थित खनं 166 की भूमि रकबा 19 डिसमिल बजरंगी कुंजी के नाम पर दर्ज है जो कि मेरी पैतृक सम्पत्ति है। उक्त सम्पत्ति में अनावेदक मोहन ठाकुर पिता बद्रीलाल ठाकुर ग्राम सरसवां तह. पनागर जबलपुर एवं उनका भतीजा मोंटी ठाकुर द्वारा मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देकर बेजा कब्जा कर मकान निर्माण कराया जा रहा है, जबकि उन्हें निकलने के लिए पृथक से जगह पूर्व में ही दी जा चुकी है, फिर भी वे मेरी बची हुई आने-जाने की जमीन पर कब्जा करने लड़ाई झगड़ा करने आमादा हैं। इसके पहले शिकायत करने पर पुलिस ने निर्माण कार्य रुकवा दिया था, लेकिन 08 अप्रेल को अनावेदकों द्वारा पुनः उक्त जमीन पर कब्जा करने धमकी दी गई। अतः निवेदन है कि अनावेदक द्वारा कराये जा रहे अवैध निर्माण पर तुरंत रोक लगाकर स्थगन आदेश जारी किया जाए तथा अवैध निर्माण हटवाया जाए।



## भारतीय मजदूर संघ की ऊर्जा मंत्री के साथ आंदोलन के मांगपत्र पर हुई बैठक

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ की 07अप्रैल 2026 को मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर के साथ आंदोलन के मांगो में 11 बिंदुओं जिसमें संविदा कर्मियों को नियमित, पूर्व क्षेत्र में अनुकंपा नियुक्ति संविदा कार्यालय सहायकों को नियमित बाय स्त्रोत कर्मियों, सेवानिवृत्ति पेंशनरों एवं सहकारी समिति के कार्मिकों की बिंदु बार समस्याओं एवं विसंगतियों पर चर्चा की गई जिसमें ऊर्जा मंत्री द्वारा तत्काल विशेष कर्तव्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि बिजली कर्मचारी महासंघ की शीघ्र बैठक ऊर्जा मंत्री की अध्यक्षता में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शनीरज मंडलोई से 16.04.2026 के पूर्व करवाई जाए एवं इन सभी बिंदुओं का निराकरण किस प्रकार से हो सकता है इस पर बैठकर दोनों पक्ष सकारात्मक चर्चा कर लें, इसके बाद न्याय उचित मांगों पर उचित निर्णय लिया जाएगा।प्रतिनिधि मंडल में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय मंत्री एवं सह प्रभारी विद्युत क्षेत्र अरविंद मिश्रा,भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर, मध्य प्रदेश बिजली क्षेत्र के प्रभारी एवं भारतीय मजदूर संघ के संयुक्त महामंत्री आशीष सिंह, मध्य प्रदेश बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार पांडे, मध्य प्रदेश की पांचों कंपनियों के महामंत्री मणिराज विश्वकर्मा, पूर्व क्षेत्र, संदीप त्रिपाठी मध्य क्षेत्र, राजेश जैन ट्रांसमिशन, भगवान स्वरूप श्रीवास्तव पश्चिम क्षेत्र, पंकज पवार उत्पादन के साथ देवेंद्र नेवले, अमित कुर्मी, दीपक गुप्ता, सुदीप मिश्रा, अखिलेश वासुरे (संविदा प्रतिनिधि) मध्य क्षेत्र प्रवीण तिवारी (अनुकंपा नियुक्ति संविदा) पूर्व क्षेत्र, सी.बी. विश्वकर्मा (विद्युत सहकारी समिति सोसाइटी) पूर्व क्षेत्र बंडा की उपस्थिति रही। प्रदेश महामंत्री बिजली कर्मचारी महासंघ सुशील कुमार पांडे द्वारा मांग पत्र के सभी बिंदुओं का विस्तार से वाचन किया गया, जिन्हें ऊर्जा मंत्री ने गंभीरता पूर्वक सुना। अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा के साथ बृहद बैठक में इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। उल्लेखनीय है कि मप्र बिजली कर्मचारी महासंघ का प्रदेशव्यापी आंदोलन के चतुर्थ चरण दिनांक 16 अप्रैल 26 को गोविंदपूरा, भोपाल में पूरे प्रदेश के विद्युत कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन यथावत रहेगा।



### खितौला पुलिस की ढुलमुल कार्यवाही

## घर में हुई चोरी का सामान वापस दिलाने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

**जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर आवेदक ने बताया गया कि मैं मोहम्मद इरफान निवासी वार्ड नंबर 9 मुंडिटोरिया के पास रहता हूँ। मेरा पैतृक निवास गोसलपुर में है। मैं मोबाइल एवं कपड़े का व्यापार करता है। ईद का त्यौहार होने के कारण में दिनांक 20 मार्च 2026 को रात में करीब 11:30 बजे अपने परिवार महित निवास गोसलपुर चला गया था। मैंने अपने मोबाइल पर घर में लगे हुए सीसीटीवी को करीब सुबह 7:30 बजे चेक किया, तो उसमें मैंने पाया कि मेरे घर के बाहर खड़ी मेरी नीले रंग की स्कूटी क्रमांक एमपी20 जेडब्ल्यू 7193 नहीं दिखी तो मुझे लगा कि मेरे घर में चोरी हो गई है। फिर मैं अपनी पत्री फरा बानो और बच्चों के साथ घर आया तो देखा कि घर का गेट टूटा हुआ है एवं घर पर चोरी हो गई है जिसमें मेरे घर में रखे नकद 5,50,000 एवं अन्य कीमती पैतृक सामान चोरी हो गया है। उपरोक्त घटना की जानकारी मेरे द्वारा थाना खितौला में 21 मार्च, 2026 को करा दी गई थी तथा उपरोक्त घटना की एफआईआर की कॉपी मुझे सौंप दी गई है। मेरे द्वारा कई चक्कर थाना के लगाए जा चुके हैं, किंतु थाना प्रभारी से मुझे कोई संतुष्ट जवाब नहीं मिल रहा है। जबकि मैंने सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर पता किया तो चोर जिला कटनी तहसील रीठी के मोहंद्रा गाँव के समीप मिमरा कला का निवासी है जो कि आदतन अपराधी है तथा उस व्यक्ति के विरुद्ध अन्य स्थानों में एफआईआर दर्ज है। मेरे साथ थाना खितौला के पुलिस बल भी चोर के गाँव तक हो आया है तथा वह ग्राम सिमरा कला का निवासी है जिसका नाम राजकुमार रजक पिता राजू रजक है।

# दोहरी सफलता: सिहोरा के मयंक उपाध्याय का बीएसएफ और मप्र पुलिस में चयन



**सिहोरा।** "ऊपरवाला जब भी देता है, देता छप्पर फाड़ के" — इस कहावत को जबलपुर जिले की सिहोरा तहसील के ग्राम टिकरिया निवासी मयंक उपाध्याय ने सच कर दिखाया है। सीमित संसाधनों और ग्रामीण परिवेश की चुनौतियों के बावजूद मयंक ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर प्रयास से एक साथ दो बड़ी सफलताएं हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मयंक उपाध्याय का चयन सीमा सुरक्षा बल (BSF) में हुआ है। इसके साथ ही उन्होंने मध्यप्रदेश पुलिस की परीक्षा में भी सफलता प्राप्त की है। एक साथ दो प्रतिष्ठित सुरक्षा सेवाओं में चयनित होकर मयंक ने यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हों, तो सफलता अवश्य मिलती है। एक छोटे से गांव से निकलकर देश और प्रदेश की सुरक्षा सेवाओं में स्थान बनाना क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। मयंक की इस उपलब्धि से ग्राम टिकरिया सहित पूरे सिहोरा क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है और युवाओं में भी उत्साह देखने को मिल रहा है।मयंक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवारजनों और गुरुजनों को दिया है। उन्होंने विशेष रूप से बड़े पिता श्याम सुंदर उपाध्याय, विष्णु दत्त उपाध्याय, पिता प्रभु दत्त उपाध्याय, चाचा हजारीलाल उपाध्याय तथा भाइयों सागर, समीर और कुबेर उपाध्याय के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। इसके साथ ही गुरु उपेंद्र गौतम के मार्गदर्शन को भी अपनी सफलता का आधार बताया। मयंक उपाध्याय की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नल जल निकासी के लिए सीएमओ को ज्ञापन सौंपा

**पाटन।** नगर परिषद पाटन में जन अभियान परिषद की टीम ने नल जल निकासी का समुचित प्रबंध एवं नलकूप चालू करने के संबंध में सीएमओ को ज्ञापन सौंपा जिसमें समिति के अध्यक्ष पवन बर्मन लक्ष्मी बर्मन राधा पटेल तुलसा बर्मन पार्षद सत्यम मेहरा गोविन्द बर्मन आदि उपस्थित रहे।




## डॉ काव्या स्वर्ण पदक से सम्मानित

**सिहोरा।** नगर की होनहार छात्रा डॉक्टर काव्या परोहा ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण करते हुए एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मेडिकल शिक्षा महाविद्यालय जबलपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें कुल 10 विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।डॉक्टर काव्या की इस सफलता से न केवल उनका परिवार बल्कि नगर भी गौरवान्वित हुआ है।आप शिक्षक संतोष कुमार परोहा सांदीपनि विद्यालय एंव श्रीमती अंजना परौहा शिक्षक माध्यमिक शाला मरहटी की सुपुत्री तथा दिव्या परौहा,अक्षय परोहा की बहन हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों और अपनी कड़ी मेहनत को दिया।इस अवसर पर दामाद पवन उरमलिया एवं नगर के नागरिकों,प्राचार्य अशोक उपाध्याय,शिवकुमार परौहा,राधापुरुषोत्तम परोहा,राजकुमार परोहा आदि ने खुशी जाहिर की है।

# हमसफर एक्सप्रेस ट्रेनों को एक-एक ट्रिप के लिए किया निरस्त

**जबलपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बिलासपुर जंक्शन-चाँपा जंक्शन रेलखण्ड पर थर्ड एवं फोर्थ लाइन से सबन्धित संयुक्त अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्यों हेतु प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/ नॉन इंटरलॉकिंग/ पोस्ट नॉन इंटरलॉकिंग कार्य करने के लिए अधिसूचित किया गया है, जिसके चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रानी कमलापति-संतरगाछी-रानी कमलापति एवं संतरगाछी-जबलपुर-संतरागाछी हमसफर ट्रेनें एक-एक ट्रिप निरस्त रहेंगी, जिसकी विस्तृत जानकारी निम्न है।



प्रारंभिक तिथियों से निरस्त रेलगाड़ियाँ-

गाड़ी संख्या 22169 रानी कमलापति-संतरगाछी हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन रानी कमलापति से 03 जून 2026 को निरस्त रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22170 संतरागाछी-रानी कमलापति हमसफर एक्सप्रेस ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन संतरागाछी से 04 जून 2026 को निरस्त रहेगी।

गाड़ी संख्या 20828 संतरगाछी-जबलपुर हमसफर ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन संतरगाछी से 03 जून 2026 को निरस्त रहेगी, वहीं गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफर ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से 04 जून 2026 को निरस्त रहेगी।

यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 रेल मदद से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम कल

**जबलपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती एवं संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जबलपुर के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को दोपहर 2:00 बजे घंटाघर, में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर भारत के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय एवं अधिकारों की मांग को लेकर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों की भागीदारी अपेक्षित है। **ज्ञापन के माध्यम से निम्न प्रमुख मांगें प्रस्तुत की जाएंगी-** जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत को लागू किया जाए। देश में होने वाली जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग का अलग कॉलम जोड़ा जाए। जनसंख्या के अनुपात में अन्य पिछड़ा वर्ग को सभी क्षेत्रों में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए। आगामी महिला आरक्षण में कमजोर एवं वंचित समाज की महिलाओं के लिए आरक्षण के भीतर आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इवीएम की जगह हर स्तर के चुनाव मत पत्र से करए जाएं।इस कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा, जबलपुर द्वारा किया जा रहा है जिसमें अनुसूचित जाति एवं जनजाति, बौद्ध महासभा के विभिन्न संगठनों का भी सहयोग रहेगा। आयोजकों ने शहर के सभी सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों एवं नागरिकों से उपस्थिति की अपील की है।

### प्रज्ञा विहार में भागवत कथा आयोजित

## जहां भक्त होते हैं भगवान वहीं करते है लीलाएं : नृसिंह देवाचार्य

**सिहोरा।** प्रज्ञा विहार कालोनी में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस गीता धाम के महंत परम पूज्य स्वामी नृसिंह देवाचार्य जी ने कहा भगवान के असंख्य अवतार हुए है परन्तु श्रीराम,श्रीकृष्ण का अवतार दिव्य है। अवतारा हा संख्येयाः अतः उन अवतारों में भगवान श्रीकृष्ण का पावन प्राकट्य मथुरा में कंश के कारागार में हुआ। पर बाल लीलाएं व उत्सव मथुरा में नहीं ब्रज में होता है। क्योंकि मथुरा में पापी केशं का साम्राज्य था। ब्रज में भगवत नन्दादिक गोप व गोपी हैं। जहां भक्त होते है भगवान की लीलाएं वहीं होती हैं। सुंदर रुप धारण कर पुतना भगवान का वध करने पहुंच गई और मौका पाकर पुतना भगवान को लेकर आकाश में चली गई और जैसे ही वह स्तन पान कराने लगी तो भगवान ने उसे जोर से पकड़ लिया वो चिल्लानें लगी तो भगवान ने कहा जिसे पकड़ लेता हूं छोड़ता नहीं हूं । इस तरह भगवान ने पुतना के साथ सकटा सुर,अघासुर,बकासुर आदि का भी अंत करके कंश को भरोसा करा दिया कि यही उसके परम शत्रु है। पूज्य गहराज श्री ने कहा अधर्म पथ का अनुयायी चाहे जितना शक्तिशाली क्यों न हो शीघ्र ही विनष्ट होता जाता है। अतः जो ईश्वर पर भरोसा कर धर्म पथ पर चलने का प्रयास करता है वही सदा सुखी सानान्द जीवन पूर्ण कर अपने लक्ष्य के प्राप्त करता है।" धर्मो रक्षति रक्षितः ।जिस तरह भक्त भगवान को पाने लालायित रहते हैं उसी तरह भगवान भी भक्त को पाने लालायित रहते हैं। कथा के पूर्व आयोजक मंडल के देववती अग्निहोत्री,मनेन्द्र अग्निहोत्री,जनपद पंचायत सिहोरा अध्यक्ष रश्मि अग्निहोत्री,नरेन्द्र कुमार अग्निहोत्री, रघुनाथ, देवेन्द्र, संतोष,समीर, शिवशक्ति, अतिन ,वैभव, सचिन,अनुज अग्निहोत्री आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।






**श्रीमती राजकली चौधरी-** गली नं. 2 बादशाह हलवाई मंदिर गौरीघाट रोड निवासी श्री जगतराम चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती राजकली चौधरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनोज कुमार नागेश-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री दम्मू लाल नागेश के पुत्र श्री मनोज कुमार नागेश (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मीरा विश्वकर्मा-** नगर निगम कम्पाउंड निवासी श्री कन्छेदी लाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा विश्वकर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा दुबे-** पूर्वी करियापाथर आचार्य विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री रामचंद्र दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा दुबे (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

श्री रोहणी प्रसाद श्रीवास्तव- जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री रोहणी प्रसाद श्रीवास्तव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम सुमरन चौधरी-** राजीव गांधी नगर गली नं. 5 निवासी श्री राम सुमरन चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कुंती देवी ठाकुर-** दूसरा पुल कवर्धा हाउस निवासी श्री मृगेंद्र सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती कुंती देवी ठाकुर (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रवि चौहान-** करियापाथर निवासी श्री गौरी चौहान के पुत्र श्री रवि चौहान (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री बिंटू चौधरी-** भटौली गौरीघाट निवासी श्री मुन्ना चौधरी के पुत्र श्री बिंटू चौधरी (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 12x4 से.मी. रंगीन 1300/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पड़ी धीमी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था अक्टूबर-दिसंबर, 2025 की तिमाही में सुस्त पड़कर सिर्फ आधा प्रतिशत की दर से बढ़ी जो 0.7 प्रतिशत के सरकारी पूर्वानुमान से कम है। दिसंबर तिमाही में जीडीपी 0.5 प्रतिशत की दर से बढ़ा जबकि जुलाई-सितंबर तिमाही में यह 4.4 प्रतिशत और अप्रैल-जून तिमाही में 3.8 प्रतिशत बढ़ा था।

### वाउ! मोमो फूड्स 2026-27 में 200 बिक्री केंद्र खोलेगी




**मुंबई।** त्वरित सेवा रेस्तरां (क्यूएसआर) श्रृंखला वाउ! मोमो फूड्स ने कहा कि वह वित्त वर्ष 2026-27 में अपने स्टोर की संख्या में 150 से 200 की बढ़ोतरी की योजना बना रही है। कंपनी का ध्यान अब दूसरी और तीसरी श्रेणी के बाजारों पर है। इसके अलावा कंपनी चालू वित्त वर्ष में 1,200 करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य लेकर चल रही है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे गिरकर 92.68 पर बंद



**मुंबई।** रुपये ने शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुरुआत बढ़त खो दी और 17 पैसे टूटकर 92.68 पर बंद हुआ। अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े तनाव के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। 10 करोड़ डॉलर तक सीमित करने के निर्देश की समय-सीमा शुक्रवार को खत्म हो गई, जिसके कारण रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।

# सोना खरीदने की मची होड़! दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों ने बढ़ाया गोल्ड रिजर्व

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

जनवरी के अंत में सोने की कीमत ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई थी लेकिन फरवरी में इसमें कुछ नरमी आई। इसका फायदा उठाते हुए दुनिया के कई देशों के सेंट्रल बैंकों ने जमकर सोने की खरीदारी की।

- फरवरी में केंद्रीय बैंकों ने 27 टन सोने की नेट खरीदारी की

जनवरी में उन्होंने केवल 6 टन सोना खरीदा था जबकि फरवरी में उन्होंने 27 टन सोने की नेट खरीदारी की। यह लगातार 23वां महीना है जब सेंट्रल बैंक सोने के नेट खरीदार रहे। हालांकि इस दौरान तुर्की और रूस ने अपने भंडार से सोने की बिक्री की। वर्ल्ड बैंक काउंसिल के मुताबिक फरवरी में यूरोपीय देश पोलैंड ने सबसे ज्यादा 20 टन सोना खरीदा। करीब एक साल में उसकी यह सबसे बड़ी मासिक खरीद है। पिछले साल फरवरी में पोलैंड ने 29 टन सोना खरीदा था। करीब 3.7 करोड़ की आबादी वाले इस देश का गोल्ड रिजर्व 570 टन पहुंच गया है जो उसके कुल रिजर्व का 31 फीसदी है। पोलैंड के केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने 700 टन का टारगेट रखा है। भारत का गोल्ड रिजर्व करीब 880 टन है जो कुल रिजर्व का 15.17 फीसदी है।

## सबसे अधिक यूरोपीय देश पोलैंड ने फरवरी में 20 टन सोना खरीदा

### किस-किस ने खरीदा सोना?

पोलैंड के अलावा उजबेकिस्तान और कजाकस्तान ने फरवरी में 8-8 टन सोना खरीदा। चेक गणराज्य और मलेशिया ने 2-2 टन और चीन तथा कंबोडिया के सेंट्रल बैंकों ने 1-1 टन सोना खरीदा। उजबेकिस्तान के सेंट्रल बैंक ने लगातार पांचवें महीने खरीदारी की। इसके साथ ही उसका गोल्ड रिजर्व 407 टन पहुंच गया है जो उसके कुल रिजर्व का 88 फीसदी है। चेक गणराज्य ने लगातार 36वें महीने अपना गोल्ड रिजर्व बढ़ाया है। इस यूरोपीय देश का सोने का भंडार अब 75 टन पहुंच चुका है जो उसके कुल रिजर्व का 7 फीसदी है।



### किसने की सोने की बिक्री?

चीन ने लगातार 17वें महीने सोने खरीदा है। इसके साथ ही उसका गोल्ड रिजर्व 2,308 टन पहुंच चुका है जो उसके टोटल रिजर्व का 10 फीसदी है। इस बीच तुर्की और रूस ने फरवरी में सोने की बिक्री की। तुर्की ने 8 टन और रूस ने 6 टन सोना बेचा। तुर्की ने ईरान में लड़ाई शुरू होने के बाद 20 अरब डॉलर का सोना बेचा है या उस पर लोन लिया है। तुर्की के सेंट्रल बैंक ने इस दौरान 52 टन सोना बेचा है। साथ ही 79 टन गोल्ड पर लोन लिया है। लीरा की गिरावट को थामने के लिए तुर्की को ऐसा करना पड़ा है।

### फरवरी में सोने का हाल

फरवरी में सेंट्रल बैंकों ने कुल 27 टन सोने की खरीदी की। इनमें पोलैंड, उजबेकिस्तान और कजाकस्तान सबसे बड़े खरीदार बने। वही चीन के सेंट्रल बैंक ने लगातार 17वें महीने खरीदा सोना। इन सबके बीच रूस और तुर्की के सेंट्रल बैंकों ने की सोने की बिक्री। जनवरी के अंत में सोना ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा था।

# आईटी ने 2.22 लाख से अधिक कर अपीलों का किया निपटान

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

- करदाताओं के साथ विवाद कम करने का किया प्रयास
- पहले की तुलना में 29 प्रतिशत अधिक अपीलों का निपटान

आयकर विभाग ने करदाताओं के साथ विवाद कम करने के प्रयासों के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में 2.22 लाख से अधिक अपीलों का निपटारा किया, जो एक वित्त वर्ष पहले की तुलना में करीब 29 प्रतिशत अधिक है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने आयकर अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि वित्त वर्ष 2026-27 में विभाग की कार्रवाई डेटा आधारित, संतुलित और एक 'निष्पक्ष एवं कुशल' कर प्रणाली के लक्ष्य के अनुरूप होनी चाहिए।अग्रवाल ने कहा कि आयकर विभाग जोखिम पहचान और प्रवर्तन कार्रवाई के लिए डेटा एनालिटिक्स और सूचना-आधारित तरीकों के उपयोग में मजबूती लेकर आया है। इसके तहत गलत कटौती दावों और कुछ इकाइयों द्वारा कारोबार की आय छिपाने जैसे मामलों की पहचान के लिए 'प्रवृत्ति-आधारित' जांच भी की गई।




### बकाया मांग में कमी आई

इस अवधि में 72,933 शिकायतों का निपटारा किया गया, जिनका औसत समाधान समय 47 दिन रहा। साथ ही 1,32,125 संशोधन आवेदनों का निपटारा किया गया और अपील के फैसलों को लागू करने के लिए 5,68,621 आदेश जारी किए गए। इन उपायों के चलते 2025-26 में कुल 10.26 लाख से अधिक मामलों का निपटारा हुआ, जिससे बकाया मांग में 12.33 लाख करोड़ रुपये की कमी आई।

### लंबित मामलों में 33 फीसदी की कमी

सीबीडीटी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 2,22,540 अपीलों का निपटारा किया गया, जबकि 2024-25 में यह संख्या 1,72,361 थी। इस तरह अपीलों के निपटान में 29.11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वर्ष की शुरुआत में लंबित 1,51,239 पुराने मामलों में से 50,654 का विशेष अभियान के तहत निपटारा किया गया, जिससे लंबित मामलों में 33.49 प्रतिशत की कमी आई।

# 'कैल्साइंड पेट्रोलियम कोक' के आयात को लेकर रूपरेखा जारी



**नई दिल्ली।** विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शुक्रवार को एल्युमीनियम उद्योग में उपयोग होने वाले 'कैल्साइंड पेट्रोलियम कोक' (सीपीसी) के आयात के लिए विस्तृत प्रक्रिया की रूपरेखा जारी की है। वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाला डीजीएफटी ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि वर्ष 2026-27 के लिए एल्युमीनियम उद्योग में इस्तेमाल होने वाले 'कैल्साइंड पेट्रोलियम कोक' (सीपीसी) और इसके निर्माण के लिए कच्चे पेट्रोलियम कोक के आयात को लेकर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आयात की जाने वाली मात्रा का आवंटन एक विशेष समिति की सिफारिशों के आधार पर किया जाएगा। पेट्रोलियम कोक या पेटकोक कच्चे तेल के शोधन के दौरान निकलने वाला एक ठोस पदार्थ है, जिसका उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है।

**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal–462011 (M.P.)
Ph. : 0755-2518300, marketing@mpsedc.com, www.mpsedc.mp.gov.in

**NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on M.P. Tender :

| S. No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1. | MPSEDC/E-Waste/2026/679 | RFP for Selection of Authorized Agency for Disposal of E-Waste (Computer Hardware & Peripherals) and Degaussing Services for MPSEDC. |
| 2. | MPSEDC/ SA/2025-26/680 | RFP for Security Audit Vertical: Hardware Procurement (Third Call). |
| 3. | MPSEDC/ SA/2026/681 | RFP for Rate Contract for Selection of Cert-In Empanelled Vendors for Security and Source Code Audit of IT Applications. |

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on M.P. Tender Portal (www.mptenders.gov.in).
M.P. Madhyam/125309/2026 CHIEF GENERAL MANAGER

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग**
N.IT. NO./PWD- 2025-26/04/E-tendring/PRO 61 **तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना** Dated- 10/04/206

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों / मान्यता प्राप्त फर्म निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन-लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_ 498467_1 10/04/2026 | संभाग क्रमांक -04 पं. बनारसी दास भनोत वार्ड अंतर्गत कुंज निकुंज कालोनी रोड के दोनो ओर कवर्ड नाली निर्माण सीमेंटीकरण एवं चेकर्ड टाईल्स लगाने का कार्य (तृतीय निविदा) (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>रू 4.22 | 2000/-<br>4230/- | 24/04/2026 |
| 2. | 2026_UAD_ 498467_2 10/04/2026 | संभाग क्रमांक-04 04 पं. बनारसी दास भनोत वार्ड अंतर्गत चंद्रिका परिसर से डॉ. साकेत भाटिया तक रोड के दोनो ओर कवर्ड नाली निर्माण कार्य (तृतीय निविदा) (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>रू 4.21 | 2000/-<br>4220/- | 24/04/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in में पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री, संभाग क्रमांक -04**
**नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला - डिण्डौरी (म.प्र.)**
E-mail- modgmdin@mp.gov.in

क्रमांक / 10 / खनिज / 2026 **इश्तहार** दिनांक 07/04/2026

**म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 ( 1 - क)**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रमोद साहू आ. श्री नेमचंद साहू निवासी गाड़ासरई तह. बजाग जिला डिण्डौरी (म.प्र.) द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18 (1- क) के तहत उत्खनिपट्टा नवीनीकरण प्राप्त करने हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 01.04.2026 को प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत आवेदन पत्र का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

**आवेदिन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं. | रकबा हेक्टर में | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमॉर्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| डिण्डौरी | बजाग | रतना माल | 01 | 2.000 | निजी भूमि | गिट्टी | ई आईडी 39741 |
| | | | कुल रकबा | 2.000 | | | |

उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो अथवा इस संबंध में कोई अन्य दावा प्रस्तुत करना चाहता हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने की तारीख से 15 दिवस के भीतर कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला डिण्डौरी में आपत्ति का लेख / कारण दशार्ते हुए लिखित रूप से प्रमाण सहित प्रस्तुत करें।
**नियत अवधि के उपरांत प्रस्तुत किसी भी आपत्ति / दावे पर विचार नहीं किया जावेगा।**

**प्रभारी खनि अधिकारी**
**खनिज शाखा**
**जिला - डिण्डौरी (म.प्र.)**
G-11319/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

# टाटा संस का सूचीबद्ध होना जनहित में

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

शापूरजी पलोनजी (एसपी) समूह के चेयरमैन शापूरजी पलोनजी मिस्त्री ने शुक्रवार को एक बार फिर टाटा संस को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की वकालत की। उन्होंने कहा कि यह केवल नियामक नियमों का पालन नहीं है, बल्कि जनहित में एक जरूरी कदम है। मिस्त्री ने इस मामले में सरकार और आरबीआई द्वारा निर्णायक कार्रवाई किए जाने पर भरोसा जताया।

टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के बारे में एक बयान में मिस्त्री ने कहा, ''एसपी समूह को भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक पर पूरा भरोसा है कि वे टाटा संस को सूचीबद्ध करने के मामले में निर्णायक कदम उठाएंगे। कोई ठोस प्रमाण आधारित तर्क पेश नहीं किया गया है, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध होने से टाटा ट्रस्ट के हितों को नुकसान होगा या लाभार्थियों की सेवा करने की क्षमता कम हो जाएगी। मिस्त्री की यह टिप्पणी उन खबरों के बीच आई है जिनमें कहा गया कि टाटा ट्रस्ट के दो ट्रस्टी- वेणु श्रीनिवासन और विजय सिंह, टाटा संस को सूचीबद्ध करने के पक्ष में हैं। जबकि टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा इस कदम के खिलाफ हैं। मिस्त्री ने कहा, ''जैसा कि मैंने पहले भी कहा है, मैं फिर दोहराता हूं कि टाटा संस को समय पर सूचीबद्ध करना केवल नियमों का पालन नहीं है, बल्कि एक अनिवार्य प्रगति है। इससे कॉरपोरेट प्रशासन मजबूत होगा और पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ेगी।'' उन्होंने जोर देकर कहा कि टाटा संस को सूचीबद्ध करना मौलिक रूप से जनहित में है। एक सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध होल्डिंग कंपनी बोर्ड की जवाबदेही को मजबूत करती है, निवेशकों का आधार बढ़ाती है।




- सरकार और आरबीआई पर भरोसा : शापूरजी पलोनजी मिस्त्री

*संस में पलोनजी की हिस्सेदारी 18.37 प्रतिशत : मिस्त्री ने कहा, हम जल्द से जल्द सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए टाटा संस के नेतृत्व के साथ रचनात्मक बातचीत कर रहे हैं, लेकिन हम सूचीबद्धता के संबंध में आरबीआई से एक निर्णायक दिशानिर्देश की उम्मीद करते हैं। गौरतलब है कि शापूरजी पलोनजी परिवार के पास टाटा संस की लगभग 18.37 प्रतिशत हिस्सेदारी है।*

### संस में 66 फीसदी हिस्सेदारी टाटा ट्रस्ट के पास

एसपी समूह टाटा संस में अपनी इस हिस्सेदारी का लाभ उठाकर कोष जुटाने और अपना कर्ज कम करने की कोशिश कर रहा है। टाटा संस में 66 प्रतिशत हिस्सेदारी टाटा ट्रस्ट के पास है।

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव**
**मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग जिला जबलपुर**

क्रमांक 63/ भू-अर्जन /प्र क्र. 0002/अ-82/ 2025-26 जबलपुर दिनांक 26/03/2026

**// सार्वजनिक सूचना //**

चूंकि म.प्र. शासन राजस्व विभाग की आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2014 अधिसूचना दिनांक 12/11/2014 एवं राजपत्र दिनांक 14/11/2014 के अंतर्गत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं उपक्रमों को सार्वजनिक प्रयोजन हेतु निर्माण की जाने वाली अधोसंरचनाओ के लिए समय - समय पर निजी भूमि की आवश्यकता पड़ती है। इस नीति के अंतर्गत राज्य शासन के विभाग / उपक्रम मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर की परियोजना जबलपुर जिले के अंतर्गत जबलपुर मानिकपुर सेक्शन के रेल्वे कि.मी. 1010/6-7 में लेवल क्रॉसिंग क्र. 327 में आर.ओ. बी. निर्माण कार्य हेतु ग्राम पिपरिया कुशनेर तह. पनागर जिला जबलपुर में प्रभावित निजी भूमि की आवश्यकता है। इसका विवरण निम्नानुसार है तथा इसके भू-धारक / भूमिस्वामियों द्वारा नीति की कंडिका 10 के अंतर्गत अर्जन हेतु निर्धारित प्रारूप *ख* में सहमति मुझे प्रस्तुत कर दी गई है। आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2014 की कंडिका 11 (1) के अंतर्गत सर्वसाधारण की सूचना के लिए यह सूचना जारी की जा रही है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति के अंतर्गत अर्जित की जा रही भूमि लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण संभाग जबलपुर के पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो यह सार्वजनिक सूचना प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में अवकाश के दिनों को छोड़कर कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों को न तो स्वीकार किया जावेगा ओर न ही उन पर किसी प्रकार का विचार किया जायेगा।

**अर्जन की जाने वाली भूमि / संपत्ति का विवरण**

जिला :- जबलपुर तहसील :- पनागर ग्राम :- पिपरिया कुशनेर
पटवारी हल्का न. :- 137 अनुभाग - जबलपुर क्षेत्रफल :- 0.570

| स. क्र. | प्रभावित भू-धारक / भूमिस्वामियों का नाम | खसरा न. | कुल रकबा | अर्जित रकबा | भूमि/परिसंपत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मणि जैन बेवा अजय कुमार, नीरज जैन मृदुला जैन नितिन जैन पिता अजय कुमार जैन | 1161 | 0.360 | 0.100 | कृषि कार्य |
| 2 | मन्ती बाई बेवा नारायण प्रसाद रामकुमार पिता नारायण प्रसाद | 1233 | 0.040 | 0.025 | कृषि कार्य |
| 3 | पूना बाई बेवा रामप्रवेश, प्रशांतप्रिया रितु निशा, पिता रामप्रवेश | 1045 | 0.070 | 0.020 | कृषि कार्य |
| | | 1042 | 0.150 | 0.035 | |
| | | 1043 | 0.140 | 0.110 | |
| 4 | ममता गंगवाल मीनू जैन पिता विजय कुमार जैन | 1046 | 0.180 | 0.015 | कृषि कार्य |
| 5 | गौरीशंकर पिता तन्नूराम केवट | 1040 | 0.090 | 0.045 | |
| 6 | राम सहाय केवट, राम अवतार केवट पिता शंभू केवट | 1039 | 0.140 | 0.040 | कृषि कार्य |
| 7 | राकेश पिता मुकंदी लाल पटेल | 1036/1 | 0.090 | 0.030 | कृषि कार्य |
| 8 | शिवचरण पिता देवदत्त | 1036/2 | 0.090 | 0.030 | कृषि कार्य |
| 9 | रामेश्वर पिता देवदत्त | 1036/3 | 0.10 | 0.030 | कृषि कार्य |
| 10 | राजेन्द्र प्रसाद, कुंती बाई तुलसी बाई पिता भूक्कड़ काछी | 1032 | 0.550 | 0.090 | कृषि कार्य |
| | कुल योग :- 10 | 12 | 2.00 | 0.570 | कृषि कार्य |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
**(राघवेंद्र सिंह IAS)**
**कलेक्टर जबलपुर एवं पदेन उप सचिव**
**मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग**
G-11299/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

**कार्यालय अधीक्षक नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल, जबलपुर (म.प्र.)**
jscjjbp@mp.gov.in Fax No-0761-2621752 Ph.No- 0761-2620016

**अल्पकालिक तृतीय वार्षिक ई-निविदा सूचना वर्ष - 2026-27**

नेताजी सुभाषचंद्र बोस केन्द्रीय जेल जबलपुर में मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित 2022 ) के अन्तर्गत खण्ड- 1. दवाइयाँ, चिकित्सा उपकरण, लैब सामग्री एवं चिकित्सीय जॉच के वर्ष 2026-27 में क्रय हेतु अल्पकालिक तृतीय वार्षिक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | प्री-बीड मिटिंग की तिथि | दिनांक 16.04.2026 को समय प्रात: 11:00 बजे तक | केन्द्रीय जेल जबलपुर |
| 2 | ऑनलाईन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि, निविदा फार्म का मूल्य 05 लाख तक की निविदा हेतु 500 /- रुपए तथा 05 लाख से अधिक की निविदा हेतु 1000/- रुपए प्रति फार्म राशि ऑनलाईन शीर्ष 0056 - 800 अन्य प्राप्तियों में 0056-800 जमा किया जाएगा। | दिनांक 25.04.2026 को सायंकाल: 05:30 बजे तक | https://mptenders.gov.in |
| 4 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | दिनांक 27.04.2026 को समय प्रात: 11:00 बजे तक | केन्द्रीय जेल जबलपुर |
| 5 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 28.04.2026 को दोपहर 11:00 बजे तक | केन्द्रीय जेल जबलपुर |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधितजानकारी वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर भी प्राप्त की जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित वेवसाईट पर ऑनलाईन पेमेन्ट कर कय किया जा सकता है।

**जेल अधीक्षक**
**नेताजी सुभाषचंद्र बोस,**
**केंद्रीय जेल, जबलपुर**
G-11301/26 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"

# विदेशी मुद्रा भंडार में 9.06 अरब डॉलर की बढ़ोतरी

एजेंसी ▸▸| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 9.06 अरब डॉलर बढ़कर 697.12 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।



- आरबीआई ने तीन अप्रैल के लिए जारी किया आंकड़ा

इससे एक सप्ताह पहले 27 मार्च को समाप्त अवधि में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.28 अरब डॉलर घटकर 688.06 अरब डॉलर रह गया था। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी, 2026 को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद पश्चिम एशिया संकट के कारण इस भंडार में कई सप्ताह तक गिरावट देखी जा रही थी। असल में, पश्चिम एशिया संकट के बाद रुपये पर बने हुए दबाव के बीच केंद्रीय बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर की बिक्री के जरिये हस्तक्षेप करता रहा है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां समीक्षाधीन सप्ताह में 1.78 अरब डॉलर बढ़कर 552.85 अरब डॉलर हो गईं।

**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)**
**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत काष्ठागार चिल्फी में एकत्रित ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय/काष्ठागार चिल्फी से प्राप्त की जा सकती है।

**नीलाम दिनांक - 20.04.2026 समय - 9:00 बजे प्रात: से**
वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | - | - | - | 6.143 | 26 | 5 | 6.143 | 26 | 5 |
| साल | 481-766 | - | 134 | 1092.135 | - | 133 | 1573.901 | - | 267 |
| बीजा | - | - | - | 20.587 | - | 30 | 20.587 | - | 30 |
| साजा | - | - | - | 16.970 | - | - | 16.970 | - | - |
| तिंसा | - | - | - | 4.311 | - | 7 | 4.311 | - | 7 |
| ह.मु. | - | - | - | 18.184 | - | - | 18.184 | - | - |
| धावड़ा | - | - | - | 6.435 | - | 30 | 6.435 | - | 30 |
| कसही | - | - | - | 60.152 | 5 | 88 | 60.152 | 5 | 88 |
| अन्य | - | - | - | 8.574 | - | - | 8.574 | - | - |
| योग:- | 481-766 | - | 134 | 1233.491 | 31 | 293 | 1715.257 | 31 | 427 |

टीप :- (1) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। (2) क्रेताओ को ई-आक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। (3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction portal में अपने आई.डी. से लॉगिन करके देख सकते है। (4) ई-आक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं को क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा। (5) प्रत्येक लॉट 30 सेकंड की अवधि के लिए बोली लगाने के लिए लाइव रहेगा। यदि अंतिम 20 सेकंड में कोई बोली प्राप्त नही होती है तोलॉट बंद कर दिया जायेगा।

**वन मंडलाधिकारी**
**कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा**
G-262700135/3

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि / या ) संभाग जबलपुर म. प्र.**
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर, (म. प्र. ) पिन - 482001 Email :- eepwdelecjbp@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक - 01/व.ले.लि./2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** जबलपुर, दिनांक 02.04.2026

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनमानित राशि रू.(लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_ PWDRB 497230_1 | नरसिंहपुर जिले जिला न्यायालय मे स्थापित 03 नग जोनसन मेक लिफ्ट के वार्षिक रखरखाब का कार्य। (05 वर्ष) | द्वितीय | 13.43 | 268560/- | 2000/- | Five Years | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं"अ"श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |
| 2 | 2026_ PWDRB 497231_1 | मुख्यालय जिला जबलपुर अंतर्गत विंडो कूलर / डेजर्ट कूलर के वार्षिक रखरखाब का कार्य। | प्रथम | 8.00 | 16000/- | 2000/- | Two Month | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं"ब"श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |
| 3 | 2026_ PWDRB 497232_1 | जिला नरसिंहपुर के इटारसी-जबलपुर सेक्शन के रेल्वे कि.मी. 861/7-8 में रेल्वे क्रासिंग क्र-258 पर गाडरवाडा-चीचली मार्ग में ओर.ओ. बी. पर (स्ट्रीट लाईट) विद्युतीकरण का कार्य | प्रथम | 32.87 | 50000/- | 5000/- | Two Month | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं"अ"श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |
| 4 | 2026_ PWDRB 497233_1 | जबलपुर जिले के अंतर्गत आर.ओ. बी. 301 शहपुरा-भिटौनी निर्माण में बाधित एच.टी.एल.टी. लाईन शिफ्टिंग एवं लायटिंग का कार्य। | प्रथम | 91.00 | 91000/- | 10000/- | Four Month | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं"अ"श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |
| 5 | 2026_ PWDRB 497569_1 | नरसिंहपुर के पी.जी. कॉलेज के ऑडिटोरियम में विद्युतीकरण का कार्य। | प्रथम | 8.35 | 16000/- | 2000/- | Two Month | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं"अ"श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |
| 6 | 2026_ PWDRB 497920_1 | जबलपुर जिले के अंतर्गत नर्मदा नदी पर लम्हेटाघाट से लम्हेटी के बीच निमार्णाधीन केबल स्टे ब्रिज में स्ट्रीट लाईट, पोल एवं फिटिंग्स लगाने का विद्युतीकरण कार्य। | प्रथम | 29.08 | 50000/- | 5000/- | Two Month | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं"अ"श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |

टीप :-निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 20.04.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (वि / यां) संभाग जबलपुर**
G-11282/26 "स्वच्छता ही सेवा"

चिंतन

# देर से सही, लेकिन देना ही पड़ा इस्तीफा

नोटकांड में फंसे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को देर से ही सही, लेकिन आखिरकार इस्तीफा देना ही पड़ा। यह केवल एक व्यक्ति का पद छोड़ना नहीं, बल्कि भारतीय न्यायपालिका की साख पर लगे एक गहरे दाग की स्वीकारोक्ति जैसा ही है। एक जज के घर से बोरियों में भारी मात्रा में नोटों का मिलना, वह भी आग लगने जैसी घटना के बाद, किसी साधारण अनियमितता का मामला नहीं हो सकता। यह सीधे-सीधे उस नैतिकता और शुचिता पर सवाल है, जिसकी उम्मीद न्यायाधीशों से की जाती है। होली 2025 की रात दिल्ली स्थित सरकारी आवास में आग लगने के बाद जले हुए नोटों की गड्डियां मिलने की घटना ने देश को चौंका दिया था। इसके बाद शुरू हुई जांच, ट्रांसफर, और न्यायिक कार्य से दूरी, ये सभी घटनाक्रम बताते हैं कि मामला कितना गंभीर था। दिल्ली हाईकोर्ट से इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरण भी कई सवाल छोड़ गया। क्या यह एक अस्थायी समाधान था या वास्तविक कार्रवाई से बचने का रास्ता? भारतीय लोकतंत्र में न्यायपालिका को सबसे भरोसेमंद स्तंभ माना जाता है, लेकिन जब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हुई जांच के बाद भी इस तरह के आरोप सामने आते हैं, तो जनता का विश्वास डगमगाना स्वाभाविक है। न्याय केवल होना ही नहीं चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए। इस मामले ने इसी बुनियादी सिद्धांत को चुनौती दी है। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। क्या किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के लिए इस्तीफा ही पर्याप्त दंड है? या फिर इसके आगे आपराधिक जांच और सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए? संसद में महाभियोग की प्रक्रिया जरूर मौजूद है, लेकिन इसकी जटिलता और लंबाई इसे अक्सर अप्रभावी बना देती है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि जस्टिस वर्मा ने आरोपों को साजिश बताया, जबकि सुप्रीम कोर्ट की कमेटी द्वारा करवाई गई जांच में उन्हें दोषी ठहराया गया। ऐसे विरोधाभासी दावों के बीच पारदर्शिता और निष्पक्षता की मांग और तेज हो जाती है। क्या जांच की पूरी रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए? क्या जनता को यह जानने का अधिकार नहीं है कि आखिर सच क्या है? इस पूरे घटनाक्रम ने न्यायपालिका के भीतर की इन-हाउस प्रणाली पर भी कई बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह प्रणाली इतनी सक्षम है कि वह अपने ही भीतर की गड़बड़ियों को निष्पक्षता से उजागर कर सके? या फिर इसमें बाहरी निगरानी की जरूरत है? यह समय इन सवालों से बचने का नहीं, बल्कि उनका सामना करने का है। देश में न्यायपालिका की ताकत उसकी नैतिक विश्वसनीयता में निहित होती है। अगर यही आधार कमजोर पड़ने लगे, तो पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर असर पड़ता है। इसलिए यह जरूरी है कि इस मामले को केवल एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना मानकर भुला न दिया जाए, बल्कि इसे एक चेतावनी के रूप में भी लिया जाए। अब जरूरत है न्यायपालिका में ठोस सुधारों की। जजों के लिए आचार संहिता को और कड़ा किया जाए, नियुक्ति और निगरानी प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाया जाए और आरोप साबित होने पर त्वरित व सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। न्यायपालिका की स्वतंत्रता उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी उसकी जवाबदेही। अंततः, देर से ही सही लेकिन न्याय की जीत हुई है। चूंकि देर-सबेर जस्टिस वर्मा को इस्तीफा देना ही था। लेकिन यशवंत वर्मा का इस्तीफा एक अंत नहीं, बल्कि शुरुआत होना चाहिए एक ऐसे सुधार की, जो न्यायपालिका को और अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और भरोसेमंद बना सके। लोकतंत्र में न्याय का मंदिर तभी मजबूत रहेगा, जब उसकी नींव पूरी तरह निष्कलंक हो।



जयंती विशेष
नरेंद्र मोदी

# ज्योतिराव फुले: भारत के दिव्य पथ-प्रदर्शक

> आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक तथा पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती है। हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

आज 11 अप्रैल हम सभी के लिए बहुत विशेष दिन है। आज भारत के महान समाज सुधारकों में से एक और पीढ़ियों को दिशा दिखाने वाले महात्मा ज्योतिराव फुले की जन्म-जयंती है। इस वर्ष यह अवसर और भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि उनके 200वें जयंती वर्ष का शुभारंभ भी हो रहा है। महान समाज सुधारक महात्मा फुले का जीवन नैतिक साहस, आत्म चिंतन और समाज के हित के लिए अटूट समर्पण का प्रेरक उदाहरण है। महात्मा फुले को केवल उनकी संस्थाओं या आंदोलनों के लिए ही याद नहीं किया जाता, बल्कि उन्होंने लोगों के मन में जो आशा और आत्मविश्वास जगाया, उसका व्यापक प्रभाव हम आज भी महसूस करते हैं। उनके विचार देशवासियों के लिए प्रेरणापुंज हैं।

महात्मा फुले का जन्म 1827 में महाराष्ट्र में एक बहुत साधारण परिवार में हुआ, लेकिन शुरुआती चुनौतियां कभी उनकी शिक्षा, साहस और समाज के प्रति समर्पण को नहीं रोक पाईं। उन्होंने हमेशा यह माना कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां क्यों न आएं, इंसान को मेहनत करनी चाहिए, ज्ञान हासिल करना चाहिए और समस्याओं का समाधान करना चाहिए, न कि उन्हें अनदेखा करना चाहिए। बचपन से ही महात्मा फुले बहुत जिज्ञासु थे और अपनी उम्र के अन्य बच्चों की अपेक्षा कहीं अधिक पुस्तकें पढ़ते थे। वो कहते भी थे, "हम जितना ज्यादा सवाल करते हैं, उनसे उतना ही अधिक ज्ञान निकलता है।" साफ है कि बचपन से मिली जिज्ञासा उनकी पूरी यात्रा में बनी रही। महात्मा फुले के जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण मिशन बनी। उनका मानना था कि ज्ञान किसी एक वर्ग की संपत्ति नहीं, बल्कि एक ऐसी शक्ति है, जिसे सभी के साथ साझा किया जाना चाहिए। जब समाज के बड़े हिस्से को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, तब उन्होंने लड़कियों और वंचित वर्गों के लिए स्कूल खोले। वे कहते थे, "बच्चों में जो सुधार मां के माध्यम से आता है, वह बहुत महत्वपूर्ण होता है। इसलिए अगर स्कूल खोले जाएं, तो सबसे पहले लड़कियों के लिए खोले जाएं।" उन्होंने शिक्षा को न्याय और समानता का माध्यम बनाया। शिक्षा के प्रति उनका दृष्टिकोण हमें आज भी बहुत प्रेरित करता है।

पिछले एक दशक में भारत ने युवाओं के लिए रिसर्च और इनोवेशन को बहुत प्राथमिकता दी है। एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का प्रयास किया गया है, जिसमें युवा सवाल पूछने, नई चीजें सीखने और इनोवेशन के लिए प्रेरित हों। ज्ञान, कौशल और अवसरों में निवेश करके भारत अपने युवाओं को देश की प्रगति का आधार स्तंभ बना रहा है। अपने शैक्षिक ज्ञान और बौद्धिकता से महात्मा फुले ने कृषि, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों की गहरी जानकारी हासिल की। वे कहते थे कि किसानों और मजदूरों के साथ अन्याय समाज को कमजोर करता है।

उन्होंने देखा कि सामाजिक असमानताएं खेतों और गांवों में लोगों के जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। इसलिए उन्होंने गरीबों, वंचितों और कमजोर वर्गों को सम्मान दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के



लिए भी हरसंभव प्रयास किए। महात्मा फुले ने कहा था, "जोपर्यंत समाजातील सर्वांना समान अधिकार मिळत नाहीत, तोपर्यंत खरे स्वातंत्र्य मिळत नाही" यानी जब तक समाज के सभी लोगों को समान अधिकार नहीं मिलते, तब तक सच्ची आजादी नहीं मिल सकती। इसी विचार को जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने कई संस्थाओं की स्थापना की। उनका सत्यशोधक समाज, आधुनिक भारत के सबसे महत्वपूर्ण समाज सुधार आंदोलनों में से एक था। यह आंदोलन सामाजिक सुधार, सामुदायिक सेवा और मानवीय गरिमा को बढ़ावा देने में अग्रणी रहा था। यह महिलाओं, युवाओं और गांवों में रहने वाले लोगों की पुरजोर आवाज बना।

यह आंदोलन उनके इस विश्वास को दर्शाता है कि समाज की मजबूती के लिए न्याय, हर व्यक्ति के प्रति सम्मान और सामूहिक प्रगति जरूरी है। उनका व्यक्तिगत जीवन भी साहस की मिसाल रहा। लगातार लोगों के बीच रहकर काम करने का असर उनके स्वास्थ्य पर भी पड़ा। लेकिन गंभीर बीमारी भी उनके संकल्प को कमजोर नहीं कर सकी। एक गंभीर स्ट्रोक के बाद भी उन्होंने अपना काम और समाज के लिए संघर्ष जारी रखा। उनका शरीर कमजोर हुआ, लेकिन समाज के प्रति उनका समर्पण कभी नहीं डगमगाया। आज भी करोड़ों लोग उनके जीवन के इस पहलू से प्रेरणा लेते हैं। महात्मा फुले का स्मरण, सावित्रीबाई फुले के सम्मानजनक उल्लेख के बिना अधूरा है।

वह स्वयं भारत की महान समाज सुधारकों में से एक थीं। भारत की पहली महिला शिक्षिकाओं में शामिल सावित्रीबाई ने लड़कियों की शिक्षा को आगे बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाई। महात्मा फुले के निधन के बाद भी उन्होंने इस कार्य को जारी रखा। 1897 में प्लेग महामारी के दौरान उन्होंने मरीजों की इतनी सेवा की कि वह स्वयं भी इस बीमारी की शिकार हो गईं और उनका निधन हो गया। भारतभूमि बार-बार ऐसी महान विभूतियों से धन्य होती रही है, जिन्होंने अपने विचार, त्याग और कर्म से समाज को मजबूत बनाया है। उन्होंने बदलाव का इंतजार नहीं किया, बल्कि स्वयं बदलाव का माध्यम बने। सदियों से हमारे देश में समाज सुधार की आवाज उन्हीं लोगों से उठी है, जिन्होंने पीड़ा को भाग्य नहीं माना, बल्कि उसे खत्म करने के प्रयासों में जुटे रहे। महात्मा ज्योतिराव फुले भी ऐसे ही महान व्यक्तित्व थे। मुझे 2022 में पुणे की अपनी यात्रा याद है, जब मैंने शहर में महात्मा फुले की भव्य प्रतिमा पर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। उनके 200वें जयंती वर्ष की शुरुआत पर हम उनके विचारों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। हमें शिक्षा के प्रति अपने संकल्प को मजबूत करना होगा। अन्याय के प्रति संवेदनशील बनना होगा और यह विश्वास रखना होगा कि समाज अपने प्रयासों से ही खुद को बेहतर बना सकता है।

उनका जीवन हमें सिखाता है कि समाज की शक्ति को जनहित और नैतिक मूल्यों से जोड़कर भारत में क्रांतिकारी बदलाव लाए जा सकते हैं। यही कारण है कि आज भी उनके विचार करोड़ों लोगों में नई उम्मीद जगाते हैं। महात्मा ज्योतिराव फुले 200 साल बाद भी केवल इतिहास का नाम नहीं, बल्कि भारत के भविष्य के मार्गदर्शक बने हुए हैं।

(लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं,, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आर्थिकी
सतीश सिंह



# मौद्रिक समीक्षा पर युद्ध और महंगाई का साया

वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितता, भू-राजनीतिक तनाव और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने 8 अप्रैल को जारी अपनी मौद्रिक नीति में सतर्क रुख अपनते हुए रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। साथ ही, केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीति को 'न्यूट्रल' भी बनाए रखा अर्थात यह जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने के बजाय अभी वह हालात पर नजर रखेगा और बदलती स्थिति के अनुसार आने वाले दिनों में समीचीन फैसला लेगा। इस क्रम में यह भी बताना जरूरी है कि रिजर्व बैंक पहले ही रेपो दर में 125 बेसिस पॉइंट्स की कटौती कर चुका है और उसका पूरा फायदा बैंकों ने ग्राहकों को नहीं दिया है। इसके अलावा, हाल में रिजर्व बैंक ने ओपेन मार्केट ऑपरेशन के जरिये बॉन्ड खरीदकर बैंकिंग प्रणाली में पैसा डाला था। इस तरह, अभी बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त पैसा है। ऐसे में अगर केंद्रीय बैंक रेपो दर में कटौती भी करता तो भी उधारी के उठाव में बहुत ज्यादा इजाफा नहीं होता। बहरहाल,रिजर्व बैंक के इस फैसले से रियल एस्टेट क्षेत्र को बड़ी राहत मिली है, क्योंकि ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं होने से होम लोन का ब्याज नहीं बढ़ेगा और लोगों के लिए घर खरीदना आसान होगा। साथ ही, होम लोन के वर्तमान ग्राहकों की किस्त और ब्याज में वृद्धि नहीं होगी।

रिजर्व बैंक के गवर्नर के अनुसार एक तरफ दुनिया भर में अनिश्चितता, महंगा तेल और पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रही है, वहीं दूसरी तरफ भारत की अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत दिख रही है। केंद्रीय बैंक के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 7.6% रहने का अनुमान है, जो यह दर्शाता है कि देश में खपत, निवेश और सरकारी नीतियों का असर मजबूत रहा है। हालांकि,अब चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर घटकर 6.9% रह सकती है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और अन्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का असर भारत में पेट्रोल, एलपीजी और उद्योगों में इस्तेमाल होने वाले डीजल जैसे ईंधनों की कीमतों पर पड़ रहा है और इसका प्रभाव धीरे-धीरे घरेलू स्तर पर भी परिलक्षित हो रहा है। अगर हालात ऐसे ही बने रहते हैं तो ऊर्जा और अन्य कमोडिटी की ऊंची कीमतें मिलकर 2026-27 में देश के विविध उत्पादों के उत्पादन पर भी दबाव डाल सकती हैं। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के मुताबिक भी मौजूदा स्थिति ने महंगाई और विकास के बीच संतुलन बनाने की चुनौती को और जटिल बना दिया है। इनमें कच्चे तेल और ऊर्जा की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में संभावित बाधाएं और इन सब के चलते महंगाई के दोबारा बढ़ने की आशंका शामिल है। मामले में अच्छी बात यह है कि घरेलू मांग अभी भी बनी हुई है। शहरों में लोग खर्च कर रहे हैं और गांवों में भी हालात ठीक हैं। रिजर्व बैंक के अनुसार अच्छी फसल, बेहतर रोजगार और सरकार का विनिर्माण पर फोकस बना हुआ है, जिससे मांग के बने रहने की संभावना है। हां, मौजूदा स्थिति में निवेश की समस्या उत्पन्न हो गई है। डॉलर के मुक़ाबले रुपये में अभूतपूर्व कमजोरी आने और वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता के बने रहने के कारण विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली कर रहे हैं, जिसे रोकने के लिए सरकार को विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए टैक्स दर को कम और कर संरचना को सरल बनाना होगा। इसके बरक्स कर दर कम और इसके नियम सरल करने होंगे और निवेशकों को भरोसा देना होगा, तभी विदेशी निवेशक बिकवाली नहीं करेंगे। वित्त वर्ष 2027 में महंगाई करीब 4.9% और विकास दर 6.8 से 7% के बीच रह सकती है, बशर्ते मौजूदा पश्चिम एशिया संघर्ष ज्यादा लंबा न चले। ऐसे परिदृश्य में ब्याज दरें पूरे साल स्थिर रह सकती हैं। इससे आने वाले दिनों में रुपये में स्थिरता आ सकती है और 10 साल के बॉन्ड यील्ड 6.8–7% के दायरे में रह सकते हैं। कुल मिलाकर, आने वाले महीनों में महंगाई का रुख काफी हद तक ऊर्जा की कीमतों और मौसम की परिस्थितियों पर निर्भर करेगा। बैंकिंग सेक्टर की बात करें तो चौथी तिमाही के मजबूत बने रहने की उम्मीद है, क्योंकि क्रेडिट ग्रोथ में सुधार देखा गया है। निष्कर्ष के तौर पर कह सकते हैं कि फिलहाल अर्थव्यवस्था स्थिर बनी हुई है,लेकिन अगर वैश्विक स्तर पर अनिश्चितता और पश्चिम एशिया में तनाव बनी रहती है तो महंगाई में इजाफा होने के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से कई वस्तुओं के उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए,असली चुनौती अभी आने वाली है। अब सिर्फ ब्याज दरें नहीं, बल्कि निवेश, वैश्विक हालात, तेल की कीमतें और मानसून मिलकर तय करेंगे कि भारत की अर्थव्यवस्था कितनी तेजी से आगे बढ़ेगी। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो ग्रोथ बनी रहेगी। अगर बाहरी झटके बढ़े, तो मुश्किलें भी बढ़ सकती हैं।

(लेखक एसबीआई में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतर्संबंध



श्री श्री रविशंकर
दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है। यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें। करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

# अनुकरण अच्छा, अंधानुकरण नहीं



संकलित
प्रेरणा

एक गाँव में दो युवक रहते थे। दोनों में बड़ी मैत्री थी। जहाँ जाते साथ-साथ जाते। एक बार दोनों एक धनी व्यक्ति के साथ उसकी ससुराल गए। किसी धनी व्यक्ति के साथ रहने का यह पहला अवसर था, सो वे अपने धनी मित्र की प्रत्येक गतिविधि ध्यान से देखते रहे। गरमियों के दिन थे। रात में उक्त युवक के लिए शयन की व्यवस्था खुले स्थान पर की गई। पर्याप्त शीतलता बनी रहे इसके लिए वहाँ चारों तरफ जल छिड़का गया और रात को ओढ़ने के लिए बहुत ही हलकी मखमली चादर दी गई। अन्य दोनों युवकों ने इतना ही जाना कि इस तरह का रहन-सहन बड़प्पन की बात है। कुछ दिन बाद उन्हें भी अपनी-अपनी ससुराल जाने का अवसर मिला पर वे दिन गरमी के न होकर शीत के थे। नकल तो नकल ही है। दोनों ने अपना बड़प्पन जताने के लिए बिस्तर खुले आकाश के नीचे लगवाया, लोगों के लाख मना करने पर भी उन्होंने बिस्तर के आस-पास पानी भी छिड़कवाया और ओढ़ने के लिए कुल एक-एक चादर वह भी हलकी ली। रात को पाला पड़ गया सो दोनों को निमोनियाँ हो गया । चिकित्सा कराई गई तब कठिनाई से जान बची। इतनी कथा सुनाने के बाद गुरुजी ने शिष्य को समझाया– 'तात ! उचित और अनुचित का विचार किए बिना जो औरों का अनुकरण करता है वह मूर्ख ऐसे ही संकट में पड़ता है जैसे वह दोनों युवक।'!

## अंतर्मन




### आज की पाती

**युद्धविराम से उभरती नई विश्व व्यवस्था**

मध्य पूर्व में पिछले चालीस दिनों से जारी तनाव और संघर्ष के बाद जब अमरीका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल दो देशों के बीच शांति का क्षण भर का प्रयास नहीं था, बल्कि वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में सामने आया। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती दी, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी गहरा प्रभाव डाला। ऐसे में यह युद्धविराम आशा की एक किरण के रूप में देखा जा रहा है, किंतु इसके पीछे छिपी जटिलताएं और भविष्य की अनिश्चितताएं भी उतनी ही गंभीर हैं। होर्मुज स्ट्रेट, जो विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, संघर्ष का केंद्र बन गया था। **-शेखर वधवा, पानीपत**

## X ट्रेंड

### सफलता की कुंजी



आपकी परिस्थितियां, संघर्ष और सपने ही आपको अद्वितीय बनाते हैं। इसलिए, अपनी क्षमताओं और खूबियों को पहचानें और फिर पूर्ण समर्पण के साथ आगे बढ़ें। यही संतुलन सच्ची खुशी व सफलता की कुंजी है।
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### महत्वपूर्ण बदलाव



संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण अब देश में बेहद खुशी और उत्साह का क्षण है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने इस अधिनियम को लाने के लिए इतना बड़ा प्रयास किया। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव साबित होगा।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### उन्नत तकनीकों का प्रयोग



हमारे किसान भाइयों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी अपनाना चाहिए। मिट्टी की सेहत का ध्यान रखते हुए, संतुलित उर्वरकों का उपयोग और जल संरक्षण के लिए उन्नत तकनीकों का प्रयोग समय की आवश्यकता है।
**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### महिला आरक्षण



लंबे समय तक चुप्पी साधने के बाद मोदी सरकार अचानक महिला आरक्षण के मुद्दे पर सक्रिय हो गई है। इस बारे में, लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण के मुद्दे पर 16 से 18 अप्रैल तक संसदीय बैठक तय है।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया एवं चीन सहयोग और गहरा करने पर सहमत



उत्तर कोरिया और चीन के विदेश मंत्रियों ने अपने देशों के बीच सहयोग को और गहरा करने पर सहमति जताई तथा अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर ' 'गहन विचार–विमर्श'' किया। दोनों देशों के सरकारी मीडिया संस्थानों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चीन के विदेश मंत्री वांग यी बृहस्पतिवार को प्योंगयांग पहुंचे। यह पिछले सात वर्ष में उत्तर कोरिया की उनकी पहली यात्रा है। चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने कहा कि वांग और उत्तर कोरिया की विदेश मंत्री चोए सोन हुई ने अपनी बैठक में मौजूदा अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की लेकिन उन्होंने इन मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। उत्तर कोरिया की सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि दोनों पक्ष विदेश नीति से जुड़े मामलों को संभालने वाली अपनी एजेंसियों के बीच रणनीतिक संवाद मजबूत करने पर भी सहमत हुए। किसी भी समाचार संस्थान ने यह नहीं बताया कि चोए और वांग ने अमेरिका पर चर्चा की या नहीं, या फिर पश्चिम एशिया के युद्ध जैसे अन्य मुद्दों पर बात हुई या नहीं। वांग ने उत्तर कोरिया की यात्रा ऐसे समय की है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मई में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ पुनर्निर्धारित शिखर सम्मेलन के लिए बीजिंग जाने वाले हैं।

## ऑफ बीट

# मानव शरीर का 'डिजाइन परफेक्ट' नहीं : अध्ययन



मानव शरीर में रीढ़ अर्थात स्पाइन इस तर्क का सबसे अच्छा उदाहरण है। हमारी कशेरुक स्तंभ यानी वर्टिब्रल कॉलम का विकास चार पैरों वाले, पेड़ों पर रहने वाले पूर्वजों से हुआ, जहां इसका मुख्य कार्य लचीलेपन के साथ शाखाओं के बीच चलना और स्पाइनल कॉर्ड की रक्षा करना था। जब मनुष्य सीधा चलने लगा, तो रीढ़ को शरीर का वजन संभालने और संतुलन बनाए रखने की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिली तथा उस पर दबाव बढ़ा। रीढ़ का लचीलापन वजन को संतुलित करने में मदद करता है, लेकिन इससे कमर दर्द, डिस्क खिसकने और अन्य समस्याओं का खतरा भी बढ़ता है। ये समस्याएं इसलिए आम हैं क्योंकि रीढ़ वह काम कर रही है, जिसके लिए वह मूल रूप से विकसित नहीं हुई थी। गर्दन में मौजूद 'रिकरेंट लेरिंजियल नर्व' भी एक असामान्य संरचना का उदाहरण है। यह नस वेगस नर्व की शाखा है तथा हृदय की गति और आराम और पाचन के दौरान धड़कन तथा श्वांस को नियंत्रित करती है। यह बोलने व निगलने में भी मदद करती है। सीधे रास्ते से मस्तिष्क से गले तक जाने के बजाय यह नस पहले छाती में नीचे जाती है, एक प्रमुख धमनी के चारों ओर घूमती है और फिर वापस गले तक आती है। यह जटिल मार्ग किसी बुद्धिमान डिजाइन का परिणाम नहीं, बल्कि मछली जैसे पूर्वजों से विरासत में मिला है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### राजौरी में एक बक्से के अंदर मिले दो ग्रेनेड



**राजौरी।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को एक संदिग्ध आईईडी-जैसा बक्सा बरामद किया, जिसमें दो ग्रेनेड थे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई। स्थानीय लोगों ने सुंदरबनी क्षेत्र के ठंडीपानी इलाके में संदिग्ध सामग्री देखी, जिसके बाद सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और इलाके को सुरक्षित कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध विस्फोटक सामग्री एक जल निकाय के पास पड़ी हुई पाई गई। यह एक बक्से के अंदर सीलबंद दो ग्रेनेड थे।

### फिल्म निर्देशक रंजीत जमानत के बाद रिहा



**कोच्चि।** कोच्चि की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार फिल्म निर्देशक रंजीत को शुक्रवार को जमानत दे दी, जिसके बाद उन्हें कारागार से रिहा कर दिया गया। प्रथम श्रेणी की न्यायिक मजिस्ट्रेट एल उषा ने कड़ी शर्तों के साथ रंजीत की जमानत अर्जी मंजूर की। अदालत ने रंजीत को अपना पासपोर्ट सौंपने, एर्णाकुलम जिले से बाहर और फोर्ट कोच्चि में उस जगह पर नहीं जाने का निर्देश दिया जहां फिल्म की शूटिंग हुई थी।

### सीसीटीवी से पाक भेज रहे थे लाइव फीड, अरेस्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने एक बड़े अंतरराज्यीय जासूसी और हथियारों की तस्करी के मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। यह मॉड्यूल पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा संचालित किया जा रहा था। पुलिस ने दिल्ली और पंजाब से गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। विदेशी और देशी पिस्टल, जिंदा कारतूस जब्त किए हैं।और कई संदिग्ध सिम कार्ड भी जब्त किए गए हैं। प्रारंभिक पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं।

### औषधि क्षेत्र के लिए कच्चे माल की आपूर्ति बढ़ी



**नई दिल्ली।** सरकार ने आवश्यक दवाओं का निर्बाध उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए दवा उद्योग को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन कच्चे माल की आपूर्ति बढ़ा दी है। पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक दबाव से कदम उठाया है। दवा उद्योग अधिकांश पेट्रोरसायन कच्चे माल का आयात करता था, जो अधिकतर गुजरात के कांडला में पहुंचता था।

### बीपीसीएल के चेयरमैन का पदभार खन्ना ने संभाला

**नई दिल्ली।** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र के अनुभवी अधिकारी संजय खन्ना को कंपनी का चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया गया है। खन्ना पूर्व सीएमडी जी. कृष्णकुमार के 30 अप्रैल, 2025 को सेवानिवृत्त होने के बाद से ही अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

### आनंद राठी वेल्थ का लाभ 25 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** संपत्ति प्रबंधन कंपनी आनंद राठी वेल्थ का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 92 करोड़ रुपये रहा। वित्तीय सेवा कंपनी आनंद राठी समूह की इकाई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि एक साल पहले 2024-25 की इसी तिमाही में उसे 73.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की कुल आय 2025-26 की मार्च तिमाही में बढ़कर 301.6 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 241.3 करोड़ रुपये थी।

---

भारत-यूएस के बीच कई क्षेत्रों में चर्चा

## विदेश सचिव विक्रम मिसरी से अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मुलाकात



बाएं से विक्रम मिसरी, मार्को रुबियो, सर्जियो गोर

**अगले महीने भारत आएंगे अमेरिकी विदेश मंत्री**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो अगले महीने भारत दौरे पर आ सकते हैं। इसकी मजबूत संभावना तब जताई गई जब उन्होंने भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ वॉशिंगटन स्थित व्हाइट हाउस में सकारात्मक बैठक की। बैठक में दोनों नेताओं ने रक्षा, व्यापार, क्रिटिकल मिनरल्स और उभरती तकनीकों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को और गति देने पर चर्चा की। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने बताया कि बातचीत का मुख्य फोकस द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करना था।

### *आतंकवाद से निपटने सहयोग पर की चर्चा*



*विक्रम मिसरी ने अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर काश पटेल से मुलाकात की। इस बातचीत का मुख्य मुद्दा रक्षा, आतंकवाद का विरोध और क्षेत्रीय सुरक्षा रहा। दोनों ने आतंकवाद, सुनियोजित अपराध और नारकोटिक्स से निपटने में भारत-अमेरिका के मजबूत सहयोग पर चर्चा की। बैठक में पारंपरिक रक्षा संबंधों के साथ-साथ कानून लागू करने और अंदरूनी सुरक्षा के मुद्दों पर दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग पर जोर दिया गया। मिसरी ने उपसचिव क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ भी बातचीत की। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट के अनुसार, दोनों पक्षों ने भारत-अमेरिका की मजबूत साझेदारी को फिर से दोहराया और पर्शियन गल्फ सहित वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा, विक्रम मिसरी ने राजनीतिक मामलों की अंडर सेक्रेटरी एलिसन हुकर से भी बातचीत की।*

---

अब रूस-यूक्रेन युद्ध भी होगा खत्म!

## ऑर्थोडॉक्स ईस्टर के मौके पर 2 दिन का युद्धविराम, शांति समझौते पर चर्चा जारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों पक्षों ने इस वीकेंड ऑर्थोडॉक्स ईस्टर के मौके पर युद्ध में थोड़ा सा आराम देने का फैसला किया है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार देर रात आदेश जारी किया कि 11 अप्रैल को शाम 4 बजे से 12 अप्रैल तक रूसी सेना युद्ध रोक देगी। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पहले ही ईस्टर पर युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था। उन्होंने कहा कि यूक्रेन की सेना भी रूस की सेना के समान ही युद्ध रोक देगी। यूक्रेन के मुख्य वार्ताकार किरिलो बुदानोव ने कहा कि शांति वार्ता की एक बड़ी सफलता यह है



पुतिन जेलेंस्की

कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार को मध्यस्थ के रूप में लगातार जोड़े रखना। उन्होंने बताया कि यूक्रेन को उम्मीद है कि अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर अगले हफ्ते कीव आ सकते हैं। बुदानोव ने माना कि अब तक दोनों पक्ष 'बहुत ज्यादा' मांगें रख रहे थे, लेकिन उन्होंने कहा कि अब समझौता करने के लिए दोनों तरफ से रियायतें देने की दिशा में बात बढ़ रही है।

---

*टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग*

## सांप पर भी भरोसा किया जा सकता है, भाजपा पर नहीं : सीएम ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी और भाजपा के बीच जुबानी जंग काफी तेज हो गई है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कहा, 'एक बार सांप पर तो भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर कभी नहीं। उत्तर 24 परगना जिले के टेंटुलिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को असम के स्थानीय लोगों के वोटों पर भरोसा नहीं था। इसलिए पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए बाहर से लोग बुलाए। ममता ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश से 50,000 लोगों को ट्रेन में भरकर असम लाया गया। ममता ने कहा भाजपा के राज में देश की कोई भी एजेंसी निष्पक्ष नहीं रह गई है। केसरिया पार्टी ने सभी एजेंसियों को खरीद लिया है। रैली के दौरान मुख्यमंत्री ने वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि



पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 90 लाख नाम हटा दिए गए हैं। एक अखबार की रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि इन 90 लाख नामों में से 60 लाख हिंदू और 30 लाख मुस्लिम हैं। उन्होंने असम के एनआरसी का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां भी 19 लाख नाम लिस्ट से बाहर किए गए थे, जिनमें 13 लाख हिंदू और 6 लाख मुस्लिम थे। ममता बनर्जी ने लोगों को आगाह किया कि वे भाजपा पर कभी विश्वास न करें। असम की 126 सीटों के लिए गुरुवार को मतदान हुआ था।

### ओवैसी ने हुमायूं की पार्टी से तोड़ा नाता, अब अकेले लड़ेगी

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने हुमायूं कबीर की पार्टी आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के साथ अपना गठबंधन खत्म कर दिया है। अब एआईएमआईएम बंगाल में किसी भी दल के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ेगी। हुमायूं कबीर का एक विवादित वीडियो सामने आने के बाद यह फैसला लिया गया। वीडियो में कबीर पर भाजपा के साथ मिलकर टीएमसी के खिलाफ साजिश रचने का आरोप है।

### हुमायूं बोले- ममता की साजिश हाईकोर्ट में दूंगा जवाब

दूसरी तरफ, आम जनता उन्नयन पार्टी (एजेयूपी) के अध्यक्ष हुमायूं कबीर ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के आरोपों को पूरी तरह गलत बताया है। कबीर ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए टीएमसी से इन आरोपों के सबूत मांगते हुए हाईकोर्ट जाने की चेतावनी भी दी। उन्होंने मंत्री फिरहाद हकीम को चुनौती दी कि वे उस व्यक्ति को सामने लाएं, जो वीडियो में उनके साथ बैठा दिख रहा है। कबीर ने साफ किया कि उनका किसी दूसरी पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है। वे हमेशा अपने समुदाय के हितों के लिए काम करेंगे।

### हिमाचल में मणिमहेश यात्रा पर प्रतिबंध

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के चंबा में 'मणिमहेश यात्रा' पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एसडीएम भरमौर ने पुलिस थाना प्रभारी को आदेश दिए कि परिक्रमा स्थल धंछो, गौरीकुंड और मणिमहेश में पुलिस जवानों की तैनाती कर विशेष निगरानी शुरू की जाए। किसी भी यात्री को धंछो से आगे न जाने दिया जाए। कुछ यात्री प्रशासन को सूचित किए बगैर चोरी-छिपे मणिमहेश जाने लगे हैं, जबकि भरमौर में अभी चार-पांच फीट से भी ज्यादा बर्फ है। दो दिन पहले भी यहां ताजा हिमपात हुआ है। मणिमहेश जाने वाले रास्ते 2025 की भारी बरसात और बादल फटने के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। ऐसे में मणिमहेश की यात्रा जानलेवा साबित हो सकती है।

### कर्नल पुरोहित ब्रिगेडियर पद पर पदोन्नत

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के चर्चित मालेगांव ब्लास्ट 2008 केस में 9 साल तक जेल में रहने के बाद बरी हुए कर्नल श्रीकांत पुरोहित को प्रमोशन मिल गया है। सेना ने उन्हें ब्रिगेडियर पद पर पदोन्नति के लिए मंजूरी दे दी है। कर्नल पुरोहित की पदोन्नति की याचिका पर सुनवाई के बाद, 31 मार्च को होने वाली उनकी सेवानिवृत्ति पर रोक लगा दी थी।

---

तमिलनाडु राजनीतिक गतिविधियां हुई तेज

## एआईएडीएमके-भाजपा, विजय से लेकर स्टालिन के बीच बयानबाजी

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु में आगामी विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। राज्य में हर दल जनता को साधने के लिए लगातार प्रचार और बयानबाजी में जुटा हुआ है। राज्य के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने चेन्नई मेट्रो में सफर के दौरान आम लोगों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उनका यह जनसंपर्क अभियान सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

**पलानीस्वामी को हार का सामना करना पड़ेगा :** वहीं, डीएमके उम्मीदवार और पूर्व मुख्यमंत्री ओ. पन्नीरसेल्वम ने एआईएडीएमके नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि चाहे जितने भी चुनाव आ जाएं, पलानीस्वामी को हर बार हार का सामना करना पड़ेगा। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन भी चेन्नई में पार्टी के लिए जोरदार प्रचार करते नजर आए। डीएमके अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने में पूरी ताकत झोंक रही है।



### डीएमके के कार्यकाल में जनता रही त्रस्त : पलानी स्वामी

चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पलानीस्वामी ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में डीएमके शासन के दौरान लोगों ने काफी मुश्किलें झेली हैं और अब समय आ गया है कि इस बुरे शासन को हटाया जाए। उन्होंने अपनी पार्टी के शासनकाल का जिक्र करते हुए दावा किया कि एआईएडीएमके सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था मजबूत रही और आम लोग सुरक्षित महसूस करते थे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार गलत काम करने वालों के खिलाफ सख्त और तुरंत कार्रवाई करती थी।

### जनता वंशवाद को स्वीकार नहीं करेगी पीयूष गोयल

इधर बीजेपी की ओर से भी बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल की चुनौती पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी प्रवक्ता सीआर केसवन ने डीएमके पर परिवारवाद का आरोप लगाया। केशवन ने कहा कि 2026 चुनाव में डीएमके का मुख्य एजेंडा सत्ता हस्तांतरण को लेकर है, जिसमें उदयनिधि स्टालिन को मुख्यमंत्री बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि तमिलनाडु की जनता इस राजनीतिक वंशवाद को स्वीकार नहीं करेगी।

### केरल में यूडीएफ को मिलेगी जीत रमेश चेन्निथला

केरल में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रमेश चेन्निथला ने दावा किया कि यूडीएफ ने एकजुट और सकारात्मक तरीके से चुनाव लड़ा है और परिणाम आने पर उसे स्पष्ट बहुमत मिलेगा। पार्टी ने बिना किसी व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप के मुद्दों पर आधारित प्रचार किया, जिसे जनता ने सराहा। चेंनिथला ने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा कि अन्य राज्यों में चुनाव होने के बावजूद केरल में व्यापक प्रचार किया। उन्होंने दावा किया कि राज्य की जनता बदलाव चाहती है और मौजूदा मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन को सत्ता से बाहर करने के मूड में है।

## वही अंदाज, वही वेशभूषा; जयललिता की राह पर चुनावी मैदान में उतरीं शशिकला

एजेंसी ▶▶| मदुरै

अपनी नई पार्टी 'ऑल इंडिया पुरची थलाइवर मक्कल मुन्नेत्र कजगम' के साथ चुनाव मैदान में उतरीं वीके शशिकला, पूर्व सीएम जयललिता के पुराने अंदाज को दोहराते हुए प्रचार वैन से मतदाताओं को संबोधित कर रही हैं। दक्षिण तमिलनाडु के गढ़ों में प्रचार करते हुए शशिकला न केवल जयललिता की वेशभूषा और प्रचार शैली को अपना रही हैं, बल्कि खुद को 'त्यागा थलाइवी' के रूप में पेश कर इमोशनल कार्ड भी खेल रही हैं। मदुरै के थिरुपरनकुंड्रम में शशिकला ने अपने चुनावी प्रचार के दौरान कहा, मैं चाहती हूं कि लोग खुद तय करें कि वे गद्दारों और दुष्ट शक्तियों का



शासन चाहते हैं या निस्वार्थ नेताओं का। थेनी के अंदिपट्टी में भावुक होते हुए शशिकला ने कहा, यहां पहुंचते ही मेरा मन उन दिनों में चला गया जब मैं जया अम्मा के साथ यहां आई थी। शशिकला ने 75 निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारे हैं।

---

आक्रोशित सेना ने दिखाई इंसानियत की मिसाल

## सेना प्रमुख ने बताया- 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान नमाज के समय नहीं करते थे हमला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सेना के प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने हाल में एक पॉडकास्ट में बताया कि जब सेना पाकिस्तान के खिलाफ 'ऑपरेशन सिंदूर' चला रही थी, तब कभी भी नमाज के समय हमला नहीं किया गया। पॉडकास्ट में उन्होंने बताया कि भारत 'सबका मालिक एक है' पर विश्वास करता है, इसलिए हमले के लिए ऐसा कोई समय नहीं चुना गया, जब दूसरी तरफ लोग प्रार्थना कर रहे हों। उन्होंने कहा कि सेना मानवीय-नैतिक मूल्यों को भी ध्यान में रखती है। आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के



दौरान भारतीय सेना ने जान-बूझकर नमाज के समय पाकिस्तान में मौजूद आतंकवादी कैंपों पर हमला करने से परहेज किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युद्ध जैसे हालात में भी भारतीय सेना ने संयम और सम्मान का परिचय दिया।

### *हम कभी भी कर सकते थे हमला*

जनरल द्विवेदी से पूछा गया कि क्या उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के उपदेशों को याद किया था। इस पर उन्होंने कहा, हम लक्ष्यों को नष्ट करने के लिए 2-4 बजे कोई भी समय चुन सकते थे, लेकिन हमने तय किया कि जब आतंकवादी शिविरों में लोग नमाज अदा कर रहे हो तो कोई कार्रवाई न की जाए, क्योंकि सबका मालिक एक है। इसीलिए हमने ऐसा समय चुना, जब हमें पता था कि वे नमाज नहीं पढ़ रहे होंगे।

### बेटियों से भी जनरल लेते हैं सीख

जनरल द्विवेदी ने पॉडकास्ट में अपने निजी जीवन पर भी चर्चा की। उनसे पूछा गया कि उनकी बेटियां जीवन में उनकी पत्नी से अलग क्यों हैं। इस पर जनरल द्विवेदी ने कहा, मेरी बेटियों ने मुझे सिखाया कि आपको किसी से बातचीत करने के लिए अपने स्तर से नीचे आना पड़ता है। आप हमेशा 6 फीट ऊंचे नहीं रह सकते। जनरल द्विवेदी ने बताया कि उनकी बेटियां उन्हें सेना में सामाजिक और कार्यस्थल से जुड़े बदलावों के लिए प्रेरित करती हैं।

### आर्मी चीफ बोले- युद्ध अब पहले जैसे नहीं रहे

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 'रण संवाद' में युद्ध के बदलते स्वरूप और मल्टी-डोमेन युद्ध पर अहम जानकारी दी। पहले के युद्ध में जहां सिर्फ जमीन पर सैनिक आमने-सामने लड़ते थे, लेकिन आज का युद्ध कई क्षेत्रों में एक साथ लड़ा जाता है। जैसे जमीन, हवा, समुद्र, साइबर, अंतरिक्ष और दिमागी यानी सूचना और सोच पर असर डालने वाला क्षेत्र। इन सभी को मिलाकर मल्टी-डोमेन कहा जाता है।

---

जाति जनगणना रोकने की मांग वाली याचिका की खारिज

## सीजेआई बोले- ऐसी अभद्र और बद्तमीज भाषा कहां से सीखते है आप लोग ?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को सीजेआई सूर्यकांत ने एक याचिककर्ता को कड़े शब्दों में फटकार लगा दी। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार को जाति जनगणना रोकने, संसाधनों के पुनर्वितरण को जनसंख्या उत्तरदायित्व से जोड़ने और एक बच्चे वाले परिवारों को आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करने वाली नीतियां बनाने का निर्देश देने वाली याचिका लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने याचिकाकर्ता से कहा, ''आप इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा कहां से सीखते हैं? ये बदतमीजी की भाषा कहां से लेकर आते हैं आप लोग? आप लोग याचिका कैसे लिखते हैं?''



### 'याचिका में अभद्र भाषा लिखी है' : सीजेआई सूर्यकांत

अदालत ने जनहित याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा के लिए याचिकाकर्ता की आलोचना की। सीजेआई सूर्यकांत ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए याचिकाकर्ता से कहा, आपने अपनी याचिका में बदतमीजी की भाषा लिखी है। आपने अपनी याचिका में अभद्र भाषा लिखी है। आपकी याचिका किसने लिखी है?''

**जाति जनगणना के खिलाफ पहले भी खारिज हो चुकी है याचिका**

इससे पहले दो फरवरी को शीर्ष अदालत ने 2027 की आम जनगणना में नागरिकों के जातिगत आंकड़ों को दर्ज करने, वर्गीकृत करने और सत्यापित करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सवाल उठाने वाली एक अलग जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया था। 2027 की जनगणना, जो आधिकारिक तौर पर 16वीं राष्ट्रीय जनगणना है, 1931 के बाद पहली बार व्यापक जाति गणना को शामिल करने वाली और देश की पहली पूरी तरह से डिजिटल जनगणना होगी।

### 25 जनहित याचिकाएं लगाने वाले वकील को दी यह सलाह

सुप्रीम कोर्ट में एक वकील ने अलग-अलग मुद्दों पर 25 जनहित याचिकाएं दायर कीं। हालांकि, सुनवाई शुरू होते ही उन्होंने सभी पीआईएल वापस लेने की अनुमति देने की अपील की। इन याचिकाओं में साबुन में इस्तेमाल होने वाले रसायनों के संबंध में और भिखारियों, ट्रांसजेंडर आदि जैसे वंचित समूहों के उत्थान के लिए नीति बनाने की दिशा में निर्देश देने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने वकील को सलाह दी कि उन्हें अदालत में आने के बजाय संबंधित अधिकारियों से संपर्क करना चाहिए।

**पहले भी खा चुके हैं सुप्रीम कोर्ट से फटकार**

गौरतलब है कि नौ मार्च को शीर्ष अदालत ने इन्हीं वकील सचिन गुप्ता द्वारा दायर पांच बेकार जनहित याचिकाओं को खारिज कर दिया था, जिसमें यह वैज्ञानिक अध्ययन कराने की मांग भी शामिल थी कि क्या प्याज और लहसुन में तामसिक (नकारात्मक) ऊर्जा होती है। उस समय मुख्य न्यायाधीश ने उन्हें फटकार लगाते हुए कहा था, आधी रात को यह सब याचिका ड्राफ्ट करते हो क्या?

### *मतदाता सूची फ्रीज करने के मामले में सुनवाई 13 को*

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ के समक्ष एक वकील ने मतदाता सूची को फ्रीज करने के फैसले के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई का आग्रह किया। वकील ने बताया कि मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ कई अपीलें अभी भी लंबित हैं, जबकि चुनाव आयोग ने नौ अप्रैल को ही सूची को फ्रीज कर दिया है। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम 13 अप्रैल को याचिका पर विचार करेंगे।

---

**केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इसरो को दी बधाई**

## गगनयान की सेफ लैंडिंग का रास्ता साफ इसरो ने पार की एक और बड़ी बाधा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गगनयान मिशन का सबसे कठिन हिस्सा रॉकेट लॉन्च करना नहीं, बल्कि एस्ट्रोनॉट्स को सही-सलामत वापस लाना है। शुक्रवार को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस स्टेशन में हुआ यह टेस्ट इसी 'घर वापसी' की रिहर्सल था। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस सफलता पर इसरो को बधाई देते हुए इसे मिशन की तैयारी में एक बड़ा मील का पत्थर बताया है। इस मिशन की सबसे बड़ी बात यह है कि इसकी तकनीक को भारत ने खुद विकसित किया है। पैराशूट से लेकर लाइफ सपोर्ट सिस्टम तक, सब कुछ स्वदेशी है। दुनिया का कोई भी देश ऐसी 'क्रिटिकल' टेक्नोलॉजी आसानी से शेयर नहीं करता, इसलिए इसरो की यह कामयाबी भारत के लिए बहुत बड़े गर्व की बात है।

### क्या है एकीकृत वायु निक्षेप परीक्षण -02?

आसान भाषा में समझें तो यह टेस्ट यह जांच करने के लिए किया जाता है कि जब गगनयात्री अंतरिक्ष से लौटेंगे, तो क्या उनके कैप्सूल के पैराशूट सही समय पर खुलकर उसकी रफ्तार को कम कर पाएंगे? इस टेस्ट में एक आर्टिफिशियल क्रू मॉड्यूल (जिसका वजन करीब 5 टन होता है) को एक हेलिकॉप्टर के जरिए आसमान में ले जाया जाता है और एक निश्चित ऊंचाई से नीचे गिराया जाता है। जैसे ही मॉड्यूल नीचे गिरता है, उसके अंदर लगे 10 अलग-अलग पैराशूट एक निश्चित क्रम में खुलते हैं। ये पैराशूट मॉड्यूल की रफ्तार को इतना कम कर देते हैं कि वह समंदर में गिरते समय सुरक्षित रहे। यह टेस्ट सुनिश्चित करता है कि पैराशूट सिस्टम में कोई तकनीकी गड़बड़ी न हो, जिससे आने वाले समय में गगनयात्रियों की जान को कोई खतरा न रहे।




### क्यों जरूरी है यह टेस्ट?

अंतरिक्ष से वापस लौटते समय कैप्सूल की रफ्तार हजारों किलोमीटर प्रति घंटा होती है। अगर इसे धीमा न किया जाए, तो यह जमीन या पानी से टकराते ही तबाह हो सकता है। गगनयान में कुल 10 पैराशूट का इस्तेमाल होगा। ये एक खास क्रम में खुलते हैं, जिससे कैप्सूल को झटके न लगें और वह धीरे-धीरे नीचे आए। इस टेस्ट ने साबित कर दिया कि हमारा 'पैराशूट सिस्टम' पूरी तरह तैयार है।

### लद्दाख में भी चल रही है ट्रेनिंग

सिर्फ मशीनों का ही नहीं, बल्कि एस्ट्रोनॉट्स का भी कड़ा टेस्ट हो रहा है। हाल ही में लद्दाख के लेह में 'मिशन मित्रा' के तहत चारों एस्ट्रोनॉट्स (शुभांशु शुक्ला, प्रशांत नायर, अजीत कृष्णन और अंगद प्रताप) की ट्रेनिंग हुई है। वहां की कम ऑक्सीजन और कड़ाके की ठंड में यह जांचा गया कि वे अंतरिक्ष जैसे मुश्किल हालात में कैसे काम करेंगे।

### दुनिया में भारत का कद

इस सफल टेस्ट के साथ भारत उन चुनिंदा देशों की कतार में और मजबूती से खड़ा हो गया है, जिनके पास अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान तकनीक है। यह न केवल इसरो के वैज्ञानिकों की जीत है, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' का एक बड़ा उदाहरण भी है।

---

6 साल की बच्ची से जुड़ा है मामला

## आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट ने ठुकराया ब्रिटेन की कोर्ट का आदेश

एजेंसी ▶▶| अमरावती

आंध्र प्रदेश हाइ कोर्ट ने एक ब्रिटिश पिता की अपनी छह साल की बेटी की कस्टडी की अर्जी नामंजूर कर दी है। यह फैसला तब आया है, जबकि ब्रिटेन की अदालतों ने पिता के हक में फैसला सुनाया था। दरअसल, पिता-माँ दोनों ने तिरुपति में शादी की थी और बाद में वे ब्रिटेन चले गए थे। रिश्ते में दरार आने के बाद दोनों अलग हो गए। माँ बच्ची को भारत वापस ले आई। पिता का कहना है कि एक तय मुलाकात के बाद जब वह बेटी को अपने साथ वापस ले जा रहे थे, तो बच्ची के दादा-दादी ने उन्हें रोक दिया और बेटी को वापस ले जाने नहीं दिया।



### हाईकोर्ट ने की 'गुलामी वाली सोच' आलोचना

अदालत ने माँ के हक में फैसला सुनाते हुए कहा कि इस समय बच्चे को माँ की देखरेख की सबसे ज़्यादा ज़रूरत है। इतना ही नहीं, अदालत ने ब्रिटेन की अदालत के 'गुलामी वाली सोच' वाले रवैये की भी कड़ी आलोचना की। जजों ने साफ किया कि भारत में किसी भी विदेशी कस्टडी के आदेश को आंखें मूंदकर नहीं माना जाएगा। हर मामले में यह देखा जाएगा कि क्या वह वाकई बच्चे के सबसे अच्छे हित में है, फिर चाहे वह आदेश कहीं से भी आया हो।

# अक्षय तृतीया पर निःशुल्क उपनयन कनछेदन, मुंडन संस्कार 20 अप्रैल को



**जबलपुर**। संपूर्ण ब्राह्मण मंच द्वारा परशुराम जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, प्रति गुरुवार को होने वाली महाआरती में पंचांग आरती उपस्थित मातृ शक्तियों ने मगर माटी गीत प्रस्तुत किया। मुख्य जजमान सीताराम कुरचानिया एवं रावेंद्र तिवारी, निशांत शर्मा रहे। सनातन संस्कृति उपनयन संस्कार अक्षय तृतीया को सबसे महत्वपूर्ण बताया गया है, सर्व समाज को संपूर्ण ब्राह्मण मंच आमंत्रित कर रहा है। धनंजय बाजपेई, यदुवंश मिश्रा, पंडित राजकुमार दुबे ने बताया कि लगभग 11 वर्षों से परशुराम धाम ग्वारीघाट में अनेक बच्चों का उपनयन संस्कार निःशुल्क प्रतिवर्ष आयोजित होता है। इस वर्ष भी सभी सामाजिक बंधु कार्यक्रम में उपस्थित होंगे, अभी लगभग 11 बच्चों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है अन्य जो भी अपना निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराना चाहते हैं कछपुरा गढ़ा मार्ग ब्रिज बाइक सेंटर संपूर्ण ब्राह्मण मंच कार्यालय में करा सकते हैं। 18 तारीख को होने वाली यात्रा संपूर्ण ब्राह्मण मंच शहर के समस्त सर्व समाज वरिष्ठजन आदमीयत जान परशुराम भगवान की यात्रा में शामिल होकर दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करें। ब्राह्मण समाज समाज का सर्वश्रेष्ठ सेवक है, डॉ. स्वागतिकापति, पुष्पा तिवारी, सुधा मिश्रा, आभा तिवारी, धनंजय बाजपेई, यदुवंश मिश्रा, सीताराम कुरचानिया, रावेंद्र तिवारी, निशांत शर्मा, आनंद मोहन शर्मा, इंजीनियर रविंद्र तिवारी, पंडित राजकुमार दुबे, डॉ. अरुण मिश्रा, मधुबाला दुबे, सुधाकर मिश्र, मुन्नालाल दुबे आदि में अपील की कि यह यात्रा संस्कारधानी की एकता के सूत्र में संपूर्ण समाज को भगवान की प्रतिमा के दर्शन के साथ भगवान परशुराम दिव्य ज्ञान से अवगत कराती है भगवान परशुराम क्षण मात्र में हवा से भी तीव्रता में पृथ्वी में आवागमन कर सकते थे विश्व के श्रेष्ठ धनुर्धर थे, क्रोध तभी उपयोग करें जब कोई विकल्प न हो उसके ज्ञाता थे करणवीर कारण के गुरु थे, ब्रह्म शक्ति के जनक थे, धर्म की स्थापना प्रतिकूल महानायक थे, सभी धर्म के पलक थे, आज दुनिया जातिवाद में अपने आराध्य को भूल चुकी है यह यात्रा कर्म, धर्म, आत्मज्ञान की यात्रा है। आईये 18 तारीख को मालवीय चौक से यात्रा में शामिल हों कोतवाली तक की यात्रा आपके आने की प्रतीक्षा कर रही है।

## "सर्वमंगला महोत्सव 2026" आज और कल

**जबलपुर**। सर्वमंगला ग्रुप द्वारा महिलाओं की कला, प्रतिभा एवं व्यवसाय को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दो दिवसीय "सर्वमंगला महोत्सव 2026" का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 11 एवं 12 अप्रैल को आयोजित है। महोत्सव में रंगोली, मेहंदी एवं साड़ी रील प्रतियोगिता के साथ सिब्लिंग, रैम्प वॉक का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही आनंद मेला, शॉपिंग स्टॉल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को अपनी कला और व्यवसाय को आगे बढ़ाने का मंच प्रदान किया जाएगा।इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना तथा उनकी प्रतिभा को समाज के सामने लाना है। सर्वमंगला परिवार सभी नागरिकों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का आग्रह करता है।



# प्रतिमा पर गोल्डन कलर पेंट किया जाये

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर व्यवस्था की मांग पर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर**। अजा/जजा अधिकारी, कर्मचारी संघ ने नगर निगम आयुक्त को मांगपत्र सौंपकर अवगत कराया कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयंती कार्यक्रम समारोह तहसील चौक में उनके प्रतिमा स्थल पर मनाया जाना है। अतः निवेदन है कि उनकी प्रतिमा पर गोल्डन कलर पेंट किया जावे, लाईट व्यवस्था, झालर लगायी जावे। उक्त स्थल पर अतिक्रमण निरोधी कार्यवाही की जाए क्योंकि प्रतिमा स्थल के चारों ओर भव्य कार्यक्रम आयोजित होता है, जो विभिन्न सामाजिक संगठन, अजाक्स व उनके समर्पित लोगों द्वारा मनाया जाता है। प्रतिमा स्थल आजू-बाजू पेन्ट, ग्रिल व पानी की टंकी, टेन्ट आदि की व्यवस्था की जाए। ज्ञापन के दौरान राजकुमार बर्षे संभागीय महामंत्री अजाक्स नगरीय निकाय, शेखलाल आर्मो, संभागीय अध्यक्ष अजाक्स, नगरीय निकाय, सुरेन्द्र लखेरा, प्रान्तीय महासचिव जबलपुर संभाग प्रभारी, यशवंत, राकेश कुंवर,

संजय, पी रामाराव, जेएन कंसोटिया, सीएस धुर्वे, इंजी. एसएल सूर्यवंशी, विजय शंकर श्रवण सहित अन्य उपस्थित रहे।



# एडवोकेट डॉ. प्रशांत मिश्र ने राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया

**जबलपुर**। राज्य अधिवक्ता परिषद चुनाव वर्ष 2026-2031 हेतु मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन जबलपुर, मध्य प्रदेश अधिवक्ता क्रीड़ा परिषद, श्री हनुमान भक्त अधिवक्ता मंडल मध्य प्रदेश के संस्थापक एडवोकेट डॉ. प्रशांत मिश्र ने अपना नामांकन पत्र मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति एवं राज्य अधिवक्ता परिषद के मुख्य चुनाव अधिकारी एसके पालो के समक्ष दाखिल किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के पश्चात डॉ. प्रशांत मिश्र ने अपनी प्राथमिकताओं को व्यक्त करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के अधिवक्ताओं के हित में सृजनशील एवं संघर्षशील रहने की अपनी पूर्व अनुसार भूमिका निभाते रहेंगे एवं अन्य राज्यों की भांति मध्य प्रदेश के भी अधिवक्ताओं को अधिवक्ता पेंशन का लाभ दिलाया जाए, इस हेतु अपना संघर्ष जारी रखेंगे। इस अवसर पर एडवोकेट डॉ. प्रशांत मिश्र ने मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद का चुनाव लड़ रहे अन्य सभी अधिवक्ता साथियों को भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं के प्रति अपना धन्यवाद व्यापित किया।

## भोपाल-जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस एलएचबी रैक के साथ दौड़ेगी

**जबलपुर**। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने हेतु आईसीएफ रैकों को एलएचबी रैकों के साथ यात्री सुविधाओं को विस्तारित किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट जोधपुर-भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस को आधुनिक एलएचबी रैक से संचालित करने का निर्णय लिया गया है। एलएचबी रैक से संचालित ट्रेन की विस्तृत जानकारी इस प्रकार है- **प्रारंभिक तिथि से प्रभावी रेलगाड़ियाँ एलएचबी कोच में परिवर्तित**-गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन जोधपुर से 14 अप्रैल 2026 से प्रभावित रहेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस अपने प्रारम्भिक स्टेशन भोपाल से 15 अप्रैल 2026 से प्रभावित रहेगी।परिवर्तित एलएचबी कोच कंपोजीशन- इस ट्रेन में एक वातानुकूलित द्वितीय, तीन वातानुकूलित तृतीय, दो वातानुकूलित तृतीय इकॉनमी, 07 स्लीपर, 04 सामान्य श्रेणी, 01 एसएलआरडी एवं 01 जनरेटर कार सहित कुल 19 एलएचबी कोच रहेंगे। एलएचबी कोच आधुनिक तकनीक से निर्मित होते हैं, जो अधिक सुरक्षित, आरामदायक एवं उच्च गति क्षमता वाले होते हैं। इन कोचों में बेहतर सस्पेंशन, उन्नत ब्रेकिंग सिस्टम एवं यात्रियों के लिए सुविधाजनक होते हैं।

# संतुष्टिपूर्ण निराकरण ही सीएम हेल्पलाइन का लक्ष्य

## अधिकारी फील्ड में उतरकर करें कार्यवाही : निगमायुक्त

### निगमायुक्त ने की सीएम हेल्पलाइन और स्वच्छता कार्यों की विस्तृत समीक्षा

### सिटी प्रोफाइल के बिंदुओं पर स्थाई कार्ययोजना बनाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश




**जबलपुर**। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार द्वारा नगर निगम मुख्यालय में सीएम हेल्पलाइन और शहर की स्वच्छता व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकता वाली सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का निराकरण संतुष्टि के साथ होना चाहिए।

### फील्ड पर रहकर होगा समस्याओं का समाधान

समीक्षा बैठक में निगमायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सक्रिय रूप से फील्ड पर रहकर जनसमस्याओं का जायजा लें। उन्होंने कहा कि नागरिकों की शिकायतों का मौके पर जाकर निराकरण कराएं ताकि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों में एल-1 और एल-2 स्तर पर ही आवेदकों को गुणवत्तापूर्ण समाधान प्राप्त हो सके।

### स्वच्छता और सिटी प्रोफाइल पर विशेष जोर

शहर की स्वच्छता रैंकिंग और सुंदरता को लेकर निगमायुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि सिटी प्रोफाइल में निर्धारित बिंदुओं पर जमीनी स्तर पर कार्य दिखना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वच्छता के कार्यों को व्यवस्थित और स्थाई रूप से पूर्ण किया जाए। मुख्य मार्गों के साथ-साथ गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर निरंतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने बताया कि निर्धारित मापदंडों के अनुसार कचरा प्रबंधन और स्वच्छता अभियान को गति दी जाए। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# डॉ. जय रोहाणी नीति एवं शोध विभाग के प्रदेश प्रभारी नियुक्त

**जबलपुर**। महाकोशल चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जबलपुर द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा मध्यप्रदेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी का निर्माण हुआ जिसमें चेम्बर के कार्यसमिति सदस्य डॉ. जय रोहाणी को प्रदेश में नीति एवं शोध विभाग का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया, जिसमें चेम्बर के सभी पदाधिकारियों द्वारा डॉ. जय रोहाणी को शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया गया। चेम्बर के अध्यक्ष रवि गुप्ता द्वारा बताया गया कि यह चेम्बर के लिए उपलब्धि है की युवा साथ डॉ. जय को पार्टी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली है, हमें विश्वास है कि वे पार्टी की रीति एवं नीतियों को युवाओं तक पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रवि गुप्ता, शंकर नागदेव, कार्यालय मंत्री अखिल मिश्रा, युवराज गड़वाल, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चंडोक, अनिल जैन, समीर पॉल, राजपूत ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

# स्वच्छता अभियान, नगर निगम की पहल से चमक उठीं शहर की गलियां और बैक-लेन

**जबलपुर**। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे विशेष सिटी ब्यूटीफिकेशन ड्राइव के अंतर्गत शहर के मुख्य मार्गों के साथ-साथ अब बस्तियों, कॉलोनियों और संकरी गलियों की सूरत भी बदलती नजर आ रही है।

**मुख्य क्षेत्रों से लेकर बस्तियों तक 'कायाकल्प'**

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने बताया कि स्वच्छता मुख्य चौराहों के साथ-साथ कालोनियों, बस्तियों में भी दिखाई दे रही है। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में निगम की टीमों ने उन इलाकों पर विशेष ध्यान दिया है, जिन क्षेत्रों, शहर की सघन बस्तियों और कॉलोनियों में लोग रहते हैं।

**व्यवस्थित सफाई अभियान**- अभियान चलाकर कचरा पॉइंट हटाए गए हैं और वहां नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की गई है।

**बैक-लेन की बदली तस्वीर**- अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि 'बैक-लेन' का सौंदर्यीकरण है। पहले जहां ये गलियां गंदगी और अंधेरे का पर्याय मानी जाती थीं, अब वहां आकर्षक वॉल पेंटिंग्स स्थानीय कलाकारों और निगम की टीम द्वारा दीवारों पर स्वच्छता और संस्कृति पर आधारित जीवंत पेंटिंग की गई हैं। निगमायुक्त ने कहा कि गलियों को व्यवस्थित कर वहां पर्याप्त रोशनी का प्रबंध किया गया है।

**सुंदरता के साथ बढ़ा जन-सहयोग**- निगमायुक्त श्री अहिरवार ने स्वयं कई क्षेत्रों का दौरा कर कार्यों की गुणवत्ता को परखा है। उनके अनुसार, हमारा उद्देश्य केवल सफाई करना नहीं, बल्कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की कोशिश भी है।



# शहर की सुरक्षा और सेहत से समझौता नहीं अवैध ब्रेड फैक्ट्री पर निगम की नजर

**जबलपुर**। शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक और कड़ा कदम उठाया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के कड़े रुख के बाद अब शहर के रिहायशी इलाकों और बाजार क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों पर कारवाई शुरू हो गई है।

### निरीक्षण के साथ सख्त हिदायत

निगमायुक्त के निर्देशानुसार अपर आयुक्त अंजू सिंह ने अपनी टीम के साथ प्रमुख बाजार क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान राजीव गांधी वार्ड में नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रही एक ब्रेड फैक्ट्री का मामला सामने आया। रिहायशी क्षेत्र में फैक्ट्री संचालन से होने वाली असुविधा और सुरक्षा मानकों की अनदेखी को देखते हुए, प्रशासन ने तत्काल कड़ा रुख अपनाया है।



श्रीमती अंजू सिंह ने फैक्ट्री संचालक को दो टूक शब्दों में निर्देश दिए हैं कि वे अविलंब फैक्ट्री को किसी उचित और नियमानुसार आवंटित औद्योगिक क्षेत्र में शिफ्ट करें। अधिकारियों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर फैक्ट्री को स्थानांतरित नहीं किया गया, तो निगम द्वारा तालाबंदी की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

रिहायशी इलाकों में प्रदूषण और गंदगी पर लगाम लगाना है, व्यावसायिक और औद्योगिक गतिविधियों को निर्धारित क्षेत्रों में ही संचालित करवाना मुख्य उद्देश्य है।

# महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा का आकस्मिक निधन

**जबलपुर**। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, करौंदी जिला-कटनी के कुलगुरू प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा का दिनांक 7 अप्रैल 2026 को रात्रि में हृदय गति रुकने से असमय देवलोकगमन हो गया।

प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा ने विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के भूगोल विज्ञान विभाग के प्राध्यापक के रूप में अपनी पहचान बनायी थी। आप मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में भी प्रतिष्ठित रहे। मध्य प्रदेश सरकार ने उन्हें मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल का महानिदेशक भी बनाया था। आप बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल (म.प्र.) के कुलपति भी रहे। सिंहस्थ 2016 में आपने देश भर के वैज्ञानिकों को बुलाकर यह संदेश दिया था कि अनुसंधान केवल आध्यात्मिक धर्म नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान विज्ञान परंपरा का भी हिस्सा है। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी भोपाल में उन्होंने अपने कार्यकाल में मध्यप्रदेश में विज्ञान को बढ़ावा देने एवं अनेक योजनाओं को क्रियान्वित किया था। प्रो. प्रमोद कुमार वर्मा द्वारा उज्जैन के बंसत विहार में तारामंडल की स्थापना भी कराई गई थी। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ब्रह्मचारी गिरीश जी ने अपने शोक संदेश में बताया- "हम सभी के प्रिय और महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर प्रमोद वर्मा का कल रात हृदयाघात के कारण असामयिक निधन हो गया। वे एक महान वैज्ञानिक, महान शिक्षाविद और दूरदर्शी व्यक्ति थे, एक दयालु, विनम्र और प्रसन्न आत्मा थे और अपने कार्य के प्रति अत्यंत समर्पित थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के विकास और विश्वविद्यालय परिसर के आसपास ब्रह्मस्थान क्षेत्र के विकास के लिए कई प्रभावी योजनाओं का क्रियान्वयन किया, जिनका उद्देश्य ग्रामीणों और जनसामान्य के जीवन स्तर को ऊपर उठाना था। उन्होंने किसानों और नागरिकों के लाभ के लिए परिसर में स्वचालित मौसम स्टेशन सफलतापूर्वक स्थापित कराया था। प्रोफेसर वर्मा को खोने से हमें और महर्षि संस्थान को बहुत बड़ी व्यक्तिगत हानि हुई है। हम भगवान श्री विष्णु के श्री चरणों में प्रार्थना करते हैं कि वे उन्हें अपने विष्णु लोक में स्थान दें और उनके परिवार को इस आकस्मिक प्रयाण को प्रकृति की नियति मानकर स्वीकार करने की शक्ति प्रदान करें। इस दुःख की घड़ी में हम परिवार के साथ पूर्ण संवेदना के साथ उपस्थित हैं। हम उनकी मधुर स्मृतियों को सदा संजोकर रखेंगे और हमारे संगठन में उनके अतुलनीय योगदान को हमेशा याद रखेंगे।"

महर्षि महेष योगी वैदिक विश्वविद्यालय के कुलसचिव संदीप शर्मा ने कहा कि- "आप एक महान वैज्ञानिक, महान शिक्षाविद एवं दूरदर्शी व्यक्ति थे। महर्षि जी के संकल्पों और योजनाओं को आगे बढ़ाने और महर्षि शिक्षा सिंद्वात एवं आधुनिक विज्ञान के समन्वय से विश्वविद्यालय की उन्नति हेतु किया गया आपका प्रयास विश्वविद्यालय को सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। आपकी सहजता, सरलता और विनम्रता की परिधि अत्यंत विस्तृत और विशाल थी। उनकी कमी का अनुभव जीवन में हर पल होगा, जीवन का यही क्रम है और हम सब इसके अधीन हैं, आपका इस तरह असमय जाना विश्वविद्यालय के लिये अपूर्णनीय क्षति है।"

उनकी अंतिम यात्रा दिनांक 08 अप्रैल 2026 को उनके निवास स्थान उज्जैन से शुरू होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई चक्रतीर्थ उज्जैन पहुंची, जहां उनका अंतिम संस्कार विधिविधानपूर्वक सम्पन्न हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में विश्वविद्यालय परिवार के कुलसचिव संदीप शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अखिलेश जैन, डॉ. जय प्रकाश शुक्ल, डॉ. के.के. त्रिपाठी, डॉ. सूरज पाण्डेय, डॉ. आलोक परीडा, डॉ. रत्नेष वर्मा, कपीस कबीर एवं सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अनिल कुमार शर्मा, इग्नू के पूर्व कुलपति प्रो. नागेश्वर राव, विक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बालकृष्ण शर्मा, प्रो. बी.पी. सिंह, आईआईएम इंदौर के प्रो. पवन सिंह, वरिष्ठ पत्रकार निरूक्त भार्गव, कालिदास अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद गन्धे, प्रो. गोपाल कृष्ण शर्मा, प्रो. आर.सी. वर्मा, प्रो. के.एन. सिंह, माधव कॉलेज के डॉ. जफर महमूद, डॉ. पोप सिंह परमार, ई-वे टेक, उज्जैन के निदेशक आशीष शर्मा एवं दीपक जैन सहित अन्य सम्मिलित हुये।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं./ 672/अ-6/2025-26 फौती
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक वन्दना वर्मा पति स्व. गुरू नारायण वर्मा नि.-1415 बचउ का बाड़ा कॉचघर स्टेशन रोड ने नजूल ब्लाक नं. 26 प्लाट नं. 3/5-बी-22,5/2-ए-18 रकवा 616 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन रकवा 616 व.फु./हे. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/दिनांक मृत्यु दिनांक 11/12/2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार ब्लाक नं. 26 प्लाट नं. 3/5-बी-22,5/2-ए-18 रकवा 616 व.फु./हे. ग्राम सिविल स्टेशन रकवा 616 व.फु./हे. के नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 13/04/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता को आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं कि जावेगी।
इश्तहार आज दिनांक 26/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक:- 26/03/2026
पेशी दिनांक:- 13/04/2026
तहसीलदार
रांझी जबलपुर

### इफको के अध्यक्ष संघाणी ने 5 नैनो प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाई

# इफको द्वारा देशव्यापी एकीकृत नैनो उर्वरक जागरूकता महाअभियान की शुरुआत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

इफको (इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड), भारत की सबसे बड़ी उर्वरक सहकारी संस्था ने औपचारिक रूप से इफको नैनो उर्वरक जागरूकता महा अभियान का शुभारंभ किया। यह एक व्यापक एकीकृत राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान है जिसका उद्देश्य भारतीय किसानों के बीच नैनो उर्वरकों को अपनाने को प्रोत्साहित करना है। लॉन्च कार्यक्रम इफको सदन, नई दिल्ली में आयोजित हुआ, जिसमें इफको के माननीय अध्यक्ष श दिलीप संघाणी ने उद्घाटन किया। इफको के प्रबंध निदेशक के. जे. पटेल ने भी इस अवसर पर अपनी गरिमामय उपस्थिति से कार्यक्रम को सुशोभित

यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रेरणा से आरंभ हुआ है और 'आत्मनिर्भर भारत' तथा 'सहकार से समृद्धि' के राष्ट्रीय मिशनों के अनुरूप है। इस पहल को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा का भी विशिष्ट समर्थन प्राप्त है। भारत के राजपत्र के उर्वरक नियंत्रण आदेश में नैनो एनपीके लिक्विड (8-8-10) और नैनो एनपीके ग्रेन्युलर (20-10-10) की ऐतिहासिक अधिसूचना को भारत की कृषि नवाचार यात्रा में



जागरूकता अभियान

एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया गया। उन्होंने आगे कहा कि कोयंबटूर स्थित इफको-नैनोवेंशन्स में इफको का इनोवेशन हब और ब्राजील में आगामी नैनो उर्वरक विनिर्माण संयंत्र जो जून 2026 तक चालू होने के लिए तैयार है कृषि के लिए नैनोतकनीक में भारत की बढ़ती वैश्विक क्षमता का प्रमाण हैं। इस मौके इफको के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने कहा कि भारत आज उस ऐतिहासिक संगम पर खड़ा है जहां परंपरा और तकनीक मिलती हैं और यही संगम भारतीय कृषि को एक नई दिशा दे रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के दृष्टिकोण का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की समृद्धि गाँवों और किसानों से प्रवाहित होनी चाहिए, और 'आत्मनिर्भर भारत' तभी साकार हो सकता है जब किसान सशक्त और समृद्ध हो।

#### नई तकनीक और संसाधन पहुंचाने का माध्यम बन रही

उन्होंने कहा कि 'सहकार से समृद्धि' का मंत्र जिसके तहत सहकारी संस्थाएं किसानों तक नई तकनीक और संसाधन पहुंचाने का माध्यम बन रही हैं इस अभियान की भावना को पूर्णतः प्रतिबिंबित करता है और सही मायने में आत्मनिर्भर भारत, आत्मनिर्भर कृषि के सार को समाहित करता है। संघाणी ने नैनो उर्वरक क्रांति को भारतीय कृषि के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण बताया। उन्होंने स्मरण दिलाया कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने व्यक्तिगत रूप से नैनो यूरिया और नैनो डीएपी को भारत के कृषि क्षेत्र के लिए एक 'गेम-चेंजर' और प्राकृतिक खेती की ओर एक मार्ग के रूप में समर्थन दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नैनो यूरिया प्लस की एक 500 मिली की बोतल पारंपरिक यूरिया की तुलना में कहीं बेहतर पोषक तत्व दक्षता प्रदान करती है, साथ ही मृदा स्वास्थ्य क्षरण, जल प्रदूषण और भारत की उर्वरक आयात निर्भरता की गंभीर चुनौतियों को भी संबोधित करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि नैनो उर्वरक कोई अस्थायी उपाय नहीं हैं ये एक स्थायी, वैज्ञानिक रूप से सिद्ध समाधान हैं जो कम लागत, अधिक उत्पादकता, स्वस्थ मिट्टी और सार्थक पर्यावरण संरक्षण प्रदान करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ये उत्पाद सहकारी पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत करेंगे, जिसमें पीएसीएस और सहकारी नेटवर्क उनके वितरण और किसान शिक्षा में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति बढ़ाई, प्रवासियों तक पहुँच को मज़बूत किया

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 5 किलोग्राम फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों की उपलब्धता में काफ़ी बढ़ोतरी की है, ताकि देश भर में प्रवासी मज़दूरों और संवेदनशील समुदायों को खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन आसानी से और किफ़ायती दरों पर मिल सके।एक सक्रिय कदम उठाते हुए, मंत्रालय ने पूर्व आपूर्ति सीमा को हटा दिया है और 7 अप्रैल से सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 5 किलोग्राम सिलेंडरों का रोज़ाना का आवंटन दोगुना कर दिया है। खासतौर पर शहरी एवं अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में बढ़ती माँग को पूरा करने के लिए यह कदम बढ़ाया गया है। मंत्रालय ने सिलेंडर प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी सरल बना दिया है। अब उपभोक्ता अपने पहचान पत्र जैसे आधार या पैन कार्ड तथा सेल्फ-डेक्लेशन के साथ सिलेंडर ले सकते हैं; उन्हें पते का स्थायी प्रमाण प्रस्तुत नहीं करना होगा। उम्मीद है कि इस पहल से प्रवासी मज़दूरों, दिहाड़ी मज़दूरों और छात्रों को लाभ होगा, क्योंकि उन्हें खाना पकाने के लिए सुविधाजनक ईंधन आसानी से सुलभ हो सकेगा।

मज़बूत माँग और प्रभावी 'लास्ट-माइल डिलीवरी' को सुनिश्चित करते हुए, 23 मार्च से 9 अप्रैल के बीच देश भर में 8.9 लाख से ज़्यादा 5 किलोग्राम सिलेंडर बांटे गए; 7 अप्रैल को एक ही दिन में 1.1 लाख से ज़्यादा सिलेंडरों की बिक्री का रिकॉर्ड बना।साथ ही, लोगों को जागरूक बनाने और सुरक्षित इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में 1,600 से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए हैं। राज्य सरकारें, तेल विपणन कंपनियों के साथ मिलकर, एक समान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए वितरण का सक्रिय प्रबंधन कर रही हैं।

## अदाणी समूह के चयन का जयप्रकाश गौड़ ने किया समर्थन

**नई दिल्ली।** जेपी समूह के संस्थापक जयप्रकाश गौड़ ने दिवालिया हो चुकी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड (जेएएल) की परिसंपत्तियों के अधिग्रहण के लिए अदाणी समूह को सफल बोलीदाता चुने जाने के ऋणदाताओं के फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी रही है।गौड़ ने कहा कि ऋणदाताओं की समिति ने अदाणी समूह को सफल बोलीदाता चुना है और वे इस निर्णय का सम्मान करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि गौतम अदाणी के नेतृत्व में कंपनी आगे बढ़ेगी और उसकी विरासत कायम रहेगी। उल्लेखनीय है कि अदाणी एंटरप्राइजेज की 14,535 करोड़ रुपये की बोली को एनसीएलटी की इलाहाबाद पीठ ने मंजूरी दे दी है। हालांकि वेदांता समूह, जिसने 17,926 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी, ने इस फैसले को एनसीएलएटी में चुनौती दी है।

### डॉ. पीडी सेठी राष्ट्रीय एचपीटीएलसी पुरस्कार 2025 में प्रथम स्थान

# पतंजलि अनुसंधान संस्थान ने पुनः राष्ट्र का गौरव बढ़ाया, फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

**यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणामः आचार्य बालकृष्ण**

वैज्ञानिक उत्कृष्टता और नवाचार की अपनी निरंतर यात्रा को आगे बढ़ाते हुए, पतंजलि



अनुसंधान संस्थान ने एक बार पुनः राष्ट्र का गौरव बढ़ाया है। संस्थान को डॉ. पी. डी. सेठी राष्ट्रीय एचपीटीएलसी पुरस्कार 2025 में प्राइवेट इंडस्ट्री कैटेगरी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। पिछले वर्ष भी संस्थान को यह पुरस्कार प्राप्त हुआ था। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार संस्थान को उनके आंवला के बीज तेल पर किए गए उत्कृष्ट शोध कार्य के लिए मिला, जिसमें इसके शक्तिशाली एंटी-माइक्रोबियल और बायोफिल्म-रोधी गुणों को उजागर किया गया है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह पुरस्कार मात्र एक सम्मान नहीं, पतंजलि के वैज्ञानिकों की वर्षों की मेहनत, समर्पण और वैज्ञानिक सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा की यह हर उस वैज्ञानिक के समर्पण की जीत है जो प्रतिदिन विश्व को एक सुगम, सुरक्षित और प्रभावी समाधान प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस अवसर पर बताया कि डॉ. पी. डी. सेठी राष्ट्रीय एचपीटीएलसी पुरस्कार देश में एनालिटिकल केमिस्ट्री के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध को पहचान देने वाला एक प्रतिष्ठित मंच है। इस मंच पर लगातार दूसरी बार पुरस्कार प्राप्त करना संस्थान के लिए गर्व का विषय है, और यह संस्थान की सुदृढ़ वैज्ञानिक आधारशिला को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आंवला पर किए गए इन्हीं शोध के आधार पर भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा भी संस्थान को पिछले वर्ष 10वें अंतरराष्ट्रीय वेस्ट टू वर्थ सम्मेलन एवं 4आर अवार्ड्स 2025 संस्करण में अवॉर्ड ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया था। ज्ञात हो कि आंवला बीज के तेल पर किए गए इन शोधों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है। प्रतिष्ठित एल्सेवियर प्रकाशन ने पतंजलि के दोनों शोधों को एक साथ अपनेशोध पत्रिका, 'अनुप्रयुक्त खाद्य अनुसंधान' के अंक में भी स्थान दिया था।

## ओलेक्ट्रा का बड़ा कदम
# नई ब्रांड पहचान से ग्रीन मोबिलिटी पर फोकस तेज

Olectra
Transforming Everyday

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

देश की अग्रणी इलेक्ट्रिक बस निर्माता ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने नई ब्रांड पहचान पेश की है। इसके साथ कंपनी ने खुद को इलेक्ट्रिक बस निर्माता से आगे बढ़ाकर मोबिलिटी और एनर्जी सॉल्यूशंस देने वाली इनोवेशन-ड्रिवन कंपनी के रूप में स्थापित करने की दिशा तय की है। कंपनी ने हर दिन को बदलना है, टैगलाइन अपनाई है, जो रोजमर्रा की यात्रा को आसान और पर्यावरण के अनुकूल बनाने की प्रतिबद्धता दर्शाती है। नई रणनीति प्रैगमैटिक फ्यूचरिज्म, एक्सेसिबल इनोवेशन और ट्रस्टेड गाइड जैसे स्तंभों पर आधारित है। पहला है व्यावहारिक भविष्यवाद यानी भविष्य की सोच लेकिन जमीन से जुड़ी हुई। दूसरा है सुलभ नवप्रवर्तन यानी ऐसा नवाचार जो हर किसी के लिए उपयोगी हो। तीसरा है विश्वसनीय मार्गदर्शक यानी भरोसेमंद मार्गदर्शक बनना। ये सिद्धांत कंपनी के काम और बाजार में उसकी भूमिका को तय करते हैं। प्रबंध निदेशक महेश बाबू ने कहा कि यह बदलाव कंपनी की दीर्घकालिक सोच और विकास की दिशा को दर्शाता है। ओलेक्ट्रा के 3,600 से अधिक ईवी देशभर में चल रहे हैं और 10 हजार से ज्यादा ऑर्डर पाइपलाइन में हैं, जिससे कंपनी ग्रीन ट्रांसपोर्ट को नई रफ्तार देने के लिए तैयार है।





सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


### लोग बोले- डिपो अधिकारी-ट्रांसपोर्टर की करतूत का ठीकरा फोड़ा जाता है संचालकों पर

# अंडरवेट (कम वजन) एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति का भंडाभोड़ के बाद मची खलबली

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में बीते दिनों इंडेन डिपो से अंडरवेट (कम वजन) सिलेंडर की आपूर्ति होने के बाद संचालकों में खलबली मच गई है। गैस एजेंसी संचालकों ने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन और नापतौल विभाग की संयुक्त कार्रवाई और सघन जांच में इंडेन गैस कंपनी डिपो में घटित कारगुजारी का भंडाफोड़ जो किया है वह पहली बार जरूर



उजागर हुआ है , लेकिन कारगुजारी सालों घटित हो रही है। लेकिन सदैव डिपो अधिकारी और ट्रांसपोर्टर की करतूत का ठीकरा एजेंसी संचालकों पर ही फोड़ा जाता है। गौरतलब है कि युद्धवार की बदौलत मध्यप्रदेश सहित देशभर में एलपीजी की उत्पन्न हुई किल्लत के बीच मुनाफावसूली के बीते दिनों कई मामले सामने आए। जिस पर सरकार ने स्पष्ट किया है कि गैस की कोई कमी नहीं है और कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इतना ही नहीं पेट्रोलियम मंत्रालय ने गैस आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा बढ़ाने के लिए राज्यों को निर्देश दिए हैं। लेकिन बीते दिन जिला प्रशासन और नापतौल विभाग की संयुक्त जांच कार्रवाई में कंपनी डिपो को दोषी पाया गया और कार्रवाई स्वरूप विभाग इंडेन कंपनी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया। जिससे यह बात स्पष्ट हो गई की कंपनी के डिपो के अधिकारी-कर्मचारियों और ट्रांसपोर्टर की सांठगांठ के चलते शहर के गैस एजेंसी संचालकों को कम वजन का गैस सिलेंडर सप्लाई सप्लाई किया जाता है और ठीकरा गैस एजेंसी संचालकों के सिर फोड़ा जाता है। इस मामले में उपभोक्ताओं का कहना है कि डिपो अधिकारियों और ट्रांसपोर्टेरों की मिलीभगत से गैस चोरी की जा रही है और इसका दोष एजेंसी संचालकों पर मढ़ दिया जा रहा है।

## राशिफल

**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में सुधार होगा, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी।

**मिथुन** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार का साथ मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। मन अशान्त रहेगा।

**कर्क** परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भाइयों के सहयोग से कारोबार को गति मिल सकती है।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें।वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं। आय की स्थिति में सुधार होगा। सेहत का ध्यान रखें। सन्तान सुख में वृद्धि होगी।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार में शान्ति एवं सद्भाव बनाये रखने के लिए प्रयास करें। नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति होगी।

**तुला** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सम्पत्ति में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मानसिक शान्ति बनाये रखें। माता का सानिध्य मिलेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**धनु** मित्रों के साथ धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य होंगे। भवन की साज-सज्जा पर खर्च अधिक रहेंगे।

**मकर** आलस्य में वृद्धि हो सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, लेकिन परिणाम संदिग्ध हैं। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**कुंभ** खर्च बढ़ेंगे। आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में इच्छा-विरुद्ध कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**मीन** कारोबार में सुधार के लिए भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। रहन-सहन कष्टदायी होगा। तनाव से बचें।


**केनफिन होम्स लिमिटेड**
Can Fin Homes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS • DEPOSITS Translating Dreams into Reality
78, प्रथम तल, जे.आर. सामा काम्पलेक्स, गोरखपुर, कटंगा जबलपुर-482001
फोन : 0755 -4921736 Mob:7625079237
E-mail-jabalpur@canfinhomes.com, CIN : L85110KA1987PLC008699

**कब्जा नोटिस [नियम 8 (1)] (अचल संपत्ति हेतु)**

सेक्यूरिटाइजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनानशियल एसेट्स एण्ड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत और सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 के साथ पठित सेक्शन के तहत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत केनफिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने दिनांक **03/03/2026** को उधारकर्ता - **श्रीमती मालती अहिरवार एवं सहऋणी- चंदन कुमार राज एवं नितिन अहिरवार** को मांग सूचना पत्र जारी किया एवं नोटिस में दर्शाई राशि ₹ **215424/- (रुपये दो लाख पन्द्रह हजार चार सौ चौबीस मात्र)** एवं उस पर संविदात्मक दरों पर अतिरिक्त ब्याज के साथ उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर अदा करने के लिए जारी किया गया है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों एवं जनसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियम 9 के साथ पठित एक्ट के धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए, नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा दिनांक **08-04-2026** को ले लिया है।

उधारकर्ताओं/जमानतदारों को विशिष्टता और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नलिखित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार खाते में वर्णित राशि ₹ **215424/- (रुपये दो लाख पन्द्रह हजार चार सौ चौबीस मात्र)** एवं उस पर देय ब्याज एवं खर्चों के लिए केनफिन होम्स लिमिटेड के अधीन होगा।

**अचल संपत्ति का विवरण**

**निजी लेआउट प्लॉट नंबर 23, खसरा नंबर 137 का भाग, एन.बी.-401 (पुराना-397), पीएच. क्रमांक-79 (पुराना-26/23), श्री निवास परिषर कॉलोनी, मौजा रिमझा, आर.एन.एम. - महाराजपुर, तहसील पनागर, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, 482002, क्षेत्रफल 500 वर्गफुट, चर्तुसीमाएं: उत्तर की ओर :- प्लॉट संख्या 22, पूर्व की ओर :- प्लॉट संख्या 52 और 53, पश्चिम की ओर :- 30 फीट चौड़ी सड़क, दक्षिण की ओर :- प्लॉट संख्या 24**

दिनांक : 08-04-2026
स्थान : जबलपुर
(हस्ता.) प्राधिकृत अधिकारी
केन फिन होम्स लि.



**पश्चिम मध्य रेल**

इंजीनियरिंग विभाग खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई. निविदा भरत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है।, **निविदा सूचना कमांक:** डी.आर.एम.डब्लयू-जे.बी.पी 50-2026 दिनांक-07.04.2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत टी.एस. आर.-1.65 कि.मी., टी.टी.आर. (एफएस + टी. डब्ल्यूएस + डब्ल्यू. सी. एम.एस)-1/12 -05 नग, टी.टी.आर. (एफएस +टी.डब्ल्यूएस +डब्ल्यू. सी. एम.एस.)-1/8.5 -04 नग, टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यूएस+डब्ल्यू.सी. एम.एस.एसी.)-1/12-01 नग, टी.टी. आर. (टी.डब्ल्यूएस+डब्ल्यू.सी. एम.एस)-1/8.5 - 07 नग, टी.टी.आर. (टी. डब्ल्यूएस+डब्ल्यू सी. एम.एस)-1/12 -39 नग, टी.टी.आर. (टी.डब्ल्यू.एस+डब्ल्यू सी.एम. एस)-1/8.5-35 नग, टी.टी.आर. (सी.एस सी. एम.एस.)-1/8.5 -54 नग, टी.टी.आर. (एफ. एस) 1/12 -14 नग, टी.टी. आर. (एफ.एस) 1/8.5 -10 नग, एंव टी.टी.आर. (केवल डी.एस रेल कम्पोनेंट) -07 नग।, **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये:** 4,05,45,144/-, **बयाना राशि रुपये:** 8,10,900/-, **समापन अवधि:** 12 माह, **निविदा सूचना कमांक:** डी.आर.एम. डब्लयू-जे.बी.पी 51-2026 दिनांक- 07.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** :वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (मध्य) के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एलसी गेटों पर मानकीकरण और उन्नयन कार्य (जै.से. लेवल क्रांसिंग गेट लॉज, शौचालय ब्लॉक, जल आपूर्ति, सडक की सतह तैयार करना और हाइट गेज फेंसिंग की व्यवस्था आदि सुधार का कार्य। एलसी संख्या 312, 324, 326, 327, 328, 329, 331, 332, 336, 338, 339, 340, 341, 342, 343, 344, 346, 347, 349, 350, 351, 353, 355, भेड़ाघाट-कटनी और एलसी संख्या 94, 98 और 100 बिना कटनी खंड में।, **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये:** 3,30,25,186/-, **बयाना राशि रुपये:** 6,60,500/-, **समापन अवधि** : 12 माह, **निविदा सूचना कमांक:** डी.आर.एम. डब्लयू जे.बी.पी 52-2026 दिनांक-08.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सहायक मंडल अभियंता कटनी अनुभाग में स्लीमनाबाद से कटनी स्टेशन एव बकलेटा से मझगवां फाटक स्टेशन तक रेल्वे क्वार्टर्स एंव सर्विस बिल्डिंग का मरम्मत का कार्य ।, **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये:** 1,23,68,188/-, **बयाना राशि रुपये:** 2,47,400/-, **समापन अवधि:** 12 माह, **निविदा सूचना कमांक:** डी.आर.एम. डब्लयू जे.बी.पी 53-2026 दिनांक-08.04.2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित** : सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) जबलपुर के अधीन दो वर्ष की अवधि के लिए सेवा भवन, आवासीय बंगलों एवं कॉलोनियों के उद्यान/लॉन का रखरखाव तथा प्रेम नगर, उत्सव, कछपुरा, नेहरु, रेल सौरभ, पचपेड़ी, अपर लाइन, लोको तलैया एवं अधिकारी कॉलोनी आदि के उद्यानों का त्रैमासिक रखरखाव।, **कार्य का अनुमनित मूल्य रुपये** : 1,36,54,339/-, **बयाना राशि रुपये** :2,73,100/-, **समापन अवधि** : 24 माह, **उपरोक्त सभी निविदा भरने कि अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे:** 05-05-2026, **उपरोक्त सभी निविदा खुलने कि अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे:** 05-05-2026, उपरोक्त ई-निविदा संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सांकेतिक सूचना**

**सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति के लिए**

**Notification No.: P/NAG/RCT/2024/11/1 Dated: 23.03.2026**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में निम्नलिखित श्रेणियों के लिए मासिक पारिश्रमिक के आधार पर सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से पुनर्नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित है:

| Sr. No. | Vacant Posts – Department | Vacant Posts – Designation | Pay-level | आवश्यक स्टाफ संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Electrical (OP) | CLI | Level-7 | 55 |
| | | | TOTAL | 55 |

आवेदक नागपुर मंडल के लिए दिए लिंक के माध्यम से **secr.indianrailways.gov.in** इस वेबसाइट से निर्धारित प्रारूप (अर्थात अनुलग्नक-1) डाउनलोड कर सकते हैं।
आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित प्रारूप अर्थात अनुलग्नक-1 में आवेदन करें और स्कैन की गई प्रति को **PDF** प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ अधिसूचना में दिए गए आधिकारिक ईमेल आईडी पर **17.04.2026** तक भेजें।
इंटरव्यू दिनांक **21.04.2026 को 11:00** बजे सीनियर DPO, नागपुर के ऑफिस में होगा।
विस्तृत पात्रता और अन्य नियम व शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।
**पथ इस प्रकार है: (Recruitment / News / Press Release Recruitment > Nagpur Division Notification for re-engagement of Retired Railway Staff (CLI)**

मंडल कार्मिक अधिकारी,
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

FL/02-08
swacch bharat - keepindiaclean


### शब्द पहेली - 6192



**बाएँ से दाए**
1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

**शब्द पहेली - 6191 का हल**



### सूडोकू नवताल - 6202
मध्यम



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकू नवताल - 6201 का हल**





# धुरंधर 2 हिंदी वर्जन में 1000 करोड़ कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

**मुंबई।** इन दिनों 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कलेक्शन कर रही है। हाल ही में फिल्म ने अपने नाम नया रिकॉर्ड दर्ज किया है। हिंदी वर्जन ने 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। साथ ही वर्ल्डवाइड भी यह फिल्म छप्परफाड़ कमाई कर रही है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की। रिलीज के 22वें दिन यह रिकॉर्ड फिल्म 'धुरंधर 2' ने अपने नाम किया है। इस फिल्म के हिंदी वर्जन ने गुरुवार को 1009 करोड़ रुपए का कुल कलेक्शन कर लिया है। फिल्म धुरंधर 2 ने तमिल और तेलुगु वर्जन को मिलाकर भी 1,050.51 करोड़ रुपए कमाए लिए हैं। 23वें दिन की बात करें तो 'धुरंधर 2' ने 2.09 करोड़ रुपए की कमाई अब तक की है। यह फिल्म का शुरुआती कलेक्शन हैं। वहीं, 23वें दिन तमिल वर्जन ने 3 लाख रुपए और तेलुगु वर्जन ने 4 लाख रुपए अपने खाते में जमा किए हैं।

लाइफStyle

# सुनंदा जिंदादिली के लिए हैं मशहूर

सुनंदा शर्मा आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई है जिसकी वजह कोई नया गाना नहीं, बल्कि उनके वो देसी और मजेदार वीडियो हैं जो इंटरनेट पर आग की तरह फैल रहे हैं। अक्सर हम स्टार्स को बड़ी गाड़ियों और प्राइवेट जेट्स में देखते हैं, लेकिन सुनंदा को कभी बस में यात्रियों को गुदगुदाते तो कभी ऑटो की अगली सीट पर बैठकर मजे लेते देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुनंदा शर्मा के शेयर किए वीडियोज में एक गजब का 'बेबाक' अंदाज है, जो दिखाता है कि एक बड़ी सेलिब्रिटी होने के बावजूद वह दिल से बिल्कुल जमीन से जुड़ी हुई हैं। सुनंदा शर्मा वायरल वीडियो में बस में मास्क लगाकर बैठी दिख रही हैं और फिर अचानक दाल-मखनी और मिस्सी रोटी की बातें छेड़ देती हैं और फिर खुद ही यह कहकर हंस पड़ती हैं कि जहाज के सफर करके हम पागल हो गए हैं। वे अपनी ट्रिप का लुत्फ किसी वीआईपी ट्रीटमेंट की तरह नहीं, बल्कि एक आम इंसान की तरह उठाती हैं। जब वह ऑटो में ड्राइवर के पास वाली सीट पर बैठकर अपने शो के लिए निकलीं, तो उन्होंने फैंस से अपनी लोकेशन बूझने को कहा। लोगों ने तुरंत पहचान लिया कि वह शाहजहांपुर में थीं और कई फैंस को इस बात का मलाल भी रहा कि वे अपनी पसंदीदा सिंगर से मिल नहीं पाए। उनका एक रेस्टोरेंट का वीडियो भी खूब वायरल हुआ, जिसमें वह पहले तो बड़ी गंभीरता से 'सिविक सेंस' और पब्लिक मैनर्स पर लेक्चर देने लगती हैं, लेकिन कुछ ही पलों में अपनी ही हंसी नहीं रोक पातीं। उनका अचानक से हंस पड़ना और अपनी टीम के साथ मस्ती करना, लोगों को बहुत पसंद आ रहा है क्योंकि इसमें कोई बनावटीपन नहीं दिखता। सुनंदा शर्मा अपनी ट्रिप के अलग-अलग वीडियो भी शेयर करती रहती हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# टेलर -ट्रैविस ने शुरू की शादी की तैयारी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स की शादी से जुड़ी सभी जानकारी सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट और एनएफएल स्टार ट्रैविस केल्स ने अपनी शादी की तैयारी शुरू कर दी है और अपने करीबी दोस्तों और परिवार वालों को 'सेव द डेट' इनविटेशन भी भेज दिए हैं। खास बात ये है कि प्राइवेसी बनाए रखने के लिए मेहमानों से पहले ही एनडीए यानि नॉन-डिस्क्लोजर एग्रीमेंट साइन करवाया जा रहा है, ताकि शादी की कोई भी डिटेल बाहर न आए। पहले 13 जून को शादी की तारीख माना जा रहा था, लेकिन अब नई रिपोर्ट्स के अनुसार कपल 3 जुलाई को शादी कर सकता है। हालांकि, वेन्यू अभी तक सीक्रेट रखा गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि शादी न्यू यॉर्क में हो सकती है।



# एक्टिंग छोड़ने वाली थीं सीरीज यू ने बदल दिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जेना ओर्टेगा ने अपने अभिनय से दर्शकों का जीता था, सीरीज वेडनेस में उनके काम को खूब सराहा गया। इसके बाद भी इस एक्ट्रेस को लगा कि एक्टिंग को अलविदा कह देना चाहिए। दरअसल, ऐसा फैसला वह सोच-समझ कर ले रही थीं फिर जेना ने अपना फैसला बदल दिया। इसकी वजह उनका अगला प्रोजेक्ट 'यू' रहा। जेना ओर्टेगा ने बताया कि टीनएजर में आने उन्हें लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में अपना भविष्य नहीं देख पा रही हैं। जेना कहती हैं, 'मुझे नहीं पता था कि मैं और क्या करूंगी।' वह बताती हैं कि कास्टिंग डायरेक्टर्स के सामने बार-बार अपनी एक्टिंग की रेंज साबित करनी पड़ी, जिसकी वजह से उन्होंने एक्टिंग पूरी तरह से छोड़ने के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। जेना ने आगे कहा, 'मुझे लगा कि अगर एक्टिंग छोड़नी ही है, तो यही सही समय है।' जेना ओर्टेगा के कॅरियर में टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया। जेना को सीरीज 'यू' के दूसरे सीजन में एली एल्व्स के रोल के लिए कास्ट किया गया। यह किरदार उनके कॅरियर को ऊंचाइयों पर ले गया। जेना के अभिनय को दर्शकों ने भी खूब पसंद किया। वह कहती हैं, 'मुझे यह सीरीज बहुत पसंद आई। मैंने इसकी शूटिंग पर बहुत अच्छा समय बिताया।




# दादी की शादी का पोस्टर रिलीज रिद्धिमा के साथ नजर आएंगी नीतू

**मुंबई।** कपिल शर्मा की नई फिल्म 'दादी की शादी' का पहला लुक सामने आ चुका है। इसमें नीतू कपूर और कपिल शर्मा सहित कई सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म में नीतू अपनी बेटी रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ किसी फिल्म में पहली बार नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन आशीष आर मोहन ने किया है। निर्माताओं ने आज 'दादी की शादी' का पहला पोस्टर लुक शेयर किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दादी इंटरनेट पर धूम मचा रही हैं और सारे नियम तोड़ रही हैं। क्या परिवार उनके साथ है या उनके खिलाफ? दादी की शादी में, जनरेशन डी से जनरेशन जेड तक सभी आमंत्रित हैं।' दादी की शादी में कपिल शर्मा, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, दक्षिण के सुपरस्टार सरथ कुमार, निखत हेगड़े, तेजस्विनी कोल्हापुरे और सादिया खतीब सहित कई सहायक कलाकार हैं।



# भाईजान की अगली फिल्म में हुई राजपाल की एंट्री

**मुंबई।** अभिनेता राजपाल यादव बीते दिनों काफी मुश्किलों में रहे। मगर, अब उनकी किस्मत ने पलटी ले ली है। सलमान खान ने उन्हें अपनी फिल्म में साइन किया है और इसमें एक्टर-कॉमेडियन का किरदार बहुत अहम बताया जा रहा है। सलमान खान इन दिनों अपनी वॉर ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म के बाद वे निर्माता दिल राजू और निर्देशक वामशी पेडिपल्ली के साथ एक्शन फिल्म में काम करेंगे। फिल्म का नाम फिलहाल तय नहीं है। इसमें सलमान के साथ नयनतारा नजर आएंगी। वहीं, फिल्म की कास्ट में एक नए नाम के जुड़ने की अटकलें भी हैं। राजपाल यादव को फिल्म में लिया गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सलमान खान ने कथित तौर पर राजपाल यादव को अपनी अगली एक्शन एंटरटेनर फिल्म में एक अहम किरदार निभाने के लिए साइन किया है।

## टीवी मसाला



# बबीता जी और चंपकलाल से अधिक भिड़े की नेट वर्थ, जेठालाल छुपे रुस्तम

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सबसे फेमस टेलीविजन शो में से एक रहा है। शो के किरदारों ने दर्शकों के दिलों में एक खास जगह बना ली है। इन कलाकारों ने वर्षों से अपार प्यार पाया है और साथ ही अच्छी खासी संपत्ति भी बना ली है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की अपार लोकप्रियता के पीछे दिलीप जोशी का अहम योगदान रहा है। जेठालाल गड़ा के किरदार में उन्होंने अपने बेमिसाल ह्यूमर से दर्शकों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने लगभग 47 करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर एक्टर्स में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई है। अमित भट्ट ने शो की शुरुआत के कुछ ही समय बाद चंपकलाल गड़ा की भूमिका निभाकर शो में एंट्री की। वे एक ऐसे पिता हैं जिन्हें सभी किरदार और दर्शक भी प्यार करते हैं। उनकी लगभग 16.4 करोड़ रुपए की कुल नेट वर्थ है। टेलीविजन सीरियल में बबीता का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस मुनमुन दत्ता अपनी एक्टिंग के लिए मशहूर हैं। वह हमेशा से ही इस सीरियल का एक जाना-पहचाना चेहरा रही हैं। अब तक वह अपने करियर में काफी सफल रही हैं और उनकी कुल नेट वर्थ लगभग 40 करोड़ रुपए बताई जाती है। सोनालिका जोशी शो में माधवी भिड़ें के रोल में हैं और हमेशा से इससे जुड़ी रही हैं। उन्होंने अपने बिजनेस को भी बखूबी संभाला है। शो में अपने रोल के कारण वह घर-घर में जानी-मानी हस्ती बन चुकी हैं।

## सुदेश की पत्नी ने बेटा-बहू के सामने दौड़ाकर पीटा!

**नई दिल्ली।** भारत की पसंदीदा रसोई को इस हफ्ते 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' के बैसाखी उत्सव के साथ पूरी तरह से पंजाबी रंग में रंग दिया गया है। उत्सव की शुरुआत ढोलक की थाप से होती है, जो माहौल को जोश से भर देती है। इसके बाद कलाकार पंजाबी बोलियों के दौर में उतरते हैं, जो सबसे ज्यादा मजेदार है। हंसी-मजाक से शुरू होकर, हर कोई एक-दूसरे को नीचा दिखाने की कोशिश करता है, और हर कुछ सेकंड में पूरा कमरा हंसी से गूंज उठता है। वहीं, कश्मीरा के साथ राजपाल यादव का डांस देख लोग अलग मजे ले रहे हैं। और जब सुदेश निया शर्मा के साथ फ्लर्ट करते हैं, तभी सुदेश लहरी की पत्नी बिल्लो जी अपने परिवार के साथ 'आज ना छोड़ूंगी तुझे' गाने की धुन पर आती हैं, जिससे पहले से ही शोरगुल से किचन भर जाता है। खाना पकाने का सेगमेंट मस्ती को एक मजेदार मोड़ के साथ खत्म होता है, जिसमें एक्टर्स गुड़ पारे को पतंग की तरह आकार देने की कोशिश करते हैं - यह चुनौती देखने में जितनी आसान लगती है, उससे कहीं ज्यादा कठिन साबित होती है। सुदेश लहरी कहते हैं, 'बैसाखी हमेशा से मेरे दिल के बहुत करीब रही है।



# एक्शन और प्यार का कॉम्बो है मृणाल-अदिवि की डकैत

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघरों में फिल्म 'धुरंधर 2' का कब्जा है। 19 मार्च को रिलीज हुई इस फिल्म ने कमाई के मामले में कई बड़े रिकॉर्ड ध्वस्त कर डाले। कई फिल्मों को धूल चटा दी। अब तक इसके आसपास कोई फिल्म फटक तक नहीं पा रही थी। हालांकि, शुक्रवार 10 अप्रैल को 'डकैत' ने दस्तक दी है। फिल्म 'डकैत' में अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक्शन है भी है और इमोशंस भी। 'डकैतः एक प्रेम कहानी' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें हरि (आदिवी शेष) की कहानी दिखाई गई है, जिसे अपनी पूर्व प्रेमिका सरस्वती (मृणाल ठाकुर) के कारण गलत तरीके से जेल में डाल दिया जाता है। फिर वह जेल से भागकर एक डकैती की योजना बनाता है। मदनपल्ले क्षेत्र में फिल्माई गई यह फिल्म प्रतिशोध, जातिगत राजनीति और जबरन विश्वासघात से संबंधित है।



### शनेल देव ने किया है निर्देशन

फिल्म डकैत का निर्देशन शनेल देव ने किया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिका में हैं। इनके अलावा फिल्म में जैन मैरी खान, कामाक्षी भास्करला, प्रकाश राज, साउथ एक्टर सुनील और अतुल कुलकर्णी सहायक भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' कलाकारों की भूमिकाएं- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मृणाल ठाकुर ने फिल्म 'डकैतः ए लव स्टोरी' में अपने रोल के लिए 2.5 करोड़ रुपए लिए हैं। इस जबरदस्त एक्शन फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे आदिवी शेष ने 3 करोड़ से 7 करोड़ रुपए के बीच फीस ली है। फिल्म का कुल अनुमानित बजट 80 करोड़ से 100 करोड़ रुपए के बीच है।

# अनंत को सलमान-शाहरुख ने पलकों पर बिठाया

**मुंबई।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के सबसे छोटे बेटे अनंत अंबानी ने 10 अप्रैल को जामनगर में भव्य समारोह आयोजित करके अपना 31वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। आधी रात होते ही फिल्म जगत से अरबपति अंबानी को ढेरों शुभकामनाओं का तांता लग गया, जिनमें बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान और शाहरुख खान सबसे आगे रहे और उन्होंने बर्थडे बॉय को प्यार और शुभकामनाओं से सराबोर कर दिया। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत के साथ कुछ प्यारी और खुशनुमा तस्वीरें शेयर करते हुए उन्हें अपना छोटा भाई बताया। एक तस्वीर में सलमान अनंत को प्यार से गले लगाते हुए नजर आ रहे हैं। सलमान ने काले रंग की शर्ट और जींस पहनी हुई है। वे अनंत को गले लगाने के लिए झुके हुए हैं, जबकि अनंत आंखें बंद करके मुस्कुरा रहे हैं। तस्वीरें पोस्ट करते हुए सलमान ने लिखा, 'सबसे निस्वार्थ, दयालु इंसान और कई लोगों के लिए प्रेरणास्रोत... मेरे छोटे भाई अनंत को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' सलमान ने कुछ और फोटोज भी पोस्ट कीं, जिसमें वो अनंत के कंधे पर चढ़े हुए थे और दोनों मुस्कुरा रहे थे। फोटो के साथ सलमान ने कैप्शन में लिखा, 'ये बात सुनो अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो... ये आदमी देश को भी उठाएगा... मेरे छोटे भाई अनंत जिंदाबाद... दिल और दिमाग का अंबानी, अनंत अंबानी।'



### अपने काम से लोगों के चेहरे पर लाते रहें मुस्कान

शाहरुख खान ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'अनंत अंबानी को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं आप इसी तरह अच्छे काम करते रहें और सकारात्मकता और सच्चाई को कायम रखें। अपना अच्छा काम जारी रखें और अपने काम से लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाते रहें। ईश्वर आपको हमेशा अच्छे स्वास्थ्य और खुशियों से नवाजे।' रणवीर सिंह ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अनंत को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। रणवीर ने अनंत के साथ एक मजेदार तस्वीर पोस्ट की और लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो भाई (किस इमोजी)।' एक्टर संजय दत्त ने भी अनंत के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लिखा, 'अनंत मेरे भाई, तुम सबसे दयालु और प्यारे भाई हो जो किसी को भी मिल सकते हैं। मैं महादेव से प्रार्थना करता हूं कि तुम स्वस्थ रहो और अपने सभी कामों में सफल हो। हमेशा खुश रहो और मेरे लिए हमेशा की तरह प्यारे भाई बने रहो। जन्मदिन मुबारक हो, भगवान तुम्हें आशीर्वाद दें! हर हर महादेव।'

## रिलीज हो रहीं एक्शन और थ्रिलर से भरपूर फिल्में-सीरीज

# इस वीकएंड ओटीटी पर होगी मनोरंजन की बरसात

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमाघरों में धुरंधर 2 सजी हुई है। यह फिल्म शानदार प्रदर्शन कर रही है। 10 अप्रैल को अदिवि शेष और मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत ने भी दस्तक दे दी है। थिएटर्स जाने के लिए ये दोनों फिल्में ही पर्याप्त बहाना है। मगर, वीकएंड पर अगर बदलते मौसम को देखते हुए या अन्य वजह से घर से निकलने का मन नहीं है और घर पर ही कुछ बढ़िया देखना है, तो ओटीटी पर भी कई विकल्प हैं।

### ओ'रोमियो

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म 'ओ रोमियो' सिनेमाघरों के बाद आखिर ओटीटी पर भी आ गई है। यह फिल्म आज शुक्रवार 10 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज हो गई है। विशाल भारद्वाज निर्देशित यह फिल्म सच्ची घटनाओं से इंस्पायर एक रिवेंज ड्रामा है। इसमें नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पटानी, रणदीप हुड्डा, फरीदा जलाल और विक्रांत मैसी जैसे कलाकार भी हैं।



### थाई किझावी

यह एक तमिल ड्रामा है। इसमें राधिका सरतकुमार ने 70 साल की एक गुस्सैल साहूकार का रोल किया है। शिवकुमार मुरुगेसन ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। 'थाई किझावी' ने 150 करोड़ रुपए का कलेक्शन जुटाया था। अब यह फिल्म ओटीटी पर आ गई है। शुक्रवार 10 अप्रैल से यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम गई है।

### तू या मैं

यह फिल्म भी ओटीटी पर दस्तक दे चुकी है। इस वीकएंड इस फिल्म का लुत्फ उठा सकते हैं। इसका निर्देशन बिजॉय नांबियार ने किया है। 'तू या मैं' एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जिसमें शनाया कपूर और आदर्श गौरव लीड रोल में हैं। यह फिल्म थाई मूवी 'द पूल' का आधिकारिक रीमेक है। यह 10 अप्रैल से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो गई है।

### थ्रैश

यह एक शार्क सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है, जो 10 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है। वीकएंड पर इसे देख सकते हैं। इसमें एक शहर में भयानक समुद्री तूफान आता है और साथ ही खतरनाक शार्क हमला शुरू कर देती हैं। लोग अपने बचाव के लिए संघर्ष करते हैं।

### द बॉयज सीजन 5

यह एक सुपरहीरो सीरीज है, जिसका आखिरी सीजन शुरू हो रहा है। 'होमलैंडर' और 'बुचर' के बीच की आखिरी जंग देखने के लिए बेताब फैंस का इंतजार आखिर इस वीक पूरा होगा। यह सीरीज 8 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।

### बिग मिस्टेक्स

डैन लेवी के इस शो में आपको कॉमेडी और थ्रिलर दोनों का डोज मिलेगा। कहानी दो भाई-बहनों की है, जो अनजाने में खुद को संगठित अपराध की दुनिया में फंसा हुआ पाते हैं। यह शो 09 अप्रैल 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है।

### यूफोरिया' सीजन 3

हॉलीवुड की चर्चित सीरीज 'यूरोफिया' अपने नए सीजन के साथ वापसी कर रही है। यह करीब चार साल के इंतजार के बाद आ रही है। सस्पेंस, थ्रिल और एक्शन से भरपूर सीरीज में हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडाया लीड रोल में हैं। साथ ही एरिक डेन, त्रिशा पेटस, जैकब एलोर्डी, नताशा लियोन, एली रोथ और क्वामे पैटरसन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह सीरीज 12 अप्रैल से एचबीओ मैक्स पर स्ट्रीम होगी।

बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप

# आयुष का उलटफेर, क्रिस्टी बाहर, सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▸▸ निंगबो

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने इंडोनेशिया के दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को हराकर उलटफेर करते हुए अपने कॅरियर की सबसे बड़ी जीत हासिल करने के साथ बैडमिंटन एशियाई चैंपियनशिप के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज शेट्टी ने एक कड़े मुकाबले वाले क्वार्टरफाइनल में ऊंची रैंकिंग पर काबिज क्रिस्टी पर लगातार दबदबा बनाते हुए, जोरदार स्मैश की बदौलत 23-21, 21-17 से जीत दर्ज की। मौजूदा अमेरिकी ओपन सुपर 300 चैंपियन शेट्टी का सामना अब थाईलैंड के शीर्ष वरीय कुनलावुत विटिदसर्ण से होगा, जो पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता और 2023 विश्व चैंपियन हैं।



### क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर की पहली भिड़ंत

यह क्रिस्टी और शेट्टी के बीच टूर पर पहली भिड़ंत थी। शेट्टी कोच इरवानस्याह आदि प्रतामा के साथ मिलकर रणनीति रूप से पूरी तरह तैयार दिखे, जो पहले क्रिस्टी के भी कोच थे। भारतीय खिलाड़ी ने अपने प्रतिद्वंद्वी के हर शॉट का करारा जवाब दिया और अपने कोण और अनुशासित डिफेंस से उन्हें परेशान कर दिया। शेट्टी शुरु में शेट्टी 2-0 और 5-3 से आगे चल रहे थे, लेकिन क्रिस्टी ने फिर नियंत्रण बनाकर स्कोर 6-5 कर लिया। इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने अपनी गति और कोण में लगातार बदलाव किया, जिससे छह फुट चार इंच लंबे भारतीय खिलाड़ी पर दबाव बन गया। क्रिस्टी इस तरह 9-6 से आगे हो गए और ब्रेक तक तीन अंक की बढ़त बनाए थे। मंगलुरु के शेट्टी ने शानदार वापसी करते हुए जल्द ही अंतर खत्म कर दिया।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# भारत ने गोल्ड मेडल जीतकर किया यादगार समापन

एजेंसी ▸▸ उलानबटोर

भारत ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अपने यादगार अभियान का समापन पुरुषों के 50 किलोग्राम वर्ग में विश्वनाथ सुरेश के स्वर्ण पदक के साथ किया। विश्वनाथ ने फाइनल में दबदबा बनाते हुए जापान के दाइची इवाई को 5-0 से शिकस्त दी। सचिन (60 किलोग्राम) ने कड़े मुकाबले में रजत पदक जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया, जिससे पुरुषों की टीम का प्रदर्शन शानदार रहा। भारत पदक तालिका में पांच स्वर्ण पदक के साथ दूसरे स्थान पर रहा। कजाकिस्तान ने भारत से एक स्वर्ण पदक ज्यादा जीता और तालिका में शीर्ष पर रहा। हालांकि कुल मिलाकर सबसे अधिक (16) पदक भारत ने ही जीते।

### विश्वनाथ सुरेश ने फाइनल में बनाया दबदबा, जीता स्वर्ण पदक



### भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन

इस प्रदर्शन की सबसे बड़ी खासियत भारतीय महिला टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन रहा, जिसमें उन्होंने 10 पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इन 10 पदकों में चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल थे, जो महाद्वीपीय स्तर पर उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों में से एक है।

## खबर संक्षेप



### मास्टर्स टूर्नामेंट: आरोन राय संयुक्त 10वें स्थान पर

**आगस्टा।** भारतीय मूल के ब्रिटिश गोल्फर आरोन राय ने शुरुआती चार होल में तीन बर्डी लगाकर शानदार शुरुआत की लेकिन आखिर में उनका स्कोर एक अंडर 71 रहा, जिससे वह 90वें मास्टर्स टूर्नामेंट में पहले दौर के बाद संयुक्त 10वें स्थान पर रहे। वह शीर्ष पर चल रहे मौजूदा चैंपियन रोरी मैकलॉय और सैम बर्न्स से चार शॉट पीछे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया। भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अक्षय भाटिया ने पहले दौर में एक ओवर 73 का स्कोर बनाया। वह अभी संयुक्त 33वें स्थान पर हैं। उन्होंने बैक नाइन पर तीन बोगी और एक डबल बोगी की, जिसके कारण वह अच्छी शुरुआत के बावजूद नीचे खिसक गए।

### जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच बने वाइट



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने तुषार खांडेकर की जगह ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी कोच टिम वाइट को जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। खांडेकर 2023 से जूनियर महिला हॉकी टीम के साथ थे। राष्ट्रीय महासंघ ने इस बदलाव के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी और वाइट के अनुबंध के कार्यकाल का खुलासा भी नहीं किया। वाइट ने हाल में इस साल जनवरी में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में 'अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगन्स' के मुख्य कोच के तौर पर काम किया था। उन्हें बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया में भी कोचिंग करने का अनुभव है। भारत आने से पहले वाइट बेल्जियम की अंडर-21 महिला टीम के कोच थे और उन्होंने पिछले साल जूनियर विश्व कप में टीम को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह 2021 से 2024 के बीच बेल्जियम की सीनियर राष्ट्रीय टीम के कोचिंग स्टाफ का भी एक अहम हिस्सा थे।

### व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने किया क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारत की 3x3 महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम ने स्कॉटलैंड के ग्लासगो में होने वाले आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से 2 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे, जिसमें 3x3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल प्रतियोगिता 24 से 29 जुलाई तक स्कॉटिश इवेंट कैंपस में खेली जाएगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के साथ एशिया ओशिनिया क्वालीफायर के के जरिए क्वालीफाई किया है। इसमें केवल इन दोनों टीम ने ही हिस्सा लिया था और उन्होंने क्रमशः एशिया और ओशिनिया का प्रतिनिधित्व करते हुए क्वालीफाई किया।

आज दोपहर 3.30 बजे से श्रेयस और ईशान की टीम में मुकाबला

# सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अपनी लय जारी रखने उतरेगा पंजाब किंग्स

एजेंसी ▸▸ मुल्लांपुर

पिछले साल के अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने वाली पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक संघर्ष कर रही सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शनिवार को होने वाले मैच में अपनी लय बरकरार रखने की कोशिश करेगी। पिछले साल की उपविजेता पंजाब किंग्स की टीम ने जिस तरह से अभी तक प्रदर्शन किया है उसे देखते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए उसके पिछले मैच में अंक बांटने से वह खुश नहीं होगी। श्रेयस अय्यर की अगुवाई में पंजाब किंग्स में यह दिखा दिया है कि एक विजेता टीम पर दृष्टिकोण कैसा होना चाहिए। फिर चाहे वह चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ 200 रन से अधिक के लक्ष्य का आसानी से पीछा करना हो या मुल्लांपुर की मुश्किल पिच पर पूर्व चैंपियन गुजरात



### लड़खड़ा रही सनराइजर्स की टीम

सनराइजर्स के शीर्ष क्रम में धाकड़ बल्लेबाज हैं लेकिन उनके नहीं चल पाने के कारण टीम लड़खड़ा रही है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ ऐसा देखा गया जब ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की खतरनाक सलामी जोड़ी सस्ते में आउट हो गई थी। हर्षल पटेल और जयदेव उनादकट जैसे गेंदबाजों की नाकामी के कारण सनराइजर्स हैदराबाद की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उसके खिलाड़ी नीतीश कुमार रेड्डी और हेनरिक क्लासेन के एलएसजी के खिलाफ मैच में अच्छे प्रदर्शन से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। स्पिनर हर्ष दुबे ने पावरप्ले में शानदार प्रदर्शन की झलक दिखाई है और उनसे उम्मीद की जाएगी कि वे अपनी फॉर्म को बरकरार रखें।

### सीएसके खाता खोलने को बेताब आज दिल्ली कैपिटल्स से सामना



**चेन्नई।** सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए बेताब चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम शनिवार को जब इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी तो उसके अनुभवी सलामी बल्लेबाजों संजू सैमसन और रुतुराज गायकवाड़ पर अच्छा प्रदर्शन करने का काफी दबाव होगा। सीएसके को तीन अलग-अलग मैदानों पर हार का सामना करना पड़ा है और इस तरह से उसके लिए सत्र की शुरुआत निराशाजनक रही है। सीएसके को अगर अपना खाता खोलना है तो उसे बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अभी तक खेले गए तीन मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की अनुपस्थिति ने भी टीम के संतुलन को प्रभावित किया है। दक्षिण अफ्रीका के इस विस्फोटक बल्लेबाज के दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में चोट से उबरकर वापसी करने की उम्मीद है। हालांकि महेंद्र सिंह धोनी की वापसी को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, जो पिंडली में खिंचाव के कारण इस सत्र में अभी तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं।

**आज रात 7.30 बजे से दोनों टीमों में भिड़ंत**

बिली जीन किंग कप

## जील की डेब्यू मुकाबले में आसान जीत 15 वर्षीय गैंटोर को सीधे सेटों में हराया



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

जील देसाई ने बिली जीन किंग कप के एशिया/ओशिनिया ग्रुप-1 मुकाबले में अपने पदार्पण मैच में मंगोलिया की 15 वर्षीय अनु-वजिन गैंटोर को सीधे सेटों में हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी।

जील ने डीएलटीए परिसर में खेले गए इस मुकाबले में महज 37 मिनट में अपनी प्रतिद्वंद्वी को 6-0, 6-0 से करारी शिकस्त दी।

गैंटोर के अनुभवहीन होने को देखते हुए, भारतीय कप्तान विशाल उप्पल ने जील को मौका दिया। टूर्नामेंट में अब तक खेले एक गेम जीत सकी गैंटोर इस स्तर के मुकाबलों के लिए अभी तैयार नहीं दिखीं। गैर-वरीयता प्राप्त गैंटोर को अभी काफी कुछ सीखना है। मुकाबले के दौरान गैंटोर अपने दम पर शायद ही कोई अंक जीत सकीं। उनके खाते में अंक तभी जुड़ा, जब भारतीय खिलाड़ी से कोई गलती हुई।

### गैंटोर नहीं कर सकीं सर्विस रिटर्न

मुकाबले के दौरान ऐसा लगा कि गैंटोर ने पहले ही हार मान ली थी। वह सर्विस रिटर्न भी ठीक से नहीं कर सकीं और गेंदें लगातार लाइन से बाहर जाती रहीं, जिससे मुकाबला एकतरफा बन गया। भारतीय खेमे को हालांकि इससे कोई शिकायत नहीं होगी, क्योंकि प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे मंगोलिया के साथ-साथ शनिवार को कोरिया के खिलाफ भी जीत दर्ज करनी है। थाईलैंड के खिलाफ मिली हार ने भारत की स्थिति को पहले ही मुश्किल बना दिया है। छह टीमों के इस ग्रुप में शीर्ष दो टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी, जबकि अंतिम दो टीमों को ग्रुप-2 में खिसकना पड़ेगा।

कैंडिडेट्स शतरंज

## बढ़त को और बढ़ाने आज गोर्याचकिना से भिड़ेंगी वैशाली



एजेंसी ▸▸ पाफोस

आर. प्रज्ञानानंदा के खिताबी दौड़ से बाहर होने के बाद सबका ध्यान उनकी बहन आर. वैशाली पर लगा हुआ है, जो एकल बढ़त बनाए हैं और विश्राम के बाद शनिवार को महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के 11वें दौर में रूस की अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना का सामना करेंगी।

वैशाली का लक्ष्य अपनी बढ़त को और बढ़ाना और खिताब के लिए अपनी दावेदारी को मजबूत करना है। अगर वह ऐसा कर पाती हैं तो उन्हें इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन जू वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका मिलेगा। चार दौर बाकी रहते हुए वैशाली तीन भारतीय खिलाड़ियों में सबसे आगे चल रही हैं। वह अपने छोटे भाई आर प्रज्ञानानंदा (ओपन वर्ग) और दिव्या देशमुख से आगे हैं। वैशाली ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक और चीन की झू जिनर पर आधे अंक की बढ़त बनाई हुई है। कैटरीना लागनो, अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना और कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा पांच अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि दिव्या देशमुख उनसे और आधे अंक पीछे हैं। पूर्व महिला विश्व चैंपियन टैन झोंगयी 3.5 अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं।

### वैशाली ने अब तक हासिल की तीन जीत

वैशाली ने अब तक तीन जीत हासिल की हैं और सिर्फ एक बाजी गंवाई है। गोर्याचकिना के साथ बाजी के बाद उन्हें चीन की दो खिलाड़ियों और कैटरीना के खिलाफ बाजी खेलनी हैं। चार दौर बाकी होने के कारण टूर्नामेंट का नतीजा अभी भी किसी भी तरफ जा सकता है। अगर वह आखिरी दौर में अच्छा प्रदर्शन करती हैं तो वह खिताब जीत सकती हैं और इस साल के आखिर में विश्व चैंपियन वेनजुन के खिलाफ खेलने का मौका पा सकती हैं।

**'ओपन' वर्ग में मुकाबला एकतरफा :** 'ओपन' वर्ग में अब मुकाबला एकतरफा बन गया है, जिसमें जावोखिर सिंदारोव 10 में से आठ अंक लेकर फॉर्म में हैं। उज्बेकिस्तान के इस खिलाड़ी ने छह बाजी जीती हैं जबकि चार ड्रॉ खेले हैं। अब वह इस साल के विश्व चैंपियनशिप मैच में भारत के डी गुकेश के खिलाफ खेलने का मौका पाने के लिए अच्छी स्थिति में हैं बशर्ते आखिरी दौर में कोई बड़ा उलटफेर न हो जाए।

## यूरोपा लीग : एस्टन विला की लगातार आठवीं जीत, बोलोग्ना को हराया

एजेंसी ▸▸ लंदन

ओली वाटकिंस के दो गोल की मदद से एस्टन विला ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बोलोग्ना को 3-1 से हराकर यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए।

यह इस प्रतियोगिता में एस्टन विला की लगातार आठवीं जीत थी। क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में हाफ टाइम से ठीक पहले एजरी कोंसा ने यूरी टिलेमैन्स की घुमावदार कॉर्नर किक पर हेडर से एस्टन विला के लिए पहला गोल दागा। वाटकिंस ने दूसरे हाफ की शुरुआत में ही गोलकीपर फेडेरिको रावग्लिया के पैरों के बीच से शॉट मारकर बढ़त को दोगुना कर दिया। अंतिम क्षणों में जोनाथन रोवे ने मेजबान बोलोग्ना के



लिए गोल करके अंतर कम किया लेकिन वाटकिंस ने स्टॉपेज टाइम में अपना दूसरा गोल दागकर एस्टन विला को मजबूती प्रदान की। दूसरे चरण में एस्टन विला दो गोल की बढ़त के साथ उतरेगा। पूर्व यूरोपीय चैंपियन टीमों के मुकाबले में नॉटिंघम फॉरेस्ट ने पोर्टो के खिलाफ 1-1 से रोमांचक ड्रॉ खेला। अन्य मैचों में फ्रीबर्ग ने सेल्टा विगो को 3-0 से और क्रिस्टल पैलेस ने फियोरेंटीना को 3-0 से हराया।

## जोशी ने चार शॉट से जीता खिताब

एजेंसी ▸▸ विशाखापत्तनम

खालिन जोशी ने चौथे और आखिरी दौर में दो अंडर 69 के स्कोर के साथ शुक्रवार को आंध्र ओपन गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बेंगलुरु के 33 वर्षीय पेशेवर खिलाड़ी ने 68-68-70-69 के कार्ड खेलकर नौ अंडर 275 का कुल स्कोर बनाकर चार शॉट के अंतर से शीर्ष स्थान हासिल किया। पीजीटीआई में खालिन की यह सातवीं जीत है।

इस जीत से उन्हें 15 लाख रुपए का इनाम मिला और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई रैंकिंग में वह 55वें से 12वें स्थान पर पहुंच गए। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा (70-70-74-65) ने अंतिम दौर में कोर्स-रिकॉर्ड छह अंडर 65 का स्कोर बनाकर ईस्ट प्वाइंट गोल्फ क्लब में पांच अंडर 279 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। वह तीसरे दौर के बाद 13वें स्थान पर थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई सत्र की रैंकिंग में शीर्ष पर चल रहे सप्तक तलवार (70-74-68-68) ने दुबई के यश मजमूदार (71-

आंध्र ओपन




69-69-71) के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। उनका स्कोर चार अंडर 280 रहा। चंडीगढ़ के अजीतेश संधू ने तीन अंडर 281 के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया, जबकि अंगद चीमा, हनी बैसोया, राशिद खान और मनजोत सिंह एक समान दो अंडर 282 के स्कोर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे।

फीफा ने किया 52 रेफरी का चयन, तीन देश करेंगे मेजबानी

# फुटबॉल विश्व कप में इस बार फिर दिखेंगी महिला रेफरी

एजेंसी ▸▸ मैनचेस्टर

विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फ़ीफा ने दो महीने बाद शुरू होने वाले विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 52 रेफरी का चयन किया है, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। अमेरिका की टोरी पेन्सो और मैक्सिको की काटिया गार्सिया के रूप में दो महिला रेफरी इस सूची में शामिल हैं। फीफा ने अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले टूर्नामेंट के लिए तीन महिलाओं को सहायक रेफरी और एक महिला को वीडियो मैच अधिकारी के रूप में भी चुना गया है। यह दूसरा अवसर है जबकि पुरुषों के विश्व कप में महिला रेफरी भाग लेगी। कतर में चार साल पहले खेले गए विश्व कप में तीन महिला रेफरी और तीन महिला सहायक रेफरी शामिल थीं। पेन्सो 2023 में महिला विश्व कप के फाइनल में रेफरी थीं। फीफा ने कहा कि रेफरी का चयन प्रदर्शन को प्राथमिकता देने के आधार पर किया गया है।





### टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी लेंगे हिस्सा

फीफा ने कहा कि टूर्नामेंट में 170 मैच अधिकारी हिस्सा लेंगे, जिनमें 52 रेफरी, 88 सहायक रेफरी और 30 वीडियो मैच अधिकारी शामिल हैं। यह संख्या विश्व कप 2022 में शामिल 139 मैच अधिकारियों से अधिक है। विश्व कप 2026 अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप है, जिसमें 48 टीमें भाग लेंगी और कुल 104 मैच खेले जाएंगे। यही नहीं यह पहला विश्व कप होगा, जिसकी सह-मेजबानी तीन देश करेंगे।




### हाईकोर्ट ने केस की मौजूदा स्थिति जानने के लिए सभी आर्डर कापी भी मांगी

# राहुल गांधी की अपील पर एमपी-एमएलए कोर्ट का रिकॉर्ड तलब, कार्तिकेय सिंह चौहान को नोटिस

हरिभूमि जबलपुर।

शुक्रवार को मप्र हाईकोर्ट में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अपील पर सुनवाई हुई। अपील में एमपी एमएलए कोर्ट की ओर से जारी समन को चुनौती दी गई है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की कोर्ट ने प्रारंभिक सुनवाई के बाद एमपी एमएलए भोपाल कोर्ट से मामले से जुड़ा रिकॉर्ड तलब किया है । केस की मौजूदा स्थिति जानने के लिए सभी आर्डर कापी भी मांगी हैं। कोर्ट ने



कार्तिकेय सिंह चौहान को नोटिस जारी करते हुए दो सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए है। अगली सुनवाई अब 4 मई को होगी।

राहुल गांधी ने याचिका में भाजपा नेता शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान द्वारा दायर मानहानि केस को चुनौती दी है। कार्तिकेय सिंह ने एमपीएमएलए कोर्ट में मानहानि का केस दायर कर कहा है कि 2018 में राहुल कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। उस समय झाबुआ में हुई चुनावी सभा में राहुल गांधी ने एक भाषण के दौरान कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक का जिक्र करते हुए शिवराज सिंह चौहान और उनके बेटे कार्तिकेय का नाम लिया था। राहुल गांधी ने तुलना करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ पर कार्रवाई हुई, लेकिन मध्यप्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। इस बयान को लेकर कार्तिकेय सिंह चौहान ने इसे अपनी छवि को नुकसान पहुंचाने वाला बताते हुए मुकदमा दायर किया है। इसी मामले में राहुल गांधी को समन जारी किया गया था। इसे ही राहुल ने चुनौती दी है।

### हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# क्या छोटी महानदी पुल को बनाया जा सकता है सुरक्षित और यातायात योग्य



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि क्या कटनी स्थित छोटी महानदी पुल की मरम्मत करके इसे सुरक्षित और यातायात योग्य बनाया जा सकता है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस मामले में कलेक्टर कटनी, जल संसाधन विभाग व अन्य से जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि यदि मरम्मत संभव नहीं है तो क्या राज्य सरकार द्वारा कोई वैकल्पिक मार्ग प्रस्तावित किया जा रहा है।अगली सुनवाई 12 मई को होगी। कटनी निवासी ब्रम्हमूर्ति तिवारी की ओर से अधिवक्ता हिमांशु मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि पुल की हालत उद्घाटन के 8 से 10 वर्षों के भीतर ही खराब हो गई है। यह पुल नदी के दोनों किनारों को जोड़ता है और शहर के निवासियों के आवागमन के लिए महत्वपूर्ण है। जिन्हें अब नदी पार करने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। मांग की गई कि छोटी महानदी पुल की मरम्मत और जीर्णोद्धार कराया जाए ताकि इसे सुरक्षित और यातायात योग्य स्थिति में लाया जा सके।

# अवैध संबंध के शक पर हत्या करने वाले को 10 वर्ष का कारावास

**जबलपुर।** जिला अदालत ने अवैध संबंध के शक में युवक पर चाकू से हमला कर युवक की हत्या करने वाले आरोपी लार्डगंज थाना क्षेत्र निवासी अमन साहू को दोषी करार दिया है। प्रधान जिला न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्रा की अदालत ने आरोपी अमन साहू को 10 वर्ष के कारावास व 10 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। अदालत के समक्ष विशेष लोक अभियोजक मनीषा दुबे ने पक्ष रखा। कोर्ट को बताया कि आठ जुलाई, 2022 की रात्रि करीब पौने बारह बजे लार्डगंज क्षेत्र में अमन साहू नामक युवक ने अवैध संबंध के संदेह को लेकर शैलेन्द्र रैकवार पर चाकू से हमला किया था। जिससे शैलेन्द्र को गंभीर चोटे आई थी, जिस वक्त वारदात हुई, उस दौरान कुछ युवक वहां मौजूद थे। पुलिस ने अनिकेत उर्फ अंकित चौरसिया की सूचना पर प्रकरण दर्ज किया था। घायल शैलेन्द्र रैकवार मेडिकल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। लार्डगंज पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। विचारण दौरान पेश किये गये साक्ष्यों व गवाहों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी अमन साहू को उक्त सजा सुनाई।

**वारदात : कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखा रहे अपराधी**

# पाटन, बरेला और मदनमहल में गोली चली, 2 घायल

हरिभूमि जबलपुर।

शहर की कानून व्यवस्था चौपट हो गई। बदमाशों में पुलिस का खौफ नहीं रहा। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले के तीन थाना क्षेत्र में गोली चलने की तीन वारदातें सामने आई हैं। पाटन की नुनसर चौकी, बरेला और मदनमहल थाना क्षेत्र में प्रापर्टी विवाद को लेकर बंदूके व पिस्टल से फायर की घटनाओं में 2 युवक घायल हो गए है। घायलों में कोर्ट में मुंशी का काम करने वाला आगासौद निवासी युवक भी शामिल है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## आंख में मिर्ची झोंककर गोली दागी

पाटन थाने की नुनसर चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सूखा लक्ष्मी मंदिर के सामने माढ़ोताल निवासी कोर्ट में मुंशी का काम करने वाले 45 वर्षीय ठाकुर दास पटेल कल शाम लगभग 7.30 बजे अपने खेत आगासौद से ग्राम सूखा की तरफ आ रहा था तभी ग्राम बेनीखेड़ा के रोशनी वेयर हाउस के पास उसके पहचान का ग्राम लुहारी निवासी वंदना काछी ने हाथ देकर रास्ता रोका तथा उसके चेहरे पर मिर्ची पावडर झोंक दिया वह हडबड़ा कर गिर गया उसके बाद गोपाल काछी, ठक्कू उर्फ ठाकुर प्रसाद, दीपक काछी, अर्जुन पटैल, ब्रजलाल पटैल एवं सिद्धार्थ दुबे ने प्रापर्टी विवाद पर मारपीट कर दी। उसके बाद उनमें से ही किसी ने जान से मारने की नीयत से उस पर बंदूक से फायर कर दिया, जिससे गोली उसके पेट एवं गले में लग गई। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सातों आरोपियों के विरूद्ध धारा 126(1), 191(1), 191(3), 109(1) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## स्कार्पियो सवार फायरिंग कर भागे

इसी तरह बरेला में ग्राम महगवां निवासी 21 वर्षीय डेकोरेटर कपिल कुमार लोधी कल रात लगभग 8.20 बजे अपने ममेरी बहन के लगुन समारोह में परिजनों व रिश्तेदारों के साथ जा रहा था तभी रास्ते में ग्राम पड़तला चौराहे के आगे ग्राम पड़वार रोड पर एक काले रंग की स्कार्पियो कार रूकी जिसमे से जमुनिया निवासी नितिन मिश्रा उतरा और गालीगलौज करते हुए वही पर खड़े ग्राम परतला निवासी मनीष पटेल के साथ मारपीट कर उसे घसीटकर जबरदस्ती कार में बैठाने लगा। उसी समय नरेश पटैल बीच बचाव करने आया तो मनीष पटेल हाथ छुड़ाकर गांव तरफ भागा इसी बीच नितिन मिश्रा ने कमर से पिस्टल निकाली और हवाई फायर कर दिया जिससे गोली मनीष को न लगते हुए कमलेश उर्फ पंकज लोधी को लग गई जिससे वह बेहोश हो गया। गोली चलाने के बाद नितिन मिश्रा और नितिन के साथी पड़वार तरफ भाग गये। घायल को उपचार के लिए मेट्रो अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 109(1), 3(5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## माली मोहल्ला में हवाई फायर

इसी तरह एक अन्य वारदात में मदनमहल थाना अतंर्गत रानीपुर माली मोहल्ला में प्रापर्टी विवाद और पार्टी करने के लिए रुपए की मांग कर तीन बदमाशों ने विवाद कर हवाई फायर कर जान से मारने की धमकी दी। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रानीपुर माली मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय प्रापर्टी डीलर सचिव सैनी गत रात लगभग 12.45 बजे अपने साथी लकी मिश्रा, संतू पटैल, पीयूष सोनी, आकाश उर्फ छुट्टू तथा गणेश यादव एवं राजेन्द्र पटेल उर्फ बंटी के साथ अपने चाचा दीपचंद सोनी के निर्माणाधीन मकान में पार्टी कर रहा था उसी समय दुर्गेश पंडा अपने साथी नयन डेहरिया, हर्ष यादव, श्रीकांत राय के साथ मकान में घुसा और प्रापर्टी विवाद और पार्टी करने के लिये 2 हजार रूपये की मांग करते हुए गालीगलौज व विवाद करने लगे। आरोपी हर्ष यादव ने मकान के अंदर ही पिस्टल निकालकर हवाई फायर कर दिया और पुलिस में रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 329(4), 296(ए), 119(1), 125, 351(2), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




Terms and Conditions applied. #5% Instant Cashback up to Rs. 5000 is available on all HMSI models for EMI transactions made using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 6 months & above). #Instant Cashback of up to Rs. 4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of Rs. 40000 (Tenure 9 months & above). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th April 2026. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th April 2026. The feature shown in the creative may not be available in all variants. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

डीलर विवरण के लिए QR कोड स्कैन करें

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships:** **JABALPUR:** Sahil Honda - 7771003865; Frontier Honda - 8226001881; Sahil Honda (Madan Mahal) - 7771003899; Sai Honda (Gadasarai) - 9926360842; SKR Honda (Sihora) - 9977448009; Sonico Honda (Dindori) - 9424508485; MP Sahu Honda (Shahpura Dindori) - 9753156094; Balaji Honda (Barela) - 8602391415; J P Honda (Bargi) - 9399374447; Sai Honda (Dhanpuri) - 8319138424; Shri Honda (Gosalpur) - 9732235782; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **CHHATARPUR:** Namostu Honda - 9407184511; Krishna Honda - 8819966966; Namostu Honda (Badamalera) - 8839039161; KGN Automobiles (Luv Kush Nagar) - 7582807444; Sanvi Honda (Maharajpur) - 9907605858; **MANDLA:** Rajul Honda - 7642260711; **NARSINGHPUR:** Amisha Honda - 9425815655; Amisha Honda (Gadarwara) - 9425815655; Sudeep Honda (Kareli) - 8989252525; Amisha Honda (Rajmarg) - 9425815655; Amisha Honda (Kareli) - 9425815655; **SHAHDOL:** Utsav Honda - 8349283655; G L Honda (Umariya) - 9329523156; Virasini Honda (Anuppur) - 8770423634; Jay Ambe Honda (Kotma) - 9300416285; Keshav Honda (Beohari) - 9425887009; Gautam Honda (Burhar) - 9425182213; Hindustan Honda (Pali) - 9302180568; **KATNI:** Shri Sahil Honda - 9425156978; Jaishree Honda (Barhi) - 9009705200; Shri Shambhu Automobiles (Vijayraghavgarh) - 7987061672; JCM Aman Motors (Bilahri) - 7566056605; SK Motors (Bahoriband) - 7974267080; Murli Motors (Sleemnabad) - 7999077781; Quadri Honda (Umaria Pan) - 9074210324; **SATNA:** Krishna Honda - 9109078717; Eagle Honda - 7583808564; Krishna Honda (Chitrakoot) - 9907004730; Krishna Honda (Nagod) - 9179700769; Eagle Honda (Kotar) - 7583808564; Deepak Honda (Ramnagar) - 9098804444; Maa Durga Honda (Rampur Baghelan) - 9425887633; Abhishek Honda (Amarpatan) - 9993676313; **SIDHI:** Laxmipati Honda - 9826540577; Laxmipati Honda (Rampur Naikan) - 8349790577; Laxmipati Honda (Madwas) - 7049822719; Shubham Honda (Bahari) - 7415825564; **REWA:** Rewa Maa Honda - 7400980721; Baikunthpur Honda (Baikunthpur) - 9340729825; N.K. Honda (Hanumana) - 8871924845, N.K. Honda (Khatkhari) - 8305168016, N.K. Honda (Gurh Road) - 7694018005, N.K. Honda (Mauganj) - 7694018005; Rewa Maa Honda (university Road) -7400980721; Rewa Maa Honda (Lalgaon) - 8982388380; Dev Wheels Honda (Mauganj) - 9685226689; M.R. Honda (Mangawan) - 9977095984; Prince Honda (Semariya) - 993885882; Pushpendra Honda (Garh) - 9419566621; **PANNA:** Selection Honda (Panna) - 6260262091; Selection Honda (Amanganj) - 9131955892; Selection Honda (Pawai) - 6260262091; **WAIDHAN:** Agrasen Honda - 7049925591; Agrasen Honda (Mada) - 6261605785; Agrasen Honda (Dudmania) - 9425161696; **BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **TIKAMGARH:** Arjav Honda - 9806223193; Dhanushdhari Honda (Khargapur) - 9826264954; Ram Ji Honda (Palera) - 9560855084; Jainam Honda (Prithvipur) - 9713029419; Shanti Traders (Jatara) - 8871205164; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240